रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 28 अक्टूबर 2020 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 69 मूल्य 3.00 ₹

# केन्द्र का कानून पूंजीपतियों के लिए, हमारा संशोधन किसानों के हक में : भूपेश बघेल

## किसानों के हित में मंडी संशोधन अधिनियम 2020 पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने बड़े ही तार्किक ढंग से रखी अपनी बात

**पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर**
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंगलवार को विधानसभा के विशेष सत्र में छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी (संशोधन) विधेयक 2020 पर चर्चा करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा लाया गया नया कृषि कानून किसानों के लिए नहीं, बल्कि पूंजीपतियों को लाभ देने वाला है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार एक राष्ट्र-एक बाजार की दुहाई देती है। जब एक राष्ट्र-एक बाजार है, तो कीमत भी एक होनी चाहिए। यदि केन्द्र सरकार एक राष्ट्र-एक बाजार-एक कीमत की व्यवस्था लागू कर दें, तो हमें कानून में संशोधन करने की जरूरत ही नहीं पड़ती। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में तीन नये कानून बनाकर केन्द्र सरकार पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाना चाहती है। केन्द्र सरकार का कानून किसानों को ठगने वाला कानून है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के नए कानूनों से किसानों के मन में संशय पैदा हो गया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार को इस बात की गारंटी देनी चाहिए कि किसानों के उपज को कोई भी समर्थन मूल्य से नीचे नहीं खरीदेगा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सदन में केन्द्र सरकार द्वारा पारित तीनों कृषि कानूनों की खामियों की जमकर आलोचना की और कहा कि हम अपने किसानों के हितों को सुरक्षित रखना चाहते हैं, छत्तीसगढ़ के व्यापार को सुरक्षित रखना चाहते है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोग ➢शेष पेज 8 पर

## राजनीतिक लाभ के लिए ला रहे विधेयक



डॉ. रमन सिंह के साथ तमाम भाजपा विधायक राज्य सरकार के संशोधन विधेयक का विरोध करते दिखे। विशेष सत्र में संसदीय कार्य और कृषि मंत्री रविंद्र चौबे ने छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी संशोधन विधेयक को पेश कर दिया। विपक्ष को कानून में इस बदलाव पर आपत्ति है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा कि यह संशोधन किसी भी हालत में मान्य नहीं हो सकता। न इसके लिए राज्यपाल से अनुमति ली गई और न राष्ट्रपति से इसकी पूर्व मंजूरी ली गई। न तो इसके लिए कोई वित्तीय बजट का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा, यह विधेयक केवल राजनीतिक लाभ के लिए लाया जा रहा है। जवाब में संसदीय कार्य मंत्री रविन्द्र चौबे ने कहा, छत्तीसगढ़ में मंडी संशोधन विधेयक को सदन में पेश किया है, हम केन्द्रीय कृषि कानून में कोई बदलाव नही कर रहे हैं। हम अपने किसानों के लिए छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी संशोधन विधेयक 2020 लेकर आए हैं। विधि मंत्री मोहम्मद अकबर ने सदन में कहा, विधेयक केंद्रीय कृषि संशोधन कानून के खिलाफ नहीं है। कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने कहा, इस विधेयक में विज्ञापन की कोई जरूरत नहीं होगी।

## विधानसभा के विशेष सत्र के पहले दिन सदन में विपक्ष का जोरदार हंगामा

### पेश किया कृषि उपज मंडी संशोधन विधेयक



छत्तीसगढ़ विधानसभा के विशेष सत्र में कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने कृषि उपज मंडी संशोधन विधेयक पेश किया। इससे पहले सदन में दिवंगत नेताओं और पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित दी गई। सदन में कृषि उपज मंडी संशोधन विधेयक पेश होते ही विपक्ष ने हंगामा किया। वहीं कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे चौबे ने कहा कि कोई भी संशोधन केंद्र के कानून के खिलाफ नहीं है। राज्य सरकार अपने संवैधानिक दायरे में रहते हुए ये कानून लेकर आई है। राज्य के किसानों को इसका सीधा लाभ होगा। इधर पूर्व सीएम रमन सिंह ने सदन में कहा विधेयक में वित्तीय ज्ञापन नहीं दिया गया है यह अधूरा है। इसका कोई औचित्य नहीं है. बीजेपी सदस्य बृजमोहन ने कहा कि संविधान अनुरूप ये विधेयक नहीं है. तो वहीं अजय चंद्राकर ने सदन में कहा कि ऐसी स्थिति है कि संशोधन विधेयक को उसी दिन पेश किया और पारित किया जाए। बता दें कि बुधवार को विशेष सत्र के दूसरे दिन विधानसभा में कृषि उपज मंडी संशोधन विधेयक पास होगा. लिहाजा सत्तापक्ष और विपक्ष में एक बार पिर हंगामे के आसार हैं. कृषि कानून को लेकर दोनों पक्षों के बीच नोकझोक देखने को मिलेगी. वहीं खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि कृषि का कानून सरकार बना सकती है,हमने संविधान के तहत छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी संशोधन विधेयक पेश किया। बीजेपी विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि क्या जरूरत पड़ गई कि विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया जा रहा है, कभी ऐसे विषय पर सत्र नहीं हुआ, ऐसी सैंवेधानिक व्यवस्था भी नहीं है। बीजेपी विधायक अजय चंद्राकर ने कहा- नए विधानसभा के शिलान्यास पट्टिका में विधानसभा अध्यक्ष का नाम दो सांसदों के नाम के नीचे लिखा गया. ये विधानसभा अध्यक्ष की अवमानना है.राजनीतिक रूप से सांसद शक्ति शाली हो सकते है, लेकिन विधायिका के भीतर सर्वोच्च है।

विस्तृत पेज 2 पर पढ़े

## क्विक न्यूज

### कोरोना मृत्यु दर में लगातार गिरावट जारी : स्वास्थ्य मंत्रालय

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार मंत्रालय ने आज कहा कि देश में कोरोना मृत्यु दर में लगातार गिरावट जारी है, जो एक अच्छा संकेत है। स्वास्थ्य मंत्रालय की मंगलवार को हुई नियमित प्रेस ब्रीफिंग में स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने कहा कि एक सितंबर को देश में कोरोना मृत्यु दर 1.77 प्रतिशत थी जो सितंबर के मध्य में घटकर 1.64 प्रतिशत और माह के अंत में यह घटकर 1.56 प्रतिशत हो गयी। अक्टूबर के मध्य में यह और गिरावट के साथ 1.52 प्रतिशत पर और 27 अक्टूबर को 1.50 प्रतिशत पर आ गयी।

### हाथरस कांड : सीबीआई जांच सहित सभी पहलुओं की निगरानी हाईकोर्ट करेगा

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के हाथरस में 19 वर्षीया युवती के साथ कथित सामूहिक दुष्कर्म और हत्या मामले की जांच के सभी पहलुओं की निगरानी का जिम्मा मंगलवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय को सौंप दिया। मुख्य न्यायाधीश शरद अरविंद बोबडे, न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी रमासुब्रमण्यम की खंडपीठ ने अपने फैसले में कहा कि मामले की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच सहित सभी पहलुओं की निगरानी इलाहाबाद उच्च न्यायालय करेगा। न्यायालय ने मामले की सुनवाई को उत्तर प्रदेश के बाहर स्थानांतरित करने के मुद्दे को जांच पूरी होने तक फिलहाल 'खुला' रखा है।

### 5 नवंबर को कृषि कानूनों के खिलाफ किसान संगठनों का चक्काजाम

**नयी दिल्ली।** अखिल भारतीय किसान संघर्ष समन्वय समिति (एआईकेएससीसी) ने हाल ही में बने कृषि कानूनों के खिलाफ पांच नवंबर को देश व्यापी चक्का जाम करने का ऐलान किया है। एआईकेएससीसी से जुड़े और इसे समर्थन दे रहे करीब चार सौ किसान संगठनों के प्रतिनिधियों ने आज यहां बैठक की। बैठक में फैसला लिया गया कि पांच नवंबर को चक्का जाम कार्यक्रम के बाद 26 और 27 नवंबर को 'दिल्ली चलो, डेरा डालो, घेरा डालो' आँदोलन के जरिए केन्द्र सरकार पर किसान कानूनों को वापस लेने का दबाव डाला जाएगा।

## विश्व में कोरोना से 11.59 लाख से अधिक लोगों की मौत

**वार्ता ◄ वाशिंगटन/रियो डि जेनेरो**
www.dailypioneer.com

विश्व में कोरोना वायरस (कोविड-19) से 11.59 लाख से अधिक लोगों की मौत हो गई है और संक्रमितों का कुल आंकड़ा 4.34 करोड़ को पार कर गया है।



अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग केन्द्र (सीएसएसई) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार विश्व में कोरोना वायरस से अब तक 43,483,973 लोग संक्रमित हुए हैं और 1,159,397 लोगों की मौत हो गई हैं। इस महामारी से गंभीर रूप से जूझ रहे अमेरिका में संक्रमण से अब तक 2,25,706 लोगों की मौत हो चुकी है और संक्रमितों की संख्या 8,702,750 हो गयी है।

भारत में पिछले 24 घंटों में कोरोना के 36,470 नये मामले आये हैं और संक्रमितों की संख्या बढ़कर 79.46 लाख से अधिक हो गयी है। इसी अवधि में 63,842 लोगों ने कोरोना को मात दी है और इसे मिलाकर देश में अब तक 72.01 लाख लोग कोरोनामुक्त हो चुके हैं। नये मामलों की तुलना में स्वस्थ होने वालों की संख्या अधिक होने से सक्रिय मामले 27,860 घटकर 6,25,857 रह गये हैं। इस दौरान 488 कोरोना संक्रमितों की मौत हुई और इस संख्या को मिलाकर अब तक 1,19,502 लोगों की कोरोना से मौत हो चुकी है।

ब्राजील में कोरोना वायरस की चपेट में आने वाले लोगों की संख्या 54.09 लाख से अधिक हो गयी है और करीब 1.57 लाख से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। रूस में कोरोना से संक्रमित होने वालों की संख्या 15.20 लाख से अधिक हो गई है और अब तक 26,092 लोगों ने जान गंवाई है। फ्रांस में इसकी चपेट में अब तक 12.09 लाख से अधिक लोग आए हैं तथा 35,052 लोगों की मृत्यु हुई है। अर्जेंटीना में कोविड-19 से अब तक 11.02 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं तथा 29,301 लोगों की मौत हो चुकी है। स्पेन में इस महामारी की चपेट में अब तक 10.98 से अधिक लोग आए हैं तथा 35,031 लोगों की मौत हुई है। कोलंबिया में इस जानलेवा वायरस से अब तक 10.25 लाख से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं तथा 30,348 लोगों ने जान गंवाई है। ब्रिटेन में कोरोना से अब तक 857,043 लोग संक्रमित हुए हैं तथा 44,835 लोगों की मौत हुई है।

## मुंबई में आतंकी हमले की आशंका, पुलिस प्रशासन अलर्ट, ड्रोन उड़ाने पर लगाई रोक

**मुंबई (एजेंसी)।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में त्योहारों के दौरान आतंकी हमले का अलर्ट जारी किया गया है. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मुंबई में आतंकी एक बार फिर बड़े हमले कर सकते हैं, जिसे लेकर मुंबई पुलिस अलर्ट पर है. और हमले की आशंका को देखते हुए पूरे शहर में ड्रोन उड़ाने पर रोक लगा दी गई है।

बताया जा रहा है कि आतंकी भीड़भाल वाले इलाकें में रिमोट से कंट्रोल किए जाने वाले एयरक्राफ्ट या एयर मिसाइल के जरिए हमला कर सकते हैं. वहीं रक्षा विशेषज्ञ को भी मानना है कि वर्तमान समय में पाकिस्तान और आतंकी संगठन न केवल राजनीतिक अस्थिरता, बल्कि त्योहारों में बाधा डालने के लिए किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं। सूत्रों की ओर से जानकारी मिल रही है कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ने भारत में हमलों की जिम्मेदारी आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद और अल-बद्र को दी है. इन संगठनों के आतंकियों को विशेष ट्रेनिंग देकर रावलकोट, खुईरट्टा, समानी और सियालकोट के लांच पैड्स पर भेज दिया गया है।

## बिहार में बदलाव के लिए महागठबंधन की जीत जरूरी : सोनिया गांधी

**वार्ता ◄ नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com



कांग्रेस अध्यक्षा सोनिया गांधी ने बिहार विधानसभा चुनाव में परिवर्तन को जरूरी बताते हुए राज्य में बदलाव लाने के लिए जनता से महागठबंधन को सत्ता सौंपने की अपील की है। श्रीमती गांधी ने मंगलवार को बिहार की जनता के नाम यहां जारी एक वीडियो सन्देश में कहा कि बिहार सरकार लक्ष्य से भटक गई है जिससे मज़दूर, किसान परेशान और नौजवान निराश है। अर्थव्यवस्था नाजुक होने के कारण राज्य के दलित और महादलित बदहाली की कगार पर पहुंच गए है।

कांग्रेस महागठबंधन को बिहार की जनता की पुकार और आवाज करार देते हुए दिल्ली और बिहार की सरकार को उन्होंने 'बंदी सरकारें' बताया और कहा कि ये सरकार जनता को नोटबंदी, तालाबंदी, व्यापारबंदी, आर्थिकबंदी, खेत-खलिहान बंदी, रोटी-रोजगार बंदी के सिवा कुछ नही दे रही है इसलिए इस चुनाव में बिहार में बदलाव आवश्यक हो गया है।

उन्होंने कहा कि बिहार की इस बंदी सरकार के खिलाफ - अगली नस्ल और अगली फसल के लिए, एक नए बिहार के निर्माण के लिए, बिहार की जनता तैयार है। अब बदलाव की बयार है। क्योंकि बदलाव जोश है, ऊर्जा है, नई सोच है और शक्ति है। अब नई इबारत लिखने का समय आ गया है।

## बेका समझौता महत्वपूर्ण उपलब्धि : राजनाथ सिंह

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिका के साथ बेसिक एक्सचेंज एंड कॉपरेशन (बेका) समझौते को महत्वपूर्ण उपलब्धि करार देते हुए आज कहा कि इससे दोनों देशों के बीच रक्षा संबंधों को और मजबूती मिलेगी। दोनों देशों के रक्षा और विदेश मंत्रियों के बीच मंगलवार को यहां तीसरे टू प्लस टू संवाद के दौरान इस समझौते पर हस्ताक्षर किये गये। अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पियो तथा रक्षा मंत्री मार्क एस्पर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा विदेश मंत्री एस जयशंकर की मौजूदगी में समझौते पर हस्ताक्षर किये गये।



श्री सिंह ने बाद में इसे महत्वपूर्ण उपलब्धि करार देते हुए कहा कि वर्ष 2016 में लेमोआ और 2018 में कोमकासा समझौतों पर हस्ताक्षर के बाद यह समझौता इस दिशा में बड़ा कदम है। रक्षा मंत्री ने कहा कि इसके अलावा बातचीत में इस बात पर सहमति बनी है कि भारत और अमेरिका एक दूसरे के रक्षा प्रतिष्ठानों पर जरूरत के अनुसार लायजन अधिकारियों को भेजेंगे। इससे जानकारी का आदान प्रदान बढेगा । उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि दोनों देशों का सैन्य सहयोग बेहतर तरीके से प्रगति कर रहा है।

## टू प्लस टू संवाद भारत-अमेरिका समग्र वैश्विक रणनीतिक साझीदारी का वास्तविक दर्पण : जयशंकर

**वार्ता ◄ नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com



विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने भारत एवं अमेरिका के बीच रणनीतिक साझीदारी के प्रमुख स्तंभ टू प्लस टू संवाद की तीसरी बैठक को हिन्द प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता, सुरक्षा, नियम आधारित एवं नौवहन की स्वतंत्रता के लिए महत्वपूर्ण और अत्यंत रचनात्मक करार दिया है। डॉ. जयशंकर ने यहां रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोम्पियो और अमेरिकी रक्षा मंत्री मार्क एस्पर के साथ टू प्लस टू वार्षिक बैठक में भाग लेने के बाद अपने वक्तव्य में कहा कि टू प्लस टू संवाद हमारी समग्र एवं वैश्विक रणनीतिक साझीदारी का वास्तविक दर्पण है। आज की बैठक में श्री पोम्पियो के साथ उनकी विदेश नीति से जुड़े तमाम मुद्दों पर बहुत उपयोगी बातचीत हुई है। बीते कुछ वर्षों में हमारे देशों के संबंधों में बहुत सकारात्मक प्रगति हुई है। राजनीतिक सहमति एवं सहयोग, रक्षा आदान प्रदान एवं व्यापार, आर्थिक संवाद एवं वाणिज्य, विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं नवान्वेषण तथा ऊर्जा सुरक्षा के क्षेत्रों में चहुमुंखी प्रगति हुई है। जनता के बीच संपर्क प्रगाढ़ हुए हैं और शिक्षा एवं पर्यटन के क्षेत्र में आवाजाही बढ़ी है। विदेश मंत्री ने कहा कि श्री पोम्पियो से उनकी बातचीत में कोविड-19 की चुनौतियों से निपटने को लेकर अहम चर्चा हुई है। दोनों का मानना है कि वैक्सीन एवं उनका परीक्षण सामान्य स्थिति की बहाली के लिए महत्वपूर्ण है।

**दोनों केंद्र शासित राज्यों में यह कानून तत्काल होगा लागू**

# कश्मीर में बाहर का निवासी भी जमीन खरीद सकेगा, पर खेती वाली जमीन गैर-खेतीहर को नहीं मिलेगी

**एजेंसी ◄ नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com

केंद्र सरकार ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लिए भूमि कानून से जुड़ा नोटिफिकेशन जारी किया है। अब कश्मीर और लद्दाख में कोई भी भारतीय जमीन खरीद सकेगा। दोनों केंद्र शासित राज्यों में यह कानून तत्काल लागू होगा। अभी तक कश्मीर में जमीन खरीदने के लिए वहां का नागरिक होने की बाध्यता थी। अब यह बाध्यता केंद्र ने खत्म कर दी है। केंद्र ने जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन के तहत यह आदेश जारी किया है।



**उमर ने किया फैसले का विरोध**

नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने केंद्र के इस फैसले का विरोध किया है। उन्होंने एक ट्वीट किया। इसमें लिखा- जम्मू-कश्मीर के भूमि कानूनों जो बदलाव किया गया है, वह स्वीकार नहीं किया जा सकता है। अब कश्मीर की सेल चालू होगी और छोटे जमीन मालिकों को तकलीफ होगी।

### पहले क्या था कानून?

जम्मू-कश्मीर में पिछले साल अगस्त में अनुच्छेद 370 और 35-ए हटने से पहले ऐसा व्यक्ति अचल संपत्ति नहीं खरीद सकता था, जो जम्मू-कश्मीर का निवासी ना हो।

### अब क्या बदलाव हुआ?

अब केंद्र ने भूमि खरीदी से जुड़े कानूनों में बदलाव किया है। इससे जम्मू-कश्मीर के बाहर का निवासी भी यहां जमीन खरीद सकता है। हालांकि, खेती वाली जमीन खरीदने में सरकार ने एक बंदिश रखी है। केंद्र ने बताया कि खेती वाली जमीन किसी गैर-खेतीहर व्यक्ति को नहीं ट्रांसफर की जा सकेगी। हालांकि, खेती वाली जमीन गैर-कृषि कार्यों के लिए दी जा सके, इसके लिए कुछ छूट दी गई हैं। जैसे कि खेती की जमीन पर एजुकेशनल इंस्टीट्यूट या फिर हेल्थ केयर सेंटर बनाना।

## भारत-अमेरिका ने किये बेका समझौते पर हस्ताक्षर

**वार्ता ◄ नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com

पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ चल रहे सैन्य गतिरोध के बीच भारत और अमेरिका ने आज यहां रक्षा क्षेत्र में सहयोग को और अधिक बढाने के लिए एक महत्वपूर्ण समझौते बेसिक एक्सचेंज एंड कोऑपरेशन एग्रीमेंट (बेका) पर हस्ताक्षर किये जिसके तहत भारत को अमेरिकी उपग्रहों से अतिसंवेदनशील सैन्य डाटा प्राप्त हो सकेंगे। दोनों देशों के रक्षा और विदेश मंत्रियों के बीच मंगलवार को यहां तीसरे मंत्री स्तरीय टू प्लस टू संवाद के दौरान इस समझौते पर हस्ताक्षर किये गये।

समझौते पर हस्ताक्षर के दौरान अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पियो तथा रक्षा मंत्री मार्क एस्पर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर मौजूद थे। रक्षा मंत्री श्री सिंह ने अमेरिका के साथ बेका समझौते को महत्वपूर्ण उपलब्धि करार देते हुए कहा कि वर्ष



2016 में लेमोआ और 2018 में कोमकासा समझौतों पर हस्ताक्षर के बाद यह समझौता इस दिशा में बड़ा कदम है।

पिछले करीब दो दशकों में बेका, दोनों देशों के बीच चौथा रक्षा सहयोग समझौता है। इस समझौते के तहत भारत को अमेरिकी उपग्रहों से सटीक आंकड़े और फोटो मिलना शुरू हो जायेंगे। दोनों देश मानचित्रों, नॉटिकल और एरोनॉटिकल चार्टों, जियो फिजिकल और जियो मेगनेटिक आंकड़ों का आदान प्रदान कर सकेंगे। इससे सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि भारत दुश्मन के सैन्य लक्ष्यों पर एकदम सटीक निशाना लगा सकेगा। पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पिछले पांच महीने से चले आ रहे सैन्य गतिरोध के मद्देनजर इस समझौते को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस समझौते से भारतीय नौसेना को भी हिन्द महासागर में चीनी नौसेना की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने में मदद मिलेगी। सूत्रों के अनुसार बैठक में लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर भारत एवं चीन की सेनाओं के बीच गतिरोध की स्थिति पर भी चर्चा हुई। रक्षा मंत्री श्री सिंह ने अपने आरंभिक उद्बोधन में इसका उल्लेख भी किया। अमेरिकी दूतावास द्वारा जारी बयान के अनुसार श्री सिंह ने रक्षा क्षेत्र में चुनौतियों का उल्लेख करते हुए भारत की उत्तरी सीमा पर चीनी सेनाओं के अतिक्रमण का मामला उठाया।

बाद में श्री पोम्पियो ने अपने वक्तव्य में कहा कि अमेरिका भारत के समक्ष उसकी संप्रभुता एवं आजादी के खतरों से मुकाबले में उसके साथ दृढ़ता से खड़ा है।

# भू-जल संरक्षण के लिए वन क्षेत्रों के नालों में काफी तादाद में हो रहे कार्य : अकबर

## कैम्पा मद की वार्षिक कार्ययोजना 2019-20 के तहत 12.57 लाख संरचनाओं का निर्माण प्रगति पर

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



वन मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में राज्य के वन क्षेत्रों में स्थित नालों में कैम्पा मद की वार्षिक कार्ययोजना 2019-20 के तहत 12 लाख 56 हजार 990 संरचनाओं का निर्माण तीव्र गति से जारी है। इनमें से अब तक 10 लाख 77 हजार 382 संरचनाओं का निर्माण पूर्ण हो चुका है।

वन मंत्री अकबर ने बताया कि लगभग 160 करोड़ रूपए की राशि से 137 नालों में निर्माण हो रहे इन संरचनाओं के पूर्ण होने पर 4 लाख 25 हजार हेक्टेयर भूमि उपचारित होगी। इसमें वन क्षेत्रों के नालों में भू-जल संरक्षण कार्य के लिए लूज बोल्डर चेकडेम, बोल्डर चेकडेम, ब्रशवुड चेकडेम, कंटूर ट्रेंच, परलोकेशन ट्रेन्च, अर्दन डेम, चेकडेम,एनीकट, स्टापडेम तथा गेबियन आदि संरचनाओं का काफी तादाद में निर्माण किया जा रहा है। इससे एक ओर वन भूमि के क्षरण को रोका जा सकेगा, वहीं दूसरी ओर जल भंडार में वृद्धि की जा सकेगी। वन क्षेत्रों में जल भंडार की पर्याप्त उपलब्धता से वन्य जीवों को उनके रहवास क्षेत्र में ही चारा-पानी उपलब्ध होगा, जिससे वे आबादी क्षेत्रों की ओर आकर्षित नहीं होंगे। इसके साथ ही वनों के आसपास के ग्रामीणों तथा कृषकों को पेयजल तथा सिंचाई के साधन विकसित करने में मदद मिलेगी।

इस संबंध में कैम्पा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी व्ही.श्रीनिवास राव ने बताया कि कैम्पा की वार्षिक कार्ययोजना 2019-20 के तहत राज्य के वन क्षेत्रों में स्थित नालों में निर्माणाधीन 12.57 लाख संरचनाओं में से अब तक स्टॉपडेम, कंटूर ट्रेन्च, बी.जी.पी. तथा वाटरहोल्स निर्माण के कार्य को शत्-प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। इसके तहत 549 स्टॉपडेम, 8 हजार 214 कंटूर ट्रेन्च, 15 बी.जी.पी. और 34 वाटरहोल्स का निर्माण विभिन्न नालों में किया गया है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा 8 हजार 388 ब्रशवुड चेकडेम में से 5 हजार 438 तथा 2 हजार 684 अर्दन गली प्लग (ई.जी.पी.) में से 861 और 30 हजार 569 लूज बोल्डर चेकडेम में से 23 हजार 399 का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। इसी तरह एक हजार 806 गेबियन संरचना में से 699 तथा 667 चेकडेम में से 117 और 229 अर्दन डेम में से 132 अर्दन डेम का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। अब तक 43 डाइक में से 25 तथा 148 परकोलेशन टैंक में से 122 और 168 डबरी में से 104 डबरी का निर्माण पूर्ण हो चुका है। इसके अलावा 11 लाख 77 हजार 937 सीसीटी में से 10 लाख 37 हजार 210 तथा 116 वाटर एब्जार्पशन टेन्क में से 27 और 396 नग 30-40 मॉडल में से 391 मॉडल का निर्माण पूर्ण हो चुका है।

### भाजपा जांच समिति के सदस्यों ने किसानों के आत्महत्या के मामले को लेकर राज्यपाल को सौंपी 9 बिंदुओं की जांच रिपोर्ट

**रायपुर।** किसानों के आत्महत्या के मामले को लेकर भाजपा जांच समिति के सदस्यों ने मंगलवार को राज्यपाल से मुलकात की। जांच समिति ने राज्यपाल को 9 बिंदुओं का सुझाव रिपोर्ट सौपा है, साथ ही पीड़ित परिवार को 25 लाख का मुआवजा और सरकारी नौकरी देने की मांग की है। वहीं, जांच समिति के सादस्यों ने किसान मुद्दे को लेकर आगे भी लड़ाई लड़ने का ऐलान किया है और चेतावनी देते कहा हे कि सरकार ने हमारी मांगे नहीं सुनी तो हम खेत सत्याग्रह करेंगे। छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के अध्यक्ष श्रीचंद सुंदरानी के लिए अपमाजनक व जाति सूचक टिप्पणी करने पर समाजजनों ने FIR दर्ज करने दिया आवेदन उन्होंने मांग की है कि पीड़ित परिवार को 25 लाख का मुआवजा और सरकारी नौकरी दिया जाए। 1 नवंबर से धान खरीदी शुरू किया जाए। घटिया बीज और कीटनाशक आपूर्ति करने वालों पर कार्रवाई हो। गौरतलब है कि बीते दिनों गोबरा-नवापारा और नंदिनी में दो किसानों ने खुदकुशी कर ली थी। हालांकि किसानों की मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।

# अज्ञात शव और हत्या मामले का हुआ खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com




राजधानी के थाना खमतराई क्षेत्र के अंतर्गत जेड एम सी रिसिंस एण्ड पॉली मेयर्स फैक्ट्री पास हुए हत्याकाण्ड मामले का आज हुआ खुलासा और इस हत्या में शामिल दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ये पूरा मामला जेड एम सी रिसिंस एण्ड पॉली मेयर्स फैक्ट्री के पास रोड किनारे एक अज्ञात व्यक्ति उम्र करीबन 30-35 साल का शव पड़ा हुआ है। जिस पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल घटना स्थल जाकर देखने पर एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ था तथा मृतक के शरीर पर किसी चाकू जैसे हथियार से मारने का निशान था एवं शरीर पर खून लगा हुआ था, जिससे यह प्रतीत हो रहा था कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मृतक के शरीर पर किसी हथियार से वार कर उसकी हत्या कर दिया गया है। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना खमतराई में अपराध क्रमांक 519/20 धारा 302, 34 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपियों ने मृतक की हत्या कर उसका मोबाईल फोन ले गए थे जिससे पुलिस को उन तक पहुंचने में सुविधा हुई। आरोपी तोरण चन्द्राकर थाना खमतराई का है निगरानी बदमाश जो थाना खमतराई सहित रायपुर के अलग - अलग थानों से अलग - अलग प्रकरणों में कई बार रह चुका है जेल निरूद्ध। आरोपी शिवम साहू भी रायपुर के थाना गंज सहित दूसरे थानों से अलग - अलग प्रकरणों में कई बार रह चुका है जेल निरूद्ध। हत्या की घटना कारित करने के पूर्व उसी दिन दोनों आरोपियों द्वारा थाना खमतराई क्षेत्र में ही मारपीट की अन्य 02 घटनाओं को दिया गया था अंजाम जिसकी प्राथमिकी है थाना खमतराई में दर्ज। इस मामले में सायबर सेल एवं थाना खमतराई की संयुक्त टीम द्वारा आरोपियों को किया गया गिरफ्तार। घटना को पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय अजय यादव द्वारा गंभीरता से लेते हुये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध, नगर पुलिस अधीक्षक उरला एवं थाना प्रभारी खमतराई को अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर गिरफ्तार करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पूर्व मंत्री महेंद्र बहादुर सिंह के निधन पर गहरा दुःख प्रकट किया

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पूर्व मंत्री महेंद्र बहादुर सिंह के निधन पर गहरा दुःख प्रकट किया है। महेंद्र बहादुर सिंह का बीती रात निधन हो गया। वे मंत्री, सात बार विधायक, राज्यसभा सांसद और छत्तीसगढ़ विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर रहे। मुख्यमंत्री बघेल ने उनके शोकसंतप्त परिवारजनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

# धान की तीसरी किस्त देने एक हजार करोड़ कर्ज लेगी राज्य सरकार



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

किसानों को राजीव किसान न्याय योजना के अंतर्गत धान की शेष राशि की तीसरी किस्त देने के लिए सरकार एक हजार करोड़ कर्ज लेगी। इसके लिए मंगलवार को रिजर्व बैंक राज्य के फिक्स डिपॉजिट की नीलामी करेगा। राज्य स्थापना दिवस पर किसानों को 1500 करोड़ का भुगतान किया जाएगा। राजीव किसान न्याय योजना के अंतर्गत सरकार अब तक किसानों को दो किस्त का भुगतान कर चुकी है। राजीव गांधी की जयंती पर पहली और पुण्यतिथि पर दूसरी किस्त का भुगतान किया गया। अब राज्योत्सव के मौके पर तीसरी किस्त दी जाएगी। दिवाली से पहले किसानों के खाते में राशि पहुंच जाएगी, जिससे वे खरीदी कर सकें। वर्तमान वित्तीय वर्ष में यह तीसरा मौका है, जब सरकार कर्ज लेने जा रही है। दरअसल, राज्य सरकार को जीएसटी क्षतिपूर्ति के रूप में जो चार हजार करोड़ की तीन किस्तें मिलनी थीं, वह अब तक नहीं मिली है। यही वजह है कि सरकार को कर्ज लेने की जरूरत पड़ रही है।

ज्ञात हो कि राज्य सरकार ने किसानों को धान का प्रति क्विंटल 2500 रुपए देने का वादा किया था। न्यूनतम समर्थन मूल्य के बाद शेष राशि के लिए 21 मई को राजीव जयंती पर न्याय योजना शुरू की गई। इसके अंतर्गत 5700 करोड़ का भुगतान किया जाना है। तीन किस्तों में 15-1500 करोड़ रुपए के भुगतान के बाद चौथी किस्त में 1200 करोड़ दिए जाएंगे।

# विधानसभा में अजय चंद्राकर ने पीडब्ल्यूडी मंत्री ताम्रध्वज साहू के खिलाफ विशेषाधिकार की दी सूचना

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

विधानसभा के विशेष सत्र में भाजपा के अजय चंद्राकर ने आसंदी को सूचित किया कि, उन्होने लोक निर्माण विभाग के मंत्री ताम्रध्वज साहू के विरुद्ध विशेषाधिकार हनन की सूचना दी है।



### अजय चंद्राकर ने आसंदी से कहा

'बीते 29 अगस्त को विधानसभा के नए भवन का शिलान्यास हुआ, उसके शिलान्यास पत्थर पर जो नाम जिस क्रम में अंकित किए गए वो क्रम प्रोटोकॉल का उल्लंघन है. जो प्रोटोकॉल के वरियता क्रम है उसमें सांसद 19 वें नंबर पर हैं जबकि अध्यक्ष समेत अन्य इसमें उपर होते हैं'।

### अजय चंद्राकर ने कहा

'भूमिपूजन दो सांसदों द्वारा किया गया, सांसद राजनैतिक रुप से शक्ति शाली हो सकते हैं, लेकिन विधायिका के भीतर अध्यक्ष सर्वोच्च हैं. शिलान्यास पत्थर पर विधानसभा अध्यक्ष का नाम बेहद नीचे था विधानसभा की व्यवस्था की अवमानना है. पीडब्ल्यूडी मंत्री के विरुद्ध विशेषाधिकार हनन की सूचना मैने दी है।

### इस पर अध्यक्ष चरणदास महंत ने कहा

'मैने आपका विशेषाधिकार हनन की सूचना विचारार्थ रखी है. मैं उस पर व्यवस्था दूँगा'।

# फैशन डिजाइनिंग की फ्री डेमो क्लास देगा कृति ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

फैशन डिजाइनिंग आज के समय में अधिकतर युवाओं की पहली पसंद बनता जा रहा है। यह एक क्रिएटिव क्षेत्र होने के कारण आप यहां पर अपने नए-नए आईडियाज को आसानी से एक्सप्लोर कर सकते हैं। इतना ही नहीं, यह क्षेत्र में आपको सफलता के साथ नाम व शोहरत भी दिलाता है। हालांकि इस क्षेत्र में कदम रखने के लिए व्यक्ति में कुछ खास गुण होने चाहिए, जैसे आपका ि एटिव होने के साथ सिलाई की बारीकियां और कपड़ों की बेहतर समझ ताकि आप अपने आईडियाज को बेहतर तरीके से पेश कर सकें। अगर आपमें भी यह गुण है तो आप इस क्षेत्र में कदम रखने के बारे में सोच सकते हैं। पर इस क्षेत्र में कदम रखने के लिए आपकी मूलभूत पढ़ाई बहुत जरूरी है। तो आपके इसी सपने को हकीकत में बदलने के लिए कृति ग्ररुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के अंतर्गत कृति इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन एंड इंटीरियर डिजाइनिंग का विभाग संचालित किया जाता है, जिसमें विभिन्न प्रकार के फैशन से जुड़े कोर्स की शिक्षा दी जाती है। और मौजूदा समय को देखते हुए ऑनलाइन क्लासेस की भी उत्तम सुविधा का भी उत्तम प्रबंध है।

फैशन डिजाइनिंग एक ऐसा पाठ्य म है जहाँ शिक्षा लिख के कम, वास्तिवकता में ज्यादा दी जाती है। तो एक बड़ा सवाल ये उठता है कि क्या फैशन डिजाइनिंग की पड़ाई ऑनलाइन माध्यम से संभव है?

इसी प्रशन का उत्तर लेकर 28 तारिक को कृति समूह एक डेमो क्लास संचालित कर रहा है, जिसके अंतर्गत आप निम्न गूगल लिंक से जुड़ कर सीधे क्लास में प्रवेश कर सकते है। इस डेमो क्लास का मुख्य उदेश्य ये सार्थक करना है कि आप इस मुश्किल की घड़ी में ऑनलाइन मध्यम से भी फैशन की पढ़ाई कर सकते है।

# संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ट्रैक्टर से पहुँचे विधानसभा

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



विकास उपाध्याय आज ट्रैक्टर से विधानसभा पहुँच कर भाजपा के किसान विरोधी चेहरे को बेनकाब करने संदेश दिया है। विकास उपाध्याय के इस तरीके की जबरदस्त प्रभाव देखने को मिला तो पूरे सत्र के असल उद्देश्य को साबित करने भी वे सफल रहे।भूपेश सरकार द्वारा किसानों के हित से जुड़े संसोधित कानून बनाये जाने विधानसभा के विशेष सत्र में प्रस्तुत बिल पर विकास ने बड़ा बयान दिया है और उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की मोदी सरकार के नियत में ही खोट है। यही वजह है कि वह जनविरोधी कई कानूनों को लागू करने सुनियोजित तरीके से वर्षो से ही इसकी भूमिका तैयार कर ली है। इसका ताजा उदाहरण हाल ही में किसानों को लेकर लागू किया गया तीन बिल है।

विकास उपाध्याय ने कहा,विधानसभा में पारित भूपेश सरकार के नए कृषि कानून को अन्ततः राज्यपाल और राष्ट्रपति को मंजूर करना ही प?ेगा। उन्होंने कहा अनुच्छेद 200 के अनुसार राज्य विधानसभा में पारित कानून को राज्यपाल 14 दिनों से ज्यादा लंबित नहीं रख सकता वह स्वीकृति देगा,पुनर्विचार के लिए लौटाएगा या फिर राष्ट्रपति की अनुमति के लिए आरक्षित रखेगा। विकास ने आगे कहा,यदि लौटता है तो राज्य विधानमंडल पुनः उसे पारित कर राज्यपाल को सहमति के लिए भेजेगा एवं राज्यपाल तब सहमति देने बाध्य होगा। यदि राष्टपति के पास राज्यपाल द्वारा आरक्षित कर भेजा जाता है तो राष्टपति राज्यपाल को इस आदेश के साथ वापस करता है कि उसे पुनः विधानसभा में रखा जावे। ऐसी स्थिति में बगैर विधानसभा में भेजे राज्यपाल को अनुमति देना ही पड़ेगा।

विकास उपाध्याय ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार अपने पार्टी हित को ध्यान में रख सत्ता में आते ही संविधान में कई अनावश्यक संशोधन कर पूरे देश की प्रजातंत्र को अपने मुठ्टी में करना शुरू कर दिया। संविधान के 104 वां संशोधन कर असम, मेघालय, मिजोरम, त्रिपुरा के 10 स्वायत परिषद गठित करने की अनुमति दे दी ताकि भाजपा वहाँ सत्ता पर काबिज हो।

GST बिल 3 अगस्त 2016 को पारित होने के बाद इसके संविधान संशोधन में व्यापार, वाणिज्यिक संवर्धन सुविधा शामिल कर किसानों के सरकारी मंडी को केंद्र के दायरे में ले आया एवं कृषि उपादान व्यापार, वाणिज्य विधेयक पिछले साल ही 2019 में पारित करा लिया जिसके चलते पूरे देश का क्या हाल है किसी से छुपा नहीं है। उन्होंने कहा मोदी सरकार 2016 में संविधान के121 वां संशोधन कर न्यापालिका को अपने नियंत्रण में लेने का प्रयास किया जिसे सुप्रीम कोर्ट ने असंवैधानिक करार दे कर खारिज कर दिया।

तीन और ड्रग पैडलर्स गिरफतार, दो महिलाएं और एक पुरूष से जब्त किए लाखों की अफीम एवं डोडा चूरा के साथ 16 लाख रूपये जब्त किए, पूछताछ जारी

# तीन और ड्रग पैडलर्स गिरफतार, दो महिलाएं और एक पुरूष से जब्त किए लाखों की अफीम एवं डोडा चूरा के साथ 16 लाख रूपये जब्त, पूछताछ जारी

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com





राजधानी पुलिस ने आज एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए दो महिला ड्रग पैडलर्स को गिरफतार किया है. इनके नाम शोभा सावलानी निवासी काशीराम नगर तथा किरण चंदानी निवासी सेजबहार थाना मुजगहन बताया जाता है. दोनों महिलाओं से पूछताछ के आधार पर आरोपी सुंदर सिंह संधु को भी गिरफतार किया गया. उसके पास से पुलिस ने 12 किलो अफीम, 44 किलो डोडा चूरा कीमत लगभग 16 लाख रूपये जब्त किए तथा घटना में प्रयुक्त एक्टिवा वाहन एवं मोबाईल फोन जप्त किया गया. आरोपियों के विरूद्ध नारकोटिक्स एक्ट के तहत थाना न्यू राजेन्द्र नगर एवं थाना तेलीबांधा में अपराध दर्ज किया गया है।

पुलिस अधीक्षक अजय यादव ने बताया कि नारकोटिक्स एक्ट के तहत् अपराध पंजीबद्ध किया जाकर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने एक प्रेस कांफ्रेंस करके इसकी जानकारी दी. पुलिस के अनुसार श्याम नगर तेलीबांधा निवासी सुंदर सिंह संधु नामक व्यक्ति अफीक एवं डोडा चूरा लाकर देता है तथा उसके एवं उसकी साथी किरण चंदानी द्वारा मांग के आधार पर ग्राहकों को इसका सप्लाई किया जात है. जिस पर सायबर सेल, थाना न्यू राजेन्द्र नगर एवं थाना तेलीबांधा की टीम के सदस्यों द्वारा श्याम नगर तेलीबांधा में सुंदर सिंह संधु की पतासाजी किया गया एवं सुंदर सिंह को भी पकड़ा गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार यादव के निर्देशानुसार समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को नशे का काला कारोबार करने वाले लोगों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाकर इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में मुखबीर लगाकर लगातार पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर नशे का कारोबार करने वाले कारोबारियों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। इसी तारतम्य में सायबर सेल की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि दो महिलाओं द्वारा मांग के आधार घुम-घुमकर अफीम एवं डोडा चूरा की सप्लाई किया जाता है। सूचना को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा गंभीरता से लेते हुये दोनों महिलाओं को रंगे हाथ पकड़ने के निर्देश देते हुये एक विशेष टीम का गठन किया गया।

टीम द्वारा दोनों महिलाओं को पकड़ने हेतु योजना तैयार किया गया। योजना के अनुसार सायबर सेल व थाना न्यू राजेन्द्र नगर की टीम का एक सदस्य स्वयं ग्राहक बना और महिलाओं से अफीम क्रय करने का सौदा किया गया। सौदे के मुताबिक दोनों महिलाओं द्वारा थाना न्यू राजेन्द्र नगर क्षेत्रांतर्गत मेडिशाईन अस्पताल के पास अफीम को डिलीवर करना तय किया गया। योजना के अनुसार महिलाओं को पकड़ने हेतु ट्रैप पार्टी लगाया गया एवं टीम के सदस्य उक्त स्थान के आसपास छिप गये इसी दौरान जब दोनों महिला एक्टिवा वाहन में सवार होकर अफीम की डिलीवरी देने आये तो उन्हें पुलिस टीम द्वारा अफीम के साथ रंगे हाथ पकड़ा गया। अफीम के संबंध में क?ाई से पूछताछ करने पर शोभा सावलानी द्वारा बताया गया कि उसे श्याम नगर तेलीबांधा निवासी सुंदर सिंह संधु नामक व्यक्ति अफीक एवं डोडा चूरा लाकर देता है तथा उसके एवं उसकी साथी किरण चंदानी द्वारा मांग के आधार पर ग्राहकों को इसका सप्लाई किया गया जाता है।

आरोपी कहां से व किन व्यक्तियों से इतनी मात्रा में अफीम एवं डोडा चूरा लाये हैं के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है। नशे का काला कारोबार करने वाले कारोबारियों के विरूद्ध रायपुर पुलिस का यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# बलदेव फर्नीचर में फर्नीचर खरीदी पर डिस्काउंट के अलावा दीवाली तक विशेष उपहार



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

इस दीवाली में बलदेव फर्नीचर द्वार ग्राहकों के लिए विशेष तैयारी की है संचालक जसविंदर सिंह ने बताया कि हमारी संस्था 38 वर्ष पुरानी है, हमारे यहां सभी प्रकार के स्टील फर्नीचर, मोल्डेड फर्नीचर, होम फर्नीचर, कंप्यूटर फर्नीचर एवं ऑफिस फर्नीचर,बैडरूम सेट, सोफे सेट, डाइनिंग सेट,रैक लाइनर आउटडोर फर्नीचर,शो केश सोफे कम बेड,लॉबी सेट,सेंटर टेबल उपलब्ध है। हमारे यहाँ क्वालिटी का विशेष ध्यान रखा जाता है। इसके अलावा विभिन्न कंपनियों जैसे - गोदरेज के सेफ (लॉकर)फर्नीचर, नीलकमल के फर्नीचर,नीलकमल के गद्धे,पूजा आदि के फर्नीचर भी रखे जाते हैं। समय के साथ-साथ ,नए-नए डिजाइन लोगो की रुचि अनुसार उपलब्ध कराए जाते हैं। गुणवत्ता व सर्विस का विशेष ध्यान रखा जाता है। इस त्योहारों में हमारे यहाँ सभी उत्पादों पर डिस्काउंट के अलावा विशेष उपहार भी दिया जा रहा है।

# पुलिस की सराहनीय पहल मास्क बांटकर कोरोना से बचाव के लिए लोगों को किया जागरूक

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





विजयदशमी के अवसर पर विभिन्न गावो में रावण दहन कार्यक्रम रखा गया, इस बीच बासकोट थाना क्षेत्र अंतर्गत भी रावण दहन कार्यक्रम समिति द्वारा आयोजित किया गया, जहा पुलिस अधीक्षक कोण्डागाँव सिदार्थ तिवारी के निर्देश पर एसडीओपी दीपक मिश्रा सहित बाँसकोट चौकी प्रभारी प्रमोद कतलम दद्वारा रावणभाटा कार्यक्रम स्थल पर पहुँच ग्रामीणों को सोशल डिस्टेंसिंग का पालन व मास्क अनिवार्यता की ध्यान आकर्षित किया । इस बीच दोनो ही स्थल में पुलिस द्वारा मास्क वितरण भी किया गया इस दौरान एसडीओपी दीपक मिश्रा ने बताया कि ग्रामीण अंचलों में बड़े ही धूमधाम से दशहरा मनाया जाता है व रामलीला किया जाता है, एसे में कोरोना संक्रमण के चलते इस वर्ष ये कार्यक्रम छोटे रूप में किया जा रहा है, जहाँ जनप्रतिनिधियों से मुलाकत कर उत्साह के साथ रावण दहन कर बुराई का अंत करे साथ ही अपने ग्राम के विकास और सूरक्षा के लिए हमेशा योगदान देवें । इस बीच समिति ने भी पुलिस के इस सराहनीय पहल की सराहना की इस बीच ग्राम पंचायत मारंगपुरी सरपंच साधुराम व गम्हरी सरपंच हेमंत मरकाम सहित जनप्रतिनिधि व पुलिस अमला साथ रहे।

## शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे, गया जेल

**कोंडागांव।** जिले के धनोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक बार फिर शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है । जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए धनोरा पुलिस के द्वारा आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 25 अक्टूबर शाम को पीड़िता के परिजनों ने फरसगांव थाना जाकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि राजेश नेताम पिता कोसोराम नेताम उम्र 27 वर्ष निवासी बोकराबेड़ा जो शादी का झांसा देकर 1 साल से दोनो के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिसके बाद लड़की है गर्भवती हो गई जब लड़की ने गर्भवती होने के बाद राजेश नेताम को बताया तो शादी करने से इंकार कर दिया फिर लड़की को दबाव बनाकर गर्भपात करवाया। जिसके बाद युवती का तबीयत बिगड़ती देख परिवार वालों ने तत्काल फरसगांव हॉस्पिटल इलाज के लिए ले गए जहां पर डॉक्टरों ने युवती का गर्भवती होकर गर्भपात होना बतलाया। फरसगांव पुलिस ने तत्काल जीरो में रिपोर्ट दर्ज कर धनोरा थाना भेजा गया जहां पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध करते हुए आरोपी के खिलाफ 376 (2) (ढ) और 313 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जिस पर धनोरा पुलिस के द्वारा तत्काल आरोपी को उसके घर ग्राम बोकराबेड़ा से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा।

# निजी स्कूल प्रबंधन द्वारा ट्यूशन फीस के नाम पर की जा रही मोटी रकम की उगाई



पायनियर संवाददाता < कोंडागाँव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव जिला में निजी स्कूलों द्वारा स्कूल की ट्यूशन फीस के नाम पर की जा रही मनमानी की शिकायत लेकर, कोंडागाँव कलेक्टर कार्यालय जनदर्शन में कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीणा के समक्ष गुहार लगाने जिले के निजी स्कूलो में ऑनलाईन पढ़ाई करने वाले बच्चो के पालक व अभिभावक पहुंचे थे।

ज्ञापन सौंपते पालको ने कहा कि जिले में निजी स्कूल प्रबंधन द्वारा ट्यूशन फीस के नाम से मनमानी फीस वसूल की जा रही है। जिला कोंडागाँव में संचालित निजी स्कूलों द्वारा शासन के दिशानिर्देशों व मापदंडो को दरकिनार करते मन माने ढंग से ट्यूशन फीस लिया जा रहा है। बच्चो को केवल वाट्सएप व यूट्यूब के माध्यम से पढ़ा कर किया जा रहा खाना पूर्ति पालको ने कहा कि बच्चों को केवल वॉट्सऐप व यूट्यूब के माध्यम से पढ़ाई की खाना पूर्ति करवाई जा रही है।

वहीं दूसरी ओर कुछ स्कूलों में तो अभिभावकों को फीस का वर्गीकरण कर ट्यूशन फीस ही नहीं बताई जा रही है, क्योंकि इन स्कूलों में ट्यूशन फीस को कुल फीस के ही बराबर कर दिया गया है, बस चार्ज को छोड़ अन्य फीस बढ़ाकर पूरे के पूरे स्लैब में बदलाव कर दिया गया है, साथ ही स्कूल संचालक अभिभावकों को इस संबंध में जानकारी मांगने पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया जाता हैं। कलेक्टर को आवेदन सौपते पालको ने कहा है कि जल्द से जल्द मामले पर जांच कर निजी स्कूल संचालको की मनमानी पर अंकुश लगाया जाए।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा विजय दिवस पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com



प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा विजय दिवस पर्व हर्षोल्लास के साथ नवीन व्यामशाला किरंदुल में मनाया गया। इस पर्व के मुख्य अध्यक्षता श्रम मंत्रालय में फार्मेसिस्ट एवं समाज सेवक गायत्री ग्रामोत्थान सेवा समिति के अध्यक्ष डीपी डेहरिया एवं बौद्धिक प्रमुख जिला प्रकार प्रचारक आदरणीय सुरजीत चौहान की उपस्थिति में हुई। इस बीच स्वयंसेवकों ने आए हुए सभी स्वयं सेवकों का हाथ पैर धुला कर एवं प्रति व्यक्ति 2 गज की दूरी में बैठा कर हाथ सेनीटाइज करते दिखे तत्पश्चात प्रार्थना कर एकल गीत प्रस्तुत किया गया ।इसके बाद अमृतवचन व एकल गीत प्रस्तुति की गई। मुख्य जिला प्रचारक सुरजीत चौहान ने राष्टीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना, समृद्ध ,सशक्त व शक्तिशाली भारत के विस्तृत जानकारी दिया।

राष्ट प्रथम अवधारणा से राष्टीय स्वयंसेवक संघ का निर्माण हुआ। 1965 पाकिस्तान युद्ध के दौरान लाल बहादुर शास्त्री ने संघ को यातायात कमान संभालने एवं कश्मीर के हवाई पट्टी से बर्फ निकालने का कार्य स्वयं सेवकों को दिया ।भारत में कहीं भी प्राकृतिक व मानवीय घटना होने पर जैसे भोपाल गैस त्रासदी ,गुजरात का भूकंप या 1971 ओडिशा का चक्रवर्ती तूफान हो उन्होंने हमेशा निस्वार्थ भाव से सेवा देती रही। आज भारत में अनेक वनवासी कार्यक्रम ,शिक्षा भारती, सरस्वती शिशु मंदिर की स्थापना कर शिक्षा के क्षेत्र में भी अनेक कार्य स्वयंसेवक चला रहे हैं।

## गांजा का अवैध परिवहन करते हुए युवक गिरफ्तार



**जगदलपुर।** नगरनार पुलिस ने एक यूवक को गांजा का अवैध परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया है दरअसल नगरनार पुलिस को मुखबीर द्वारा सूचना मिली कि एक यूवक उड़ीसा से स्कूटी मे जगदलपुर की ओर जा रहा है और साथ में कुछ संदिग्ध मादक पदार्थ भी रखे है सूचना मिलते ही पुलिस ने आमागुड़ा चौक मे नाका बंदी करते हुए वहाँ से गुजरने वाले वाहनों की तलाशी लेना शुरू किया इसी दौरान उड़ीसा की ओर से आ रही स्कूटी क्रमांक od 10 k 5193 को भी रोक कर तलाशी ली गई तो स्कूटी की डिक्की मे 15 किलो गांजा बरामद किया गया जिसकी किमत 75हजार आँकी गई आरोपी का नाम रवि प्रजा उड़ीसा का जयपूर निवासी है तथा आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया तत्काल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मामला एनडीपीएस के तहत दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया।

## राज्य कि भूपेश सरकार को जगाने जगदलपुर के भाजपा पार्षद धनसिंह नायक भूपेश सरकार से मिलने निकले पैदल: दीपेश अरोरा

पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com



राज्य सरकार की वादाखिलाफ़ी को लेकर भारतीय जनता पार्टी के जगदलपुर निगम के जवाहर नगर वार्ड के पार्षद धनसिंह नायक 25 तारीख की शाम को जगदलपुर से रायपुर के लिये पेदल चल कर राज्यपाल को ज्ञापन पत्र देगे, इस बीच पदयात्रा मे सुबह 8 बजे कोन्डागाव पहुचे जहा भाजपा जिलाअध्यक्ष दिपेश अरोरा की अगुवाई मे पार्षद धनीराम का फूलमाला से भाजपा कोन्डागाव के द्वारा स्वागत किया गया। ओर उनके इस भूपेश सरकार वादाखिलाफ के 6 सुत्रीय मांग को लेकर पदयात्रा कि शपथ को लेकर राज्यपाल से मिलकर सोई हुई सरकार को जगाने के लिये अकेले निकलकर जो हिम्मत दिखाई है, उसकी बहुत बहुत सरहाना करते हुवे कहा कि पूरा भाजपा परिवार तुम्हारे साथ कदम से कदम कन्धे से कन्धे मिलाकर खडी है, ओर आने वाले समय मे इस तरह कि पदयात्रा शुरू कर सोई हुई भूपेश सरकार को जगाने के लिये धान खरीदी, शराब बन्दी, बेरोजगारी भत्ता को लेकर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा पदयात्रा शुरू कर भूपेश सरकार के वादाखिलाफ के विरोध मे इस तरह का कदम उठाना पडेगा।

इस स्वागत अभिनंदन मे मुख्यरुप से जितेन्द्र सुराना, मंडल अध्यक्ष जैनेन्द्र ठाकुर, जिला सदस्य बालसिंह बघेल, पार्षद ललीत देवांगन, पार्षद तेज देवांगन, दयाराम पटेल, विमान हलधर, विस्वपती, जयहिन्द आनन्द आदी उपस्थित रहे।

# विधायक रेखचंद जैन की पहल पर शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वाणिज्य संकाय की सीटें बढ़ी

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com



विधायक एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने बस्तर संभाग के सबसे बड़े शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जगदलपुर के वाणिज्य संकाय में छात्रों की बढ़ती संख्या और प्रवेश में आ रही दिक्कत को देखते हुए उच्च शिक्षा विभाग को 20 सीटें बढ़ाने की अनुशंसा करते हुए पत्र दिनांक 20 अक्टूबर को पत्र लिखा था जिस पर उच्च शिक्षा विभाग ने जनहित को ध्यान में रखते हुए 20 सीटों को बढ़ाने की अनुमति प्रदान कर दी है 20 सीटों की इस बढ़ोतरी के बाद शासकीय कातकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वाणिज्य संकाय में कुल सीटों की संख्या 200 हो गई है।

शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सबसे बड़ा कालेज है एवं वर्तमान में वाणिज्य विषय के प्रति छात्रों की रुचि काफी बढ़ी हुई है।

महाविद्यालय में वाणिज्य की 180 सीटें थीं जो छात्रों की रुचि के अनुसार कम पड रही थी एवं बहुत से छात्र छात्राओं को प्रायवेट कालेजों में बहुत ज्यादा फीस देकर पढ़ने को मजबूर होना पड़ रहा था पर अब 200 सीटें होने से छात्र छात्राओं को आसानी से प्रवेश मिल जाएगा।

विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन के इस प्रयास पर छात्र छात्राओं ने उनका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लोकप्रिय एवं संवेदनशील विधायक के इस प्रयास से अब हमें वाणिज्य संकाय में प्रवेश हेतु निजी महाविद्यालयों में ऊंची फीस देकर पढ़ाई नहीं करना पड़ेगा और आसानी से शासकीय कातकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में ही प्रवेश मिल जाएगा।

# जुआ, आईपीएल, सट्टा के खिलाफ युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमित भद्र ने खोला मोर्चा

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com



जिले नगर में धड़ल्ले से चल रहे जुआ आईपीएल सट्टा जैसे गैरकानूनी गतिविधियां तीव्र गति से संचालित की जा रही है, जिसके कारण युवा वर्ग सहित सभी प्रभावित होकर गलत दिशा में भटक रहे हैं, जबकि छग शासन माननीय गृहमंत्री जी द्वारा शक्त आदेश दिया गया है कि किसी भी जिले में इस तरह के गैर कानूनी गतिविधिया किए जाने पर कठोर कार्यवाही किया जाए, जबकि अब तक पुलिस प्रशासन द्वारा छोटी मोटी मामला बना कर खानापूर्ती ही किया जा रहा है, जिले में आईपीएल सट्टा सहित गाँव गाँव मे जुआ खूलेआम खेला जा रहा हैं, जिले के बाहर से भी बड़े पैमाने में जुआ खेलने नारायणपुर आ रहे है खिलाड़ी, पुलिस विभाग के अनदेखी व ठोस कार्यवाही न करने के कारण बड़े जुआड़ियों का हौसला बढ़ता जा रहा है, जिले से बाहर के लोग भी यहाँ अपने आप को सुरक्षा जोन में पाकर लाखो का जुआ खेलने पहुंच रहे है। शहर व गाँवो में रात रात भर बेखौफ होकर जुआ खेला जा रहा हैं, पर किसी भी प्रकार से कोई ठोस कार्यवाही नहीं करने के कारण अब छतीसगढ़ शासन, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं सरकार सहित कांग्रेस की छवि जनता के बीच धूमिल होती जा रही है।

जिसके विरोध में आज युवा कांग्रेस नारायणपुर ने पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपते हुए 10 दिवस के भीतर कार्यवाही करने की मांग की, अन्यथा पुलिस प्रशासन के खिलाफ उग्र आंदोलन को बाध्य होगी, जिसमें जिला पदाधिकारी युवा अध्यक्ष अमित भद्र जी, युवा प्रदेश कार्यकारी सदस्य दीपक गांधी, पूर्व एनएसयूआई जिला अध्यक्ष जय वट्टी, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष उमेश कर्मा, ब्लॉक संयोजक फुलसिंग वड्डे, ब्लाक अध्यक्ष लालूराम कोर्राम, इंटक अध्यक्ष सुखमन कोर्राम, महेश कश्यप उपस्तिथ रहे।

**गलत आरोप से जो मेरी छबि धूमिल हुई है, इसके लिए में माननीय न्यायालय में ठेकेदार भारत जैन के विरुद्ध मानहानि का दावा प्रस्तुत करूंगा**

# ठेकेदार भारत जैन पर हुई एफआईआर से तिलमिला कर राजीनामा करवाने के लिए लगा रहा झूठे आरोप : एसडीओ

पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव अनुविभागीय अधिकारी चितरंजन खोबरागड़े ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि कॉन्ट्रेक्टर भारत जैन ने राजनीतिक पार्टी में बनी पैठ व पैसों के बल पर झूठे आरोप लगाए है, कॉन्ट्रैक्टर भारत जैन पर एफआईआर दर्ज होने के हफ्ता भर बाद दबाव बनाने के लिए मुझपर गलत आरोप लगा रहा है।

एसडीओ चितरंजन खोबरागड़े जल संसाधन विभाग कोंडागांव में पदस्थ है, उनके बताए अनुसार बीते दिनों 09 अक्टूबर को भारत जैन पर जो पैसे से ठेकेदारी व कोंडागांव के जाम पदर पारा में निवास करते है, जोकि 2015 से मेरे अधिनस्त ठेकेदारी का कार्य कर रहा है, केशकाल में 02 नग एच टाइप, 01 नग आई टाइप भवन निर्माण का कार्य करने का टेण्डर लिया है, जिसका वर्क आर्डर लेने के लिए आया था, कार्यपालन अभियंता अधिकारी ने उससे बोला कि आप का टेंडर पास होने के लिए कार्यपालन अधिक्षण अभियंता इंद्रावती परियोजना जगदलपुर गया है, उसके बाद मेरे द्वारा उक्त ठेकेदार को भवन निर्माण में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का विशेष ध्यान देने बोलने पर नाराज होकर भारत जैन मुझे गाली गलौज देने लगा। एवं शासकीय कार्य में बाधा डालकर जान से मारने की धमकी दिया है, जिसकी लिखित शिकायत सिटी कोतवाली थाना कोंडागांव में की है, एसडीओ की रिपोर्ट पर ठेकेदार भारत जैन के विरुद्ध अपराध दर्ज हुआ जिसमें धारा 506, 186 भारतीय दंड विधान अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

उसके बाद 22अक्टूबर को ठेकेदार भारत जैन के द्वारा दबाव बनाने के लिए झूंठा आरोप लगाया जा रहा है, काउंटर केश करवाने व राजीनामा करवाने के लिए ही ठेकेदार ने की झूठी शिकायत यह साफ नजर आ रहा है कि काउंटर केश करवाने व राजीनामा करवाने के लिए ही ठेकेदार भरत जैन मुझ पर 02 लाख लेकर नोकरी लगवाने का गलत आरोप लगा रहा है, इसमें जरा सी भी सच्चाई होती तो भारत जैन इतने दिनों से कहा गया था, और शिकायत क्यों नही की जब उनके ऊपर एफआईआर दर्ज हो गयी तब कहा से जागकर आरोप लगाने आ गए।

विचारणीय बात यह है कि क्या कोई ठेकेदार जो कंस्ट्रक्शन का काम करके लाखो करोड़ो रुपया कमाता है, वह नौकरी लगवाने के लिए 02 लाख रुपया किसी को देगा।

चितरंजन खोबरागड़े अनुविभागीय अधिकारी जिला संसाधन विभाग ने उनके ऊपर लगे आरोप को सिरे से नकारते हुए, इस गलत आरोप से जो उनकी छबि धूमिल हुई है, इसके लिए माननीय न्यायालय में ठेकेदार भारत जैन के विरुद्ध मानहानि का दावा प्रस्तुत करने की बात कही। और उन्होंने कहा कि अपने देश के कानून पर पूरा विश्वास है।

# स्टील प्लांट के निजीकरण का विरोध, वर्कर फेडरेशन यूनियन बैठे धरने पर

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com




नगरनार के स्टील प्लांट को एनएमडीसी से डीमर्जर कर निजीकरण करने का फैसला केन्द्रीय सरकार द्वारा लिया गया है जिसका विरोध मजदूर संघों के साथ यहाँ के भू प्रभावित किसान, तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार किया किया गया लेकिन इसके बाद भी केन्द्रीय सरकार का फैसला नहीं बदला जिसके चलते सोमवार से एनएमडीसी वर्कर फेडरेशन की नगरनार यूनियन ने स्टील प्लांट के निजीकरण के विरोध मे प्लांट के सामने अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है और जब तक केन्द्र सरकार अपने फैसले को नहीं बदलती तब तक यह धरना प्रदर्शन जारी रखने की बात कही इस धरना प्रदर्शन मे मजदूर संगठन के अध्यक्ष संतराम सेठिया, यूनियन सचिव महेन्द्र जांन,मजदूर यूनियन अध्यक्ष प्रभु लाल बघेल,सचिव जितेन्द्र नाथ उपस्थित थे यूनियन के सदस्यों का कहना हैं कि बस्तर मे आदिवासियों के संरक्षण हेतु पेशा कानून और पाँचवीं अनुसूचित दोनों लागू है उसके बाद भी केन्द्रीय सरकार के द्वारा स्टील प्लांट के निजीकरण करने का फैसला बस्तर के वासियों के गले नहीं उतर रहा पहले निजीकरण के विरोध मे धरना प्रदर्शन और पोस्ट कार्ड अभियान चलाया गया था तथा इन सब से निजीकरण पर रोक नहीं लगाई गई जिसके चलते हम अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर रहे हैं।

बस्तर में लगने वाला एकलौता प्लांट है जिससे बस्तर के आदिवासियों को बहुत सी आशाएँ थी यहां के भू प्रभावित किसानों ने भी यहाँ के विकास के लिए अपनी अपनी भूमि प्लांट को दी जिससे बस्तर के बेरोजगार आदिवासियों को रोजगार मिला सके लेकिन केन्द्रीय सरकार के निजीकरण के फैसले से बस्तर वासियों के सपने टूटते नजर आ रहे हैं।

क्विक न्यूज

## आईटीआई में मेहमान प्रवक्ता के लिए आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार।** बलौदाबाजार-भाटापारा जिले की औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था हतबंध (सिमगा) एवं भटगांव (बिलाईगढ़) में मेहमान प्रवक्ता के लिए 16 नवम्बर को शाम 4 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। आईटीआई संकरी के प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी ने बताया कि उक्त आईटीआई में विद्युतकार, फिटर, मैकेनिक डीजल, वेल्डर, कोपा, वर्कशाप केल्कुलेशन साइंस एण्ड इंजीनियरिंग, ड्राइंग एवं इंग्लिश लैंग्वेज एण्ड कम्यूनिकेशन स्कील में प्रशिक्षण अधिकारी एवं मेहमान प्रवक्ता की जरूरत है। सेट-अप में रिक्त पदों के विरूद्ध केवल एक वर्ष के लिए इनकी भरती की जायेगी। इस संबंध में विस्तृत जानकारी संस्था के सूचना पटल अथवा जिले की सरकारी वेबसाईट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन/बलौदाबाजार अथवा डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट बलौदाबाजार डॉट जीओव्ही डॉट इन से प्राप्त कर सकते हैं।

# भाव अच्छे हैं, टूटेगा आवक का रिकॉर्ड

■ **बोनी की मांग से इतराया दलहन**

पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com



फसल की कटाई करना है। मजदूरी भी देनी है। रबी फसल की तैयारी का भी किया जाना जरूरी है। अब रही-सही कसर त्यौहार की अग्रिम खरीदी पूरी कर रही है। कृषि उपज मंडी में बीते खरीफ की फसल तो आ ही रही है। साथ ही नई फसल की भी आवक होने लगी है। ऐसी स्थितियों में कृषि उपज मंडी में आवक की मात्रा 50,000 कट्टा को पार करने की तैयारी है।

भाव अच्छे हैं। कुल सार यही है। कृषि उपज मंडी का कटोरा लबालब हो चुका है। लगभग 11 एकड़ के विशाल भू-भाग में फैले मंडी प्रांगण का कोना-कोना पैक हो चुका है। इसलिए क्योंकि मिलें जमकर खरीदी करने में लग चुकी हैं। यह साफ ही है कि प्रदेश की सभी मंडियों में से इस समय केवल भाटापारा कृषि उपज मंडी में ही किसानों को सबसे ज्यादा भाव मिल रहे हैं। इसलिए भरपूर मात्रा में आवक हो रही है। कुछ ऐसी ही स्थिति दलहन में भी बनने लगी है क्योंकि इसके भी भाव अच्छे मिल रहे हैं। लिहाजा आने वाले दिनों में आवक और ज्यादा बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं।

**बंपर आवक, अच्छे भाव-** चालू खरीफ सत्र में अच्छी बारिश के बीच इस बार उत्पादन का पिछला रिकॉर्ड टूट सकता है। बीते सत्र के धान की आवक की जो मात्रा इस समय दिखाई दे रही है उसके पीछे कई वजह है। इनमें सबसे प्रमुख वजह है सभी कृषि उपज की अच्छी कीमत का मिलना। धान, दलहन और तिलहन में भाव प्रतिस्पर्धा के बीच हो रही खरीदी से भी काफी बढ़े हुए हैं।

कारोबारी सप्ताह के पहले दिन के लिए रविवार की शाम तक लगभग 50000 कट्टा धान की आवक का अनुमान लगाया जा रहा है। इसमें और वृद्धि हो सकती है

**विष्णु भोग 4300 रुपए-** धान उत्पादक जिला का होना, पड़ोसी जिलों की भी आवक का दबाव। फिर भी बेहतर और संतोष देने वाली कीमत की वजह से भी आवक भरपूर है और खरीदी भी हो रही है। इस समय महामाया 1800 से 1900 रुपए क्विंटल पर बिक रही है। सरना 1300 से 1400 रुपए क्विंटल पर स्थिर है तो बारीक धान में विष्णु भोग 4300 रुपए की कीमत के साथ शिखर पर है। धान एचएमटी 2100 से 2200 रुपए और सियाराम 2200 से 2300 रुपए क्विंटल पर मजबूत है।

**इतराया बटरी-** त्यौहार और बोनी की मांग के दबाव के बीच दलहन में बटरी 3900 रुपए क्विंटल के साथ नए स्तर पर पहुंच चुका है तो तिवरा में 3700 से 3800 रुपए क्विंटल पर खरीदी जारी है। चना में 4500 से 4800 रुपए क्विंटल पर बोली लग रही है। दलहन की सभी किस्मों में आने वाले दिनों में तेजी के संकेत मिल रहे हैं तो तिलहन भी कुछ ऐसी ही स्थितियों के बीच बिक रही है।

## आईपीएल क्रिकेट सट्टा खिलाते व खेलने वाले सटोरिया पर पुलिस की कार्यावाही



पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार आईके एलेसेला ने अपराध पर अंकुश लगाने जुआ सट्टा खाई वालों के विरूद्ध कार्यावाही के लिये विशेष रूप से निर्देशित किया गया। निरीक्षक महेश कुमार ध्रुव थाना प्रभारी भाटापारा शहर के नेतृत्व में धारा 4(क) जुआ एक्ट के तहत आरोपी सुरेश मंधान उर्फ बाबु पिता अमर लाल मंधान उम्र 43 वर्ष सदर वार्ड भाटापारा के विरूद्ध अपराध क्रमांक 414/2020 पंजीबद्ध कर कार्यावाही किया गया। मुखबीर सुचना मिली कि सुरेश मंधान ओव्हर ब्रीज पास रामसागर पारा के पास मोबाइल पर आईपीएल क्रिकेट मैच का फोन के माध्यम से बात करके ग्राहको को सट्टा खेला रहा है तथा एवज में कमिशन ले रहा है कि सुचना पर रेड कार्यवाही हेतु मौका रवाना हुआ था कि ओव्हर ब्रीज रामसागर वार्ड रास्ता मोड पास सुरेश मंधान ऊर्फ बाबु मंधान क्रिकेट सट्टा की बात करते मिला। वाटसएप में तथा वाईस रिकार्डिंग में क्रिकेट मैच के सट्टा बैटिंग, रन, ओव्हर, मैच हारजीत में रूपये पैसे की हार जीत का दांव तथा पैसे की लेने देन का रिकार्डिंग 50 लाख रूपये से अधिक का होना पाया गया कि आरोपी के पास से क्रिकेट मैच के सट्टा में लगाये नगदी रकम 7260 रू. मिला जिसके संबंध में पुछताछ पर आरोपी बाबु द्वारा मोबाइल में बात करके बुकी को ग्राहको का सट्टा लेकर बुकी को देना तथा इसके एवज में 4-5 प्रेसेंट मिलना बताये कि मोबाईल पर बातचीत सट्टा का तथा वाटसएप में लाखो रूपये का सट्टा लगाने व पैसा का लेनदेन का होना पाया गया है ।

## ग्राम बिलाड़ी में दशहरा का पर्व ग्रामवासियों ने धूमधाम व हर्षोंउल्लास पूर्वक मनाया

पायनियर संवाददाता तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



नगर से लगे ग्राम बिलाड़ी में दशहरा का पर्व रामलीला मंडली द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सोमवार को धुमधाम व हर्षोंउल्लास पूर्वक मनाया गया असत्य पे सत्य का प्रतीक विजयादश्मी का पर्व हैं। रावण दहन के पहले रामलीला का मंचन हुआ जिसमें की रामलीला मंडली के किरदारों दवारा भव्य मंचन किया गया। रामचद्रं और लकांपति रावण के सेनाओं के बीच धोर युद्ध हुआ। उसके उपरांत समापन के पहले रामचद्रं और लंका पति रावण के बिच युद्ध हुआ जो की रामचन्द्र ने शक्ति बाड़ छोड़ा वही लकां पति रावण को मृत्यु प्राप्ति होती हैं व रावण दहन के बाद उनका जीव भी छोड़ा गया फटाको की आतिश बाजी भी खुब हुआ। जो की लोगों को बहुत ही अच्छा भाया उसके पशच्चात ग्राम के लोगों ने अपने से बड़े बुजुगों को सोन पत्ती भेट कर आशिवार्द भी ली व असत्य पर विजय हमेशा सत्य की होती हैं। उसके उपरांत लोगों ने दशहरा मैदान में मेला का आंनद लिया मेला में मिठाई की दुकाने,गुपचुप सेटर,सब्जी दुकाने व छोटे छोटे बच्चों के लिए खिलौना की दुकाने गुब्बारे की दुकानों के अलावा अन्य दुकाने लगी थी वही गांव के अलावा आसपास गांवो के ग्रामीण भी दशहरा देखने के लिए आये थे।

## अवैध शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक आईके एलेसेला बलौदाबाजार के द्वारा अवैध शराब जुआ, सट्टा के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु कडे निर्देश दिये गये थे जिस पर थाना प्रभारी राम अवतार ध्रुव के कुशल नेतृत्व में धर पकड कार्यवाही हेतु थाना स्टाप व मुखबीर को निर्देश दिये गया था कि सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम दावनबोड का हेमन्त वर्मा अपने सायकल के कैरियर में रखे एक थैला जिसमे कुछ सामान रखे ले जा रहा था जिससे शराब की बदबु आई उस समय दुर्गा चौक में प्रवीण वर्मा और रवि वर्मा के साथ खडा था उन लोगों ने भी शराब की बदबू आना जाहिर किए तब उसका पीछा किए तो वह वहां से कुछ दूर गुड्डू यादव के घर में बैग को छोडकर भाग गया तब गांव के एनजिवो हमर सुन्दर गांव के अध्यक्ष सुरेश, गंगु वर्मा, को बुलाए सभी घर वाले गुड्डू से पूछे तो कुछ भी नही जानना बताये उसके कमरे के अंदर ड्रम में रखे थैला को निकाल कर देखे तो उसमें देशी शराब मशाला रखा था जिसे गिनती किए तो थैले में 43 पाव शराब थी तब तक गांव के और भी लोग आ गए थे सभी के समक्ष हेमन्त वर्मा को बुलाकर पुछताछ किए तो उसने गुड्डू यादव के घर शराब का थैला रखना स्वीकार किए आरोपी हेमंत वर्मा पिता नान्हू राम वर्मा उम्र 38 साल पता दावनबोड का कृत्य अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का घटित करना पाये जाने से अपराध कमांक 459/2020 धारा 34 ( 2 ) आबकारी एक्ट कायम कर आरोपी को विधिवत आरोप बताकर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

## दशहरा उत्सव में विधायक ने हनुमान के पात्र करने के लिए भेंट की गदा

पायनियर संवाददाता तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



समीपस्थ ग्राम पंचायत देवरी (रजिया) में बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय युवा विधायक प्रमोद शर्मा दशहरा उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए ज्ञात हो कि पूर्व वर्ष में भी विधायक शर्मा दशहरा उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए थे जिसमें उन्होंने हनुमान के पात्र के लिए गदा लेने हेतु 10 हजार रु. जनसंपर्क राशि से देने की घोषणा की थी साथ ही रंगमंच के जीर्णोद्धार के लिए 1 लाख देने की घोषणा किये थे चुकी समिति के सदस्यों ने जानकारी दी थी कि 1 लाख की राशि कम है उक्त काम के लिए जिस पर विधायक शर्मा ने राशि बढ़ाने की घोषणा की व रामलीला समिति के पात्रों के नई वेशभूषा के लिए जनसंपर्क राशि से 10 हजार रुपये देने की घोषणा की है। जिसके लिए रामलीला समिति के मैनेजर ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया है।

साथ ही ग्राम देवरी में गोबर गैस मिनी प्लांट का भूमिपूजन का कार्यक्रम भी सम्पन्न हुआ जहाँ पंचायत प्रतिनिधियों को विधायक शर्मा में कहा कि गॉव के विकास के लिए मैं हर समय आपके हु पंचायत प्रतिनिधियो के साथ मिलकर गॉव का विकाश करना है और मेरे लिए मेरे क्षेत्र के एक एक गॉव में विकास की गंगा बहाना ही पहली प्राथमिकता है।

## कलेक्टर ने किया सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ



पायनियर संवाददाता बलौदा बाजार
www.dailypioneer.com

भारत सरकार के केन्द्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार बलौदाबाजार जिला सहित संपूर्ण प्रदेश और देश में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। यह सप्ताह आज 27 अक्टूबर से शुरू हुआ है, जो कि 2 नवम्बर तक चलेगा। जिला कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने सप्ताह के प्रथम दिन आज यहां जिला कार्यालय के सभाकक्ष में भ्रष्टाचार मुक्त समाज निर्माण में अपना योगदान देने के लिए अधिकारी-कर्मचारियों को शपथ दिलाई। कलेक्टर ने कहा कि भ्रष्टाचार देश की आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक प्रगति में बड़ी बाधा है।

इसका उन्मूलन करने के लिए सभी संबंधित पक्षों जैसे सरकार, नागरिकों एवं निजी क्षेत्रों को मिलकर एक साथ काम करने की आवश्यकता है। अधिकारी-कर्मचारियों ने आज शपथ ली है कि वे सभी नीति परक कार्य पद्धतियों को बढ़ावा देंगे तथा ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठा की संस्कृति को प्रोत्साहित करेंगे। वे न तो रिश्वत लेंगे और न ही किसी को रिश्वत देंगे। पारदर्शिता, जिम्मेदारी तथा निष्पक्षता पर आधारित सुशासन की प्रतिज्ञा भी उन्होंने इस मौके पर ली है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजेन्द्र गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर बजरंग दुबे, लवीना पाण्डेय, इंदिरा देवहारी, डिप्टी कलेक्टर टी.आर. माहेश्वरी एवं मिथलेश डोण्डे सहित संयुक्त जिला कार्यालय परिसर के अधिकारी-कर्मचारियों ने शामिल होकर सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा ली है।

## पलारी पुलिस की एक और सफलता

पायनियर संवाददाता बलौदा बाजार
www.dailypioneer.com

जिलें में अपराधों की त्वरित रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक आई के एलेसेला, अति0 पुलिस अधीक्षक निवेदिता पाल, उप पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बघेल के निर्देशन में गुमशुदा की पतासाजी के क्रम में थाना प्रभारी, निरीक्षक सी.आर. चन्द्रा के नेतृत्व में सउनि जगसिंह ठाकुर, प्रधान आरक्षक अंशुमान पांडे, तरूण साहू द्वारा कार्यवाही किया गया।

**पलारी पुलिस ने वर्षो बाद बिछडो को अपनो से मिलाया -** बालक दास पिता मोहर दास उम्र 48 वर्ष साकिन लरिया थाना पलारी द्वारा दिनांक 28.02.2017 को रिपोर्ट दर्ज इसकी लडकी कुमारी विद्या पिता बालक दास उम्र 25 वर्ष ग्राम लरिया थाना पलारी घर से बिना बताये कहीं चली गई है कि रिपोर्ट गुम इंसान क्रमांक 20/2017 कायम कर पता तलाश में लिया गया। पता तलाश के दौरान आज दिनांक 27.10.2020 को गुमशुदा को बरामद किया पूछताछ पर अपने प्रेमी खिलेश्वर पारकर से शादी करना बतायी। जिस पर गुम महिला व उसके पति के माता पिता से भी पूछताछ किया दोनों परिवार लडका लडकी के राजी खुशी से शादी करना बताया गया कि गुमशुदा लडकी को उसके परिजनों को सौंपा गया। फागूराम चंद्राकर पिता संतराम चंद्राकर उम्र 54 वर्ष ग्राम नागपुरा थाना पलारी द्वारा दिनांक 22.10.2020 को रिपोर्ट दर्ज इसकी पत्नी श्रीमती भुनेश्वरी चंद्राकर पति फागूराम चंद्राकर उम्र 45 वर्ष ग्राम नगपुरा घर से बिना बताये कहीं चली गई है कि रिपोर्ट गुम इंसान क्रमांक 56/2020 कायम कर पता तलाश में लिया गया। पता तलाश के दौरान आज दिनांक 27.10.2020 को गुमशुदा को बरामद किया गुमशुदा को उसके पति को सुपुर्दनामा पर दिया गया है।

## भुरसुदा व गुजरा में हो रहा विकास कार्य

पायनियर संवाददाता तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



नगर से लगे ग्राम पंचायत भुरसुदा व गुजरा में नवीन पदस्त गांव की मुखिया सुसिला राजकुमार साहू ने ग्राम में विकाश का ढोल पिट दिया हैं। जो की पंचायत के सचिव शिव वर्मा व रोजगार सहायक एंवम प्रतिनिधीयों व ग्रामवासियों के सहयोग से गांव में बहुत ही कम समय में विकास की गंगा बहना शुरु हो गया हैं।जो की पंचायत के तत्वधान में मनरेंगा के तहत ग्रामवाशियों को रोजगार मिल रहा हैं।तो एक तरफ गांव में तलाब गहरीकरण और गौठान में पर्यावरण को बढ़ावा देने व वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण एंवम पौधा रोपण कर गांव को संरक्षित कर शुद्ध वातावरण रहे।उसके अलावा गांव में तीन जगहो पर आगन बाड़ी केंद्र जिनका पानी की व्यवस्था पुष्प रोपण,विद्युत व जीर्णोधार कर आगन बाड़ी केंद्र व ग्राम पंचायत कार्यालय भुरसुदा गुजरा में गार्डन का निर्माण कर अनेक प्रकार के पुष्प का वृक्षारोपण किया गया हैं।और पंचायत को पेन्टीग, डेन्टीग कर एक अनोखा रूप में तबदील कर दिया हैं।जो की काबिले तारिफ हैं। वही पंचायत के संपूर्ण जीर्णोधार गांव गली मौहल्ले कुचा में चबुतरा निर्माण खेल मैदान में पौधा रोपण किया गया हैं।उसके पश्चात धार्मिक स्थल में पुष्प पौधा रोपण एंवम मंगलभवन निर्माण नाली निर्माण व पुल निर्माण उसके उपरांत कचरा प्रबंधन फार्म और भवन निर्माण होना जो की एक हजार पौधा रोपण का कार्य हो चुका हैं। ग्राम पंचायत भुरसुदा गुजरा में बहुत ही कम समय में केन्द्र सरकार एंवम राज्य सरकार के योजनाओं का लाभ पंचायत ने उठाया हैं।जो की एक बार पंचायत आकर वहां का विकाश कार्य को जरूर देखे।

**स्वास्थ्य विभाग के स्टाफ कोरोना पॉजिटिव मरीजों को पूरी तरह स्वस्थ करने में लगे**

# त्योहारों में भी कोविड अस्पताल में डटे हैं योद्धा

पायनियर संवाददाता बलौदा बाजार
www.dailypioneer.com



बलौदा बाजार जिले में जहां एक तरफ हर्षोल्लास के साथ विजयादशमी का पर्व मनाया गया वहीं दूसरी तरफ जिले के सभी कोविड केयर सेंटर एवं शासकीय अस्पतालों में स्वास्थ्य विभाग के स्टाफ कोरोना पॉजिटिव मरीजों को पूरी तरह स्वस्थ करने में लगे हुए हैं ड्यूटी कर रहे स्टाफ में से दिनेश डांडे,जे.पी. दुबे ,रमेश साहू, प्रीति अग्रवाल ने बताया कि बच्चों और परिवार को त्यौहार में समय न दे पाने से दुख तो होता है पर अभी हमारी ज्यादा जरूरत कोरोना मरीजों को है ऐसे में अन्य मरीजों के साथ भर्ती लोगों में खासकर बुजुर्ग , गर्भवती , बच्चे ,पूर्व से अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीज जो कोरोना पोसिटिव हैं उनकी हर समय मोनिटरिंग आवश्यक है। विजया साहू एवं ज्योति हरिवंश ने कहा कि हर बार परिवार के साथ ही त्यौहार मनाते आये हैं पर इस समय हमारे लिए कोरोना को हराना ही प्राथमिकता है । महेंद्र खूंटे ,रंजीत साहू,राजू वर्मा ने बताया कि हमारी इतनी मेहनत के बाद जब कोई मरीज स्वस्थ होकर अपने घर जाता है तो हमें लगता है कि हम कोरोना रूपी रावण से एक दिन जरूर जीतेंगे। स्टोर इंचार्ज भानू प्रताप वर्मा , नितिन डहरिया ने कहा कि इस समय हमारे लिए अस्पतालों में समय पर दवाइयां एवं अन्य उपकरण डिमांड आते ही जल्द से जल्द पहुंचाना ही प्राथमिकता है । राजेश डहरिया, अरविंद वर्मा, हेमंत देवदास ,बाला राम साहू ने बताया कि पोसिटिव मरीज का पता चलते ही सम्पूर्ण रिपोर्टिंग करनी होती है। संतोष वर्मा , गोपी पैंकरा, मनोज साहू ने कहा कि लैब में मरीज की टेस्टिंग के वक्त हम क्लोस कांटेक्ट में ही रहते हैं ऐसे में परिवार के साथ त्यौहार मनाना सभी को खतरे में डालना होगा ।

सी.एम.एच. ओ. डॉ खेमराज सोनवानी एवं बी.एम.ओ. डॉ राजेश अवस्थी , डॉ राकेश प्रेमी,डॉ एफ. निराला,डॉ सी. एस. पैकरा , डॉ पी.एल. चंदन, सी. एस. डॉ अभय सिंह परिहार , वरिष्ठ एम.ओ.डॉ अशोक वर्मा ,डॉ शशी जायसवाल, डॉ ए. एस. चौहान , डी पी एम सृष्टि मिश्रा, सुजाता पांडे, ममता बंजारे ने जिले के स्वास्थ्य विभाग के सभी स्टाफ को दशहरा की बधाई देते हुए कहा कि हम सभी त्यौहारों को भुलाकर कोरोना से लड़ाई लड़ रहे हैं । जिम्मेदारी निभाते हुए खुद को सुरक्षित तथा तनावमुक्त रखना बहुत जरूरी है ऐसे में कोविड अस्पतालों तथा अन्य सभी शासकीय चिकित्सालयों के स्टाफ तनावपूर्ण परिस्थितियों में भी सकारात्मक ऊर्जा से कार्य कर रहे हैं । उन्होंने जिले वासियों से भी अपील कर कहा , की इस त्यौहारी सीजन में खुद को एवं परिवार को सुरक्षित रख कर त्यौहार मनाना बड़ी जिम्मेदारी है।

## देवी प्रतिमाओं हुआ विसर्जन

पायनियर संवाददाता बलौदा बाजार
www.dailypioneer.com



नवरात्र के अवसर पर पंडालों विराजमान देवी प्रतिमाओं को सोमवार को नदी सरोवरों में विसर्जित किया गया। कोविड महामारी को देखते हुए सदस्यों में सादगीपूर्ण माहौल में फिजिकल डिस्टेंस का पालन करते हुए देवी की विदाई परंपरा का श्रद्धालुओं ने निर्वहन किया। प्रतिमा के अलावा जवारा कलश विसर्जन का दौर शाम तक जारी रहा।

शहर के विभिन्न पंडालों में स्थापित दुर्गा प्रतिमा को विजया दशमी के अवसर पर विसर्जित किया गया। कोविड महामारी के चलते कई समितियों न इस बार कलश पूजा तक आयोजन को सीमित रखा था, वहीं कुछ ने प्रतिमा स्थापना की थी। पूजन अनुष्ठान पूर्ण होने के बाद सुबह प्रतिमा विसर्जन के लिए नदी घाटों की ओर जाते हुए श्रद्धालुओं को देखा गया। प्रशासन से निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार डीजे, कर्मा अथवा अन्य भीड़ बढ़ाने वाले माध्यम और सामुहिक आयोजन प्रतिबंधित होने के कारण विसर्जन यात्रा में किसी तरह की कोई शोरगुल नहीं देखी गई। औरबस स्टेण्ड स्थापित प्रतिमाओं को मंगलवार को विसर्जित किया जाएगा। प्रतिमा के अलावा जवारा ज्योति का भी विसर्जन किया गया। मंदिरों प्रज्ज्वलित मनोकामना दीप को रविवार को ही विसर्जित की गई। शहर के अलावा लवन सैंडी पलारी के विभिन्न स्थानों में समितियों द्वारा प्रतिमा स्थापित की गई थी, जिनका स्थानीय नदी घाटों में विसर्जन किया गया। कोविड का पालन करने में श्रद्धालुओं का सहयोगात्मक रूख रहा।

**जवारा कलश की शोभायात्रा-** नवरात्र पूजन के पश्चात लोहिया नगर से जवारा कलश की शोभायात्रा निकाली गई। यहां प्रति वर्ष चैत्र और क्वांर नवरात्र में ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किया जाता है। कलश यात्रा के परिवार के सदस्यों ने विधि-विधान से पूजा की।

## क्विक न्यूज

### मुरैना में कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में डटे कन्हैया

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल तीन दिनों से मध्य प्रदेश के मुरैना में हो रहे उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में डटे हुए हैं,श्री अग्रवाल घर घर जाकर जनसंपर्क कर कमलनाथ सरकार के कार्यों और भाजपा के कुशासन के साथ भाजपा की सत्ता के प्रति तड़फ पर कड़ा प्रहार कर रहे हैं,उन्होंने कहा कि जैसे मछली बिन पानी के तड़पती है उसी तरह भाजपा बिना सरकार के तड़पने लगती है,और चुनी हुई सरकार गिराने गद्दारों का सहारा लेती है, इसलिए इस चुनाव में सत्ता के लिए लोकतंत्र और चम्बल की धरती के गौरव को कलंकित करने वाले गद्दारों और भाजपा को सबक़ सिखाना होगा। उन्होंने कहा कि मुरैना की नागरिकों और व्यापारियों से लगातार जारी संवाद में एक बात स्पष्ट रूप से सामने आ रही है कि कांग्रेस सरकार में जिस तरह माफ़िया राज को समाप्त कर सुशासन और भय मुक्त व्यापार का वातावरण मिला था वह शिवराज सरकार में फिर समाप्त हो गया है आतंक का राज कायम हो गया है, मुरैना के मतदाताओं की पीठ में छुरा भोंकने वाले बिकाऊ गद्दारों को हटाने का निर्णय मतदाता कर चुका है।

# अपराध कायमी के चंद घण्टों में हत्या के आरोपी हुए गिरफ्तार

- **हत्या तथा हत्या का प्रयास करने वाले 2 आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे**

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



अपराध कायमी के चंद घण्टों में हत्या का आरोपी हुए गिरफ्तार । हत्या तथा हत्या का प्रयास करने वाले 02 आरोपी चढे पुलिस के हत्थे । रातभर सर्च अभियान में मिली कोतवाली पुलिस गरियाबंद को सफलता । सिटी कोतवाली गरियाबंद की बड़ी कार्यवाही। थाना सिटी कोतवाली गरियाबंद अन्तर्गत् ग्राम मालगांव का है जहां के लोग दशहरा पर्व मना रहें तभी दोनों आरोपी अपनी कार में आकर लोगों से बहश कर लिया जिससे दोनों आरोपी नाराज होकर अपनी कार को कुछ दुर आगे ले जाकर वापस मुड़कर तेज रफ्तार से लोगों के बीच में कार को ले जाकर लोगों को हत्या करने के लिए कार से ठोकर मारते वहां से फरार हो गये जिसे मौके पर एक चार वर्ष के बालक का दर्दनाक मौत हो गया तथा कुल 12 लोगों को चोंटें आयी घटना के सम्बंध में थाना सिटी कोतवाली गरियाबंद में प्रार्थी लाकेश्वर ध्रुव की रिपोर्ट पर आरोपी रोमित राठौर तथा सौरभ कुटारे दोनों निवासी गरियाबंद के विरूद्ध धारा 302, 307, 34 भादवि के तहत् मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

मामला गंभीर होने से तुरंत घटना की जानकारी जिले के आला अधिकारियों को दी गई जिसके बाद जिला गरियाबंद के पुलिस कप्तान भोजराम पटेल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सुखनंदन राठौर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल संतोष महतो के मार्गदर्शन तथा उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय टीआर कंवर एवं अनुविभागीय अधीकारी पुलिस संजय ध्रुव के पर्यवेक्षण में विशेष टीम गठित कर यथाशीघ्र आरोपी पता तलाश में टीम जुट गई तथा रातभर सर्च अभियान चलाकर दोनों आरोपियों को घने अंधेरी रात तथा जंगलों के बिच पक?ा गया जिसके बाद आरोपियों से पुछताछ करने पर दुश्मनीवश सभी लोगों को जान से मारने के लिए कार को जानबुझकर तेज रफ्तार में चलाकर लोगों को रौंदते हुए भाग जाना बताया तथा घटना में प्रयुक्त कार विटारा ब्रेजा क्रमांक सीजी 23 जे 6520 को आरोपियों द्वारा छिपाकर रखे स्थान में ले जाकर गवाहों के समक्ष बरामद कराया गया। पुलिस के द्वारा तत्परता पूर्वक प्रार्थी की रिपोर्ट पर शीघ्र प्रथम सूचना पत्र दर्ज कर चंद घण्टों के भीतर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जिसे माननीय न्यायालय के समक्ष न्यायिक रिमाण्ड में पेश करने की तैयारियां जारी है। पुलिस कप्तान भोजराम पटेल से चर्चा करने पर अपराधियों पर लगातार कड़ी कार्यवाही जारी रहने की बात कही गयी। उक्त कार्यवाही में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस संजय ध्रुव, सिटी कोतवाली प्रभारी विकास बघेल, उप निरीक्षक नवीन राजपूत, सहायक उपनिरीक्षक शंकरलाल सिदार, प्रधान आरक्षक डिगेश्वर साहू, मुलचंद जांग?, आरक्षक मुरारी यादव, डिलोचन रावटे, भूषण नागेश, केवल नेताम, संजय सुर्यवंशी, लैनदास रत्नाकर, सुनिल नेताम, सैनिक रविशंकर सोनवानी की सराहनीय भूमिका रही।

## पुलिस कप्तान द्वारा दशहरा पर्व पर शस्त्र पूजा किये



- **जिले के समस्त अधिकारी कर्मचारियों को दशहरा पर्व की दी शुभकामनाएं**

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

पुलिस कप्तान भोजराम पटेल के द्वारा पुलिस लाईन के शस्त्रागार में शस्त्र पूजा किये। कार्यक्रम के दौरान सुखनंदन राठौर अति0 पुलिस अधीक्षक , संतोष महतो अति0 पुलिस अधीक्षक , डीएसपी हेडक्वाटर टीआर कंवर, संजय ध्रुव एसडीओपी , उमेश राय रक्षित निरीक्षक गरियाबंद, विकाश बघेल थाना प्रभारी गरियाबंद, बसंत बघेल थाना प्रभारी पाण्डुका, संतोष भुआर्य प्रभारी नक्सल सेल, एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

शस्त्र पुजा के दौरान जिला के समस्त अधिकारी कर्मचारी को दशहरा पर्व का सुभकांमनाएं दिये। साथ ही साथ एमटी शाखा के वाहनों का भी पूजा किये गरियाबंद पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने उद्बोद्यन में उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को कहे कि जिस प्रकार विजयदशी का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत के लिए मनाया जाता है। उसी प्रकार हम लोगो का कर्तव्य है कि समाज में हो रहे अपराध रूपी बुराई को दुर का अपराधिकों को सजा दिलवाना।

## लूटपाट के चार आरोपी चंद घंटों में चढ़े तमनार पुलिस के हत्थे

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले के तमनार थाना क्षेत्र से एक लूटपाट की घटना सामने आई है। जहां गांव से वापस आ रहे ग्रामीणों से चार युवकों ने देर रात लूटपाट के घटना को अंजाम दिया है। त्यौहारों की सीजन आते ही लूटपाट की घटनाएं अक्सर बढ़ने लग जाती है। इसे देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा लूटपाट के घटनाओं को अंजाम देने वाले आरोपियों पर त्वरित कार्यवाही करने की दिशा निर्देश जिले के सभी थाना प्रभारीयों को दिए हैं। वहीं तमनार थाना अंतर्गत बीते दिन हुए लूटपाट के घटना को धरमजयगढ़ एसडीओपी के मार्गदर्शन में शीघ्र आरोपियों को धर दबोचा गया।



मामला तमनार थाना क्षेत्र के गारे गांव का है। जहां गारे निवासी भुवनललाल पटेल उम्र 56 वर्ष व अपने गांव के ही उद्धव पटेल के संग मडवाडुमर गांव से वापस आ रहे थे तभी मिलुपारा के ईटा फैक्ट्री के पास चार लड़कों द्वारा लूटपाट के घटना को अंजाम दिया गया था। जिसकी लिखित शिकायत प्राथी भुवनलाल ने तमनार थाने में मिलुपारा निवासी किशोर डनसेना व तीन अन्य साथी के द्वारा 1500 रुपये की लुटपाट करने की शिकायत दर्ज कराई थी। जिसको गंभीरता से लेते हुए तमनार थाना प्रभारी किरण गुप्ता के नेतृत्व में एस आई चक्रसुदर्शन जयसवाल, आरक्षक अरविंद पटनायक, आरक्षक केशव राठिया ने महज छः घंटों के भीतर आरोपियों को धर दबोचा। जहां आरोपियों के खिलाफ धारा 34, 394आईपीसी के तहत कार्यवाही कर रिमांड भेज दिया गया है।

## एनएसयूआई बेमेतरा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का किया पुतला दहन

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

एन एस यू आइ के जिलाध्यक्ष अजय राज सेन के नेतृत्व में बेमेतरा एनएसयूआई ने देशभर में लगातार तानाशाही के समरूप शासन करने वाले इस केंद्र सरकार मोदी सरकार ने लगातार जनता को नजरअंदाज कर एकतरफा फैसले ले रही है चाहे वो 3 किसान विरोधी कानूनों की बात हो या बेरोजगार युवाओं को नहीं सुनने की बात हो या देशभर में महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार पर धृतराष्ट्र बनें बैठने की बात हो - राम राज्य का दिखावा करने वाले इस सरकार ने देश को रावण राज्य से भी नीचे लाकर रख दिया है। सरकार के इसी रवैये के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पुतले का दहन किया गया है। वही अजय राज सेन ने कहा कि केंद्र में



बैठी मोदी सरकार अपने हर वादों से यू-टर्न ले रही कोई भी वादा पूरा नही कर रही है युवाओ को 2 करोड़ प्रति वर्ष रोजगार देने की बात हो या किसानों को उनके अनाज का सही मूल्यांकन हो या महिलाओ पर जो अत्याचार हो रहे हैं वो कम होने का नाम नही ले रही है और दूसरी तरफ नरेंद्र मोदी लगातार अपने जुमले बांटे जा रहे है। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से नीलेश साहू उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस,प्रतीक दुबे शहर अध्यक्ष युवा कांग्रेस,मनीष सिन्हा, सौरभ राघव,राजू साहू पूर्व अध्यक्ष छात्रसंघ, मनीष साहू अध्यक्ष एनएसयूआई विधानसभा, अमित वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक एनएसयूआई, धनन्जय पाठक, राधे दुबे,मोनल सिन्हा राष्टीय संयोजक एनएसयूआई, खूबचंद चंद्राकर, ऋत्विक तिवारी, छोटू साहू, सईद खान,राजा पटेल, किशन वर्मा, जितेंद्र जोशी,आशीष तिवारी, जयप्रकाश राज सहित एनएसयूआई एवम युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने दी डाटा एन्ट्री आपरेटरों को जिम्मेदारी

- **जिले में कोविड-19 के संक्रमण के रोकथाम के संबंध में राज्य कार्यालय पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को प्रति दिन माइक्रोसॉफ्ट पवार एप्प के माध्यम से भेजी जाएगी जानकारी**

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिले में कोविड-19 के संक्रमण के रोकथाम के संबंध में राज्य कार्यालय पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को प्रति दिन माइक्रोसॉफ्ट पवार एप्प के माध्यम से जानकारी भेजी जाएगी। इस हेतु कलेक्टर पी.एस.एल्मा ने जिले में विभिन्न विभागों में कार्यरत् डाटा एन्ट्री आपरेटरों को जिम्मेदारी दी है। इनमें क्रेडा विभाग के डाटा एन्ट्री आपरेटर अर्जुन लहरे, आदिवासी विकास विभाग के डाटा एन्ट्री आपरेटर नरोत्तम साहू, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग मुंगेली के डाटा एन्ट्री आपरेटर कुमारी सुनीता देवांगन और जितेन्द्र श्रीवास, सर्व षिक्षा अभियान के डाटा एन्ट्री आपरेटर संतोष साहू, कृषि विभाग के डाटा एन्ट्री आपरेटर मधुसुदन पटेल, कार्यालय विकास खण्ड षिक्षा अधिकारी मुंगेली के डाटा एन्ट्री आपरेटर प्रदीप कष्यप, जिला पंचायत (डी.पी.आरसी) के संकाय सदस्य अष्वनी नायक, सोषल आडिट यूनिट के कम्प्यूटर आपरेटर राकेष सोनवानी और कार्यालय उपसंचालक समाज कल्याण विभाग के डाटा एन्ट्री आपरेटर अशोक कुमार जायसवाल शामिल है। कलेक्टर एल्मा ने इन सभी डाटा एन्ट्री आपरेटरों को एनआईसी डाटा सेंटर में उपस्थित होकर प्रतिदिन कार्य संपादित करने के निर्देश दिये है।

## माता की मूर्तियां हुई विर्सजित, दर्शन को पहुँचे लोग

पायनियर संवाददाता ◄ नवागढ़
www.dailypioneer.com

सोमवार को नम आंखों के साथ माता रानी को विदाई देते हुए मूर्तियों को मानाबन्द तालाब में विसर्जित किया गया। दशहरे के बाद दूसरे दिन सभी सार्वजनिक समिति में विराजमान मातारानी को क्रमवार से झाँकी के साथ विसर्जन किया गया।

प्रशासन की ओर तय किए समय एवं कोरोण गाइडलाइंस के अनुसार प्रतिमाओं का शाम तक विसर्जन किया गया। रामधुनी-जसगीत बाजे-गाजे के बीच मां दुर्गा की प्रतिमाओं के साथ नगर की प्रमुख मार्ग में शोभायात्रा निकालते हुए मानाबन्द ले जाया गया। देर शाम माना बंद तालाबों में बस स्टैंड,देवांगन पारा, महामाया पारा एवं सुकुल पारा की प्रतिमाएं विसर्जित की गई।

नगर में नवरात्र के दौरान 4 समितियों द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा पंडालों में रखी गई थी। इस दौरान नगर में सेवा मंडली,व गाजे-बाजे के साथ प्रतिमाओं को वाहनों में रखकर लोग विसर्जन के लिए पहुँचे। विसर्जन के दौरान पुलिस एवं प्रशासन द्वारा तालाब के आसपास सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। काफी मस्कत के साथ बस स्टैंड से तालाब तक प्रतिमाओं को ले जाया गया, करीब



3 घंटो तक विद्युत प्रवाह बाधित रहा। महामाया मंदिर के पास तालाब के चारो ओर मेला स्थल में तब्दील नजर आया, कुछ तो अपने घरों के छत से माता रानी का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति अध्यक्ष शक्तिधर दीवान, नगर पंचायत अध्यक्ष तिलक घोष,राकेश जायसवाल, रितेश तिवारी, अमित जैन, रूपप्रकाश यादव, वीरेन्द्र जायसवाल, छल्ली श्रीवास, भूखनपुरी गोस्वामी, अरुण देवांगन, गज्जू देवांगन, दिलीप जायसवाल, महेश मिश्रा, दिनेश मिश्रा, सन्तोष मिश्रा, सुनील मिश्रा, सत्यम ताम्रकार, प्रणय दीवान सहित नगरवासी उपस्थित रहे।

## ग्राम बरडीह, आमकोनी एवं करही में सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ



**डोंगरीडीह।** राज्यसभा सांसद छाया वर्मा के मुख्य आतिथ्य, जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा की अध्यक्षता तथा जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ,जनपद उपाध्यक्ष सिमगा विवेक अग्रवाल ,उमा अनन्त ,बसंत आडिल ,रामखिलावन शर्मा के विशिष्ट आतिथ्य में ग्राम बरडीह,आमकोनी और करही में सीसी रोड कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर भानुप्रताप वर्मा, गम्भीर सिंह ठाकुर, सुभाष मिश्र, लखनलाल वर्मा, शकुंतला बघमार, सुनीता शर्मा, किशोर बघेल, ललित धुरंधर, सहित क्षेत्र के कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## माँ दुर्गा की मूर्ति को भक्ति भाव के साथ भक्तों ने अंतिम विदाई देकर विसर्जन कर मंगल कामना का आशीर्वाद लिए

**डोंगरीडीह।** शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर आदि शक्ति माँ दुर्गा की मूर्ति कोरोना संकट काल मे पूरी भक्ति भावना के साथ भक्तों के द्वारा दुर्गा पंडालों में पूरे नौ दिनों तक स्थापित रहा।और नौ दिन तक विधिवत माँ शेरावाली की पूजा अर्चना भक्तों के द्वारा किये गए।नौ दिन पश्चात विधि विधान से माँ दुर्गा को अंतिम विदाई देते हुए गॉव एवं नगर स्थिति तालाबो में विसर्जन कर गांव एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना भक्तों के द्वारा किये गए।श्री बालाजी मंदिर दुर्गोत्सव समिति द्वारा सोमवार को पूरे विधि विधान एवं भक्ति भाव के साथ आदि शक्ति माँ दुर्गा की मूर्ति को विसर्जन के लिए ट्रैक्टर में सवार कर बाजे गाजे के साथ धूमधाम से अंतिम विदाई दिये।अंतिम विदाई में भक्तों की हुजूम उमड़ा रहा।जय माता दी कि जय कारे के साथ हर्षोल्लास के साथ माँ शेरावाली को अंतिम विदाई दिये गए।




**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
सिरपुर भवन व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर (छ.ग.)
ई-मेल- eocghbzone1@gmail.com

**-: आम-सूचना :-**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा **कोटा कालोनी** रायपुर में निर्मित **भाड़ाक्रय** भवन योजना के अंतर्गत दुकानों/भूखण्डों/ भवनों में से भूखण्ड/भवन क्रमांक सी-3 में **श्री वैभव शाह** पिता **श्री स्व. रमेशचन्द्र शाह** को भाड़ाक्रय/पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 12.01.2007 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया। आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 2.10.2020 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन **(1) श्री कमल नारायण पटेल पिता संत राम पटेल (2) श्रीमति गीता पटेल पति श्री कमल नारायण पटेल** के नाम से निष्पादित को विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड / भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

मुहर

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1,कबीर नगर, रायपुर**



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी,**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02
शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.) फोन नं.-0771-2436320
Email Id : eocghbzone04@gmail.com

**-: आम सूचना :-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, सामान्य आवास योजनांतर्गत बोरियाकला रायपुर में स्थित **बनयान-I भवन क्रमांक-70, श्रीमती आशा किंगरानी पति श्री मुरलीधर किंगरानी**, के नाम पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में दिनांक 10.04.2014 को लीजडीड पंजीकृत उपरांत दिनांक 23.06.2020 को हस्तांतरण विलेख (फ्री-होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त भवन को क्रेता **श्रीमती मोनिका नेताम (ध्रुव) पति श्री हिलोन कुमार ध्रुव** निवासी-सेडार-I, भवन क्रमांक-71, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, बोरियाकला, रायपुर, के पक्ष में दिनांक 15.10.2020 को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में नवीन क्रेता **श्रीमती मोनिका नेताम (ध्रुव) पति श्री हिलोन कुमार ध्रुव**, द्वारा उक्त भवन को फ्री-होल्ड पश्चात् अपने नाम पर मण्डल में दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन का फ्री-होल्ड उपरांत मण्डल में नाम दर्ज करने के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्ति होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

मुहर

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर**



**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**वार्ड का नाम - छत्रपति शिवाजी वार्ड**
**वार्ड क्र. 15, वर्ष 2019-20**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **26.11.2020** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 629/27.10.2020, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** -123/15, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - विजय घोष S/o गोपाल घोष, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**-सुखचन्द गेण्ड्रे S/o शम्भू गेण्ड्रे.

मुहर

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम,**
**बीरगांव**



**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**वार्ड का नाम - पं. रविशंकर शुक्ल**
**वार्ड क्र. 13, वर्ष 2019-20**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **26.11.2020** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 630/27.10.2020, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** -268/13, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - नारायण निर्मलकर S/o स्व. मनीराम, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**-ममता साहू W/o कुलदीप कुमार.

मुहर

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम,**
**बीरगांव**



**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**वार्ड का नाम - मां. बंजारी धाम**
**वार्ड क्र. 10, वर्ष 2019-20**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **26.11.2020** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 632/27.10.2020, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** -109/10, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - ओमकार सिंह पटलिया S/o चैन सिंह पटलिया, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**-सोमबती बाई W/o राजू अहिरवार.

मुहर

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम,**
**बीरगांव**



**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**वार्ड का नाम - पं. रविशंकर शुक्ल**
**वार्ड क्र. 13, वर्ष 2019-20**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **26.11.2020** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 633/27.10.2020, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** -34/13, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - संतोष सेन S/o छोटेलाल सेन, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**-भुनेश्वरी ढीमर W/o रेवाराम ढीमर.

मुहर

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम,**
**बीरगांव**



**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**वार्ड का नाम - डॉ. राजेन्द्रनाथ टैगोर**
**वार्ड क्र. 40, वर्ष 2019-20**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **26.11.2020** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 631/27.10.2020, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** -744/40, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - राम कुमार यादव S/o भागीरथी यादव, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**-गुलाब पाल S/o संतु पाल.

मुहर

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम,**
**बीरगांव**



**कार्यालय नगर पालिक निगम**
(जोन -4) रायपुर छ.ग.
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी के नीचे मोतीबाग चौक

**-: संशोधित ईश्तहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्र.क्र. 162, 2020-2021**
**वार्ड का नाम - स्वामी विवेकानंद सदर बाजार-45**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड-45** वार्ड स्थित भवन / भूमि **45/शाप नं. C/208-A** भुतल 224, 225 एवं 231 का भाग जो कि निगम अभिलेख में **श्रीमती राहणी सेठिया पति किशोर कुमार सेठिया** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्रीमती आलोका कर्मकार पति श्री विश्वनाथ कर्मकार** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/सहमति पत्र/ शपथ पत्र/दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/बिना पंजीकृत वसीयतनामा/ पंजीकृत बंटवारानामा / बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेंगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर

**जोन कमिश्नर**
**जोन क्र. -04**
**नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)**



**कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक**
**स्व. श्री बलीराम कश्यप स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय जगदलपुर, जिला-बस्तर (छ.ग.)**

क्रमांक/निविदा/03 जगदलपुर, दिनांक 24.10.2020

**निविदा आमंत्रण सूचना**

स्व. श्री बलीराम कश्यप स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध चिकित्सालय, जगदलपुर जिला बस्तर जगदलपुर (छ.ग.) के लिए वर्ष 2020-21 में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत स्थानीय स्तर पर दवाओं, सर्जिकल एवं अन्य सामाग्रियों के क्रय हेतु जगदलपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र के अंतर्गत पंजीकृत एवं अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रुपये 1000/- (एक हजार मात्र) नगद भुगतान कर दिनांक 10.11.2020 के शाम 5 बजे तक कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किये जा सकते हैं।

1. निविदा बिक्री की अंतिम तिथि - 10.11.2020 शाम 5 बजे तक
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि- 23.11.2020 दोपहर 2 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि - 23.11.2020 समय शाम 4 बजे

**संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक**
**स्व. बलीराम कश्यप स्मृति शास. चिकि. महा.**
**संबद्ध चिकित्सालय जगदलपुर, डिमरापाल**

जी-84554/41

## संपादकीय

# वैक्सीन पर राजनीति,विपक्ष द्वारा भाजपा की आलोचना

**विपक्ष** ने भाजपा द्वारा बिहार में सबको मुफ्त वायरस टीके का वादा चुनाव घोषणापत्र में शामिल करने की आलोचना की है। उसके दृष्टिकोण से कुछ मुद्दों का राजनीतीकरण नहीं होना चाहिए। ऐसा खासकर कोरोनावायरस वैक्सीन के बारे में सही है जिसकी प्रतीक्षा पूरा देश कर रहा है क्योंकि वह दुनिया का एक अत्यधिक प्रभावित देश है। अभी वैक्सीन के परीक्षण चल रहे हैं और इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि वह व्यापक रूप से प्रभावी होगी। यदि उसकी प्रभावशीलता मान भी ली जाए तो वैक्सीन देने के मामले में श्रेणीबद्ध प्राथमिकता अन्य बीमारियों से ग्रस्त रोगियों को देनी चाहिए। हालांकि, सरकार द्वारा सभी नागरिकों को मुफ्त वैक्सीन देने का लक्ष्य कल्याणकारी उद्देश्य से सराहनीय है। लेकिन इसका उद्देश्य राजनीतिक लाभ पाना नहीं होना चाहिए। विपक्ष की नजर में भाजपा द्वारा बिहार चुनाव में ऐसी घोषणा चुनावी लोकरंजकता का एक उदाहरण तथा सर्वाधिक घातक महामारी के प्रति जनता में व्याप्त बेचैनी का लाभ उठाने का प्रयास है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा इसकी घोषणा करना और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। अगले वर्ष चुनाव होने वाले राज्य तमिलनाडु ने भी ऐसी ही घोषणा की है। अन्नाद्रमुक नेता व मुख्यमंत्री ई. पलानीस्वामी ने सबको मुफ्त वैक्सीन का वादा किया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री तथा आम आदमी पार्टी-आप के नेता अरविंद केजरीवाल ने मौके का फायदा उठाते हुए सवाल किया है कि क्या गैर-भाजपा शासित राज्यों की जनता की पीड़ा पर ध्यान नहीं दिया जाना चाहिए। नेशनल कान्फ्रेंस नेता उमर अब्दुल्ला ने इसे 'घोर लोकरंजकता' तथा 'कोविड से भय का बेशर्मी से लाभ उठाने' का प्रयास बताया है। उन्होंने पूछा है कि क्या भाजपा वैक्सीन के लिए खर्च पार्टी के खजाने से करेगी। हालांकि, केन्द्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री अश्विनी चौबे ने स्थिति स्पष्ट करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा है कि केन्द्र ने वैक्सीन के वितरण की व्यापक योजना बनाई है तथा उन लोगों की पहचान की है जिनको वैक्सीन देने में 'प्राथमिकता' दी जाएगी। उन्होंने यह आश्वासन भी दिया है कि सभी राज्यों के लोगों को मुफ्त वैक्सीन दी जाएगी। भाजपा आईटी प्रकोष्ठ के अमित मालवीय ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य राज्य का विषय है और बिहार की भाजपा इकाई ने चुनाव जीतने पर राज्य की जनता को इसे मुफ्त देने का वादा किया जिसमें कोई गलती नहीं है। दूसरी राज्य सरकारें भी ऐसा कर सकती हैं। लेकिन विपक्ष भाजपा नेताओं के इन स्पष्टीकरणों से संतुष्ट नहीं है। राष्ट्रीय जनता दल-राजद ने निर्वाचन आयोग से अनुरोध किया है कि वह भाजपा को 'चुनाव के मामले में वैक्सीन का वादा करने से रोके।'

आशंका है कि दिसंबर के पहले कोरोना वैक्सीन के चिकित्सकीय परीक्षण के परिणाम सामने नहीं आएंगे और ऐसे में अगले वर्ष के प्रारम्भ में ही वैक्सीन का वितरण शुरू होना संभव हो सकेगा। ऐसे में सरकार को वैक्सीन वितरण प्रक्रिया पर ध्यान देते हुए कोल्ड चेन ढांचा मजबूत करने पर ध्यान देना चाहिए क्योंकि यह भी अपने आप में बड़ी चुनौती है। यदि सुरक्षा मानकों का पालन न हो तो बड़ी मात्रा में वैक्सीन के वायल खराब हो सकते हैं, अतः उनकी सुरक्षा के लिए तापमान पर नियंत्रण जरूरी होगा। अन्य वैक्सीनों की तुलना में कोविड वैक्सीन को और कम तापमान पर रखा जाता है। इसके अलावा इस पर बहुत अधिक पैसा खर्च करना होगा। सीरम इंस्टीट्यूट ने ८०,००० रुपये खर्च होने का अनुमान लगाया है। ऐसे में सवाल है कि क्या सरकार यह बोझ वहन करने में निजी क्षेत्र से सहयोग लेगी। इसके साथ ही अन्य बीमारियों से ग्रस्त लोगों की पहचान करना भी अपने आप में बड़ा काम है। वैक्सीन वितरण की चुनौतियां बहुत व्यापक होंगी और इनसे निपटने के लिए केन्द्र तथा राज्य सरकारों को परस्पर सहयोग करना होगा। ऐसे में सभी राजनीतिक दलों को सहयोगी भावना से कोविड वैक्सीन वितरण में एकजुटता का प्रदर्शन करना होगा।

# क्या बिहार में चलेगा मोदी का जादू?

## यद्यपि नरेंद्र मोदी का प्रभाव एवं लोकप्रियता दमदार है, क्या यह इस धारणा को दूर कर पाएगी कि नीतीश अपना स्वर्णिम काल पीछे छोड़ चुके हैं?



**स्वपन दासगुप्ता**
(लेखक राज्यसभा के सदस्य और वरिष्ठ पत्रकार हैं)



यहां पर रिकार्ड मिश्रित प्रकृति का है। मोदी झारखंड में रघुबर दास के विरुद्ध व्याप्त सत्ता विरोधी भावना को परास्त नहीं कर पाए, वो और अमित शाह दिल्ली में आम आदमी पार्टी की जीत होने से रोक नहीं पाए थे क्योंकि नेतृत्व के मामले में केजरीवाल की छवि स्थानीय भाजपाई चेहरों से बेहतर थी। लेकिन चुनावी गणित की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

भारत में मत सर्वेक्षण भले ही संकेत देते हैं लेकिन वे शायद ही कभी सटीक होते हैं, एक्जिट पोल के विपरीत जो वास्तविकता के काफी हद तक निकट साबित होते हैं। सटीक न होने के कारण का अंश चुनावों के दोषपूर्ण पद्धतिशास्त्र में निहित है। यदृच्छया निदर्शन में काफी पैसा खर्च होता है, निदर्शन की खामियों की बात तो अलग है, और मीडिया संगठनों के पास सीमित बजट प्रायः सांख्यिकीय रूप से सशक्त सर्वेक्षण नहीं होने देता है। उसके शीर्ष पर विचित्र किंतु सत्य झुकाव मतदान सर्वेक्षकों का ऐसे परिणाम दर्शाने के प्रति होता है जो उनके ग्राहकों को अच्छे समाचार प्रतीत होते हैं। सटीक पूर्वानुमानों का महत्व विश्वास दिलाने वाले अच्छे समाचार की तुलना में मीडिया संगठनों एवं राजनीतिक दलों का रास नहीं आता है।

भारतीय चुनावों में मत सर्वेक्षणों का वास्तविक दोष चुनावों के प्रकाशन पर निर्वाचन आयोग द्वारा थोपे गए प्रतिबंधों में स्थित हो सकता है। चूंकि यह मान लिया गया है कि प्रचार किसी भी प्रकार उन निर्वाचनों से प्रभावित नहीं होना चाहिए जो विजेताओं एव पराजितों की भविष्यवाणी करते हैं, चुनाव क्षेत्रों में समय रेखाओं से पूर्व संचालित किए जाते हैं तो वे स्पष्ट होते हैं। अभी तक प्रकाशित निर्वाचनों में महत्वपूर्ण रूप से बड़ी संख्या में अनिर्णय की स्थिति से गुजरने वाले मतदाता शामिल हैं, अथवा वे मतदाता जो अपने मतदान के इरादों का संकेत देने से इनकार करते हैं। इसका अर्थ है कि मामूली बदलाव परिणामों को बदल सकते हैं। सटीक मत सर्वेक्षणों के लिए जनता की मनोदशा को भांपना पड़ता है जैसे-जैसे प्रचार जोर पकड़ता है। चूंकि चुनाव आयोग द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के कारण यह संभव नहीं होता, अनुमान प्रचुर मात्रा में राजनीतिकों एवं मीडिया पेशेवरों द्वारा दिए गए उपाख्यानात्मक प्रमाणों पर आधारित होते हैं। इन स्वाभाविक सीमाओं के बावजूद, बिहार विधानसभा चुनावों की स्थिति पर कुछ टिप्पणियां करना संभव है।

सर्वप्रथम, महामारी के दौरान अंततः मत प्रतिशत को लेकर एक बड़ा सवालिया निशान लगा हुआ है। हो सकता है रैलियों में आने वाली भीड़ प्रभावशाली एवं पसंद को लेकर रोमांचित नजर आती हो। हालांकि, रैलियों का माहौल संक्रमणकारी साबित हो सकता है, मस्तिष्क में इस तथ्य को रखना समीचीन होगा कि रैलियों में शामिल होने वाले लोगों में मतदान करने वालों का प्रतिशत बहुत कम होता है। अधिकतर मतदाता कई वर्षो के दौरान प्राप्त अनुभवों की सामर्थ्य, परम्परागत संबद्धताओं एवं, अंततः, सामुदायिक पसंद के आधार पर विचार बनाते हैं। रैलियां तथा छोटे प्रचार अभियान संदेश को फैलाने में मददगार होते हैं, लेकिन वे अंतिम समय में मतदान करने के लिए कभी महत्वपूर्ण नहीं होते।

मतदान के दिन भीड़ का हिस्सा बनने संबंधी अंतरनिहित भय के कारण यह चुनाव आगे और भी जटिल हो सकता है। यद्यपि कोविड-19 का भय नगरीय इलाकों में अधिक व्याप्त है, लेकिन ग्रामीण मतदाताओं का भी एक बड़ा हिस्सा सुरक्षा घेरे से निकलकर निर्वाचन केंद्रों में जाने से परहेज करता है। मैं व्यक्तिगत तौर पर महसूस करता हूं कि बिहार चुनाव में 50 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाताओं के प्रतिशत में गिरावट आ सकती है। यदि ऐसा होता है, तो यह माना जा सकता है कि इसका कुछ लाभ अपने शासन के रिकार्ड के चलते नीतीश कुमार को मिला है तथा जंगल राज वापस लौटने संबंधी भय कुछ क्षीण हो गया है।

दूसरे, एक नेता तथा प्रशासक के तौर पर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को कम करके बताया जा रहा है। वो एक शांत होकर काम करने वाले व्यक्ति हैं तथा अपनी शैली में प्रदर्शन नहीं करते। मार्च के बाद से सामान्य जीवन में आने वाले लंबे व्यवधान का अर्थ है कि जमीनी स्तर पर उनकी मौजूदगी और अधिक अस्थायी बन गई है। उनके एकांतवासी दौर ने राज्य सरकार की प्रशासनिक पहुंच को प्रभावित नहीं किया है व राज्यों से हुए प्रवासी श्रमिकों के पलायन उनका काम अनुकरणीय रहा है। हालांकि, शांत होकर काम करना प्रायः ऊंची आवाज के विमर्शों के परिधीय होता है जो कठिनाइयों को बढ़ा-चढ़ाकर तथा प्रशासनिक गहराई को कम करके पेश करते हैं।

ये जानना कठिन है कि यदि यह अंतिम परिणाम को आकार दे पाएगा। पिछला रिकार्ड मिश्रित प्रकृति का है। उदाहरण के लिए, ओडिसा में, नवीन पटनायक का दृष्टिकोण चुनाव में उनकी पार्टी के परिणामों को प्रभावित नहीं करपाया है। उसी प्रकार, पड़ोसी पश्चिम बंगाल में वाम मोर्चा माकपा के भारी-भरकम संजाल की ताकत के बदौलत तीन दशकों तक सत्तासीन रहा था, यह इस तथ्य के बावजूद कि निर्वाचन के दिन के तीन सप्ताह पूर्व, विपक्ष ज्यादा नजर आता था।

बिहार में, निस्संदेह पिछले सप्ताह तेजस्वी यादव ने आक्रामण चुनाव प्रचार तथा 10 लाख लोगों को नौकरी देने के वादे की क्षमता के आधार पर काफी उत्तेजना पैदा की है। भाजपा ने इसका जवाब 19 लाख अतिरिक्त नौकरियां देने के वादे के साथ किया, एक ऐसा वादा जो दोनों वादों को क्षीण करने के प्रभाव रखता है। हालांकि, तथ्य यह है कि जनता दल यूनाइटेड व भाजपा का गठबंधन पूरी तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रभावीयता पर निर्भर हो गया है। यद्यपि नरेंद्र मोदी का प्रभाव एवं लोकप्रियता दमदार है, क्या यह इस धारणा को दूर कर पाएगी कि नीतीश अपना स्वर्णिम काल पीछे छोड़ चुके हैं?

अंततः, चुनावी गणित को ध्यान में रखना होगा। बिहार में विपक्ष भयंकर रूप से खंडित एवं विभाजित है तथा नीतीश विरोधी मत विभाजित हो सकते हैं। इसके चलते फर्स्ट पास्ट दि पोस्ट प्रणाली में सत्ताधारी गठबंधन को लाभ मिल सकता है। लेकिन जदयू की संगठनात्मक कमजोरी तथा जिस चुनाव क्षेत्रों में वह लड़ रहा है उनमें मतों को अपनी झोली में डालने की क्षमता को लेकर अनिश्चितता व्याप्त है। ऐसे में परिणाम क्या होंगे यदि भाजपा की सफलता दर जदयू से अधिक हो जाती है? इस संभावना ने बहुत सी अटकलों एवं साजिश के सिद्धांतों के लिए द्वारा खोल दिए हैं।

भारत में प्रत्येक चुनाव भीषण रूप से लड़ा जाता है व मतगणना के समय तक अनिश्चितता के बादलों से घिरा रहता है। हालांकि, जब मतगणना होती है तो परिणाम प्रायः स्पष्ट पैटर्न को सामने ला देते हैं। बिहार भी कुछ अलग नहीं है।

# लागोस में बर्बरतापूर्ण दमन

**गुइन डायर**
(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)



हाल में लागोस के लेक्की टोल प्लाज़ा पर विरोध प्रदर्शन करने वाले युवा नाइजीरियन अफ्रीका आने वाले पर्यटक नहीं थे। लेक्की लागोस का सबसे पोश उपनगर है, अधिकांश प्रदर्शनकारी शिक्षित थे तथा मीडिया के प्रति जागरूक लगभग सभी प्रदर्शनकारी शहरी अमीर वर्ग से थे। लेकिन इसके बावजूद सेना ने उनकी हत्या की। सेना ने जानबूझ कर उन पर निशाना लगाया। उन्होंने ट्वीट किया, 'उन्होंने दो घंटे पहले कैमरे हटा दिए थे, सड़कों पर लाइटें बंद कर दी थीं, एलएईडी बिलबोर्ड बंद कर दिए थे तथा सैनिकों को भीड़ पर गोलीबारी के लिए तैनात किया जो राष्ट्रगान गा रही थी। वे अपने साथ टैंक भी लाए। इस गोलीबारी में 78 से अधिक लोग मारे गए। इसके बाद नाइजीरिया की सेना लाशों को अपने ट्रकों में लाद ले गई।' हो सकता है कि मृतकों की संख्या बढ़ा-चढ़ा कर बताई गई हो। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बीबीसी को बताया कि उसने सैनिकों द्वारा गोली चलाने के बाद कम से कम बीस लाशों व पचास घायलों की गिनती की। आधिकारिक स्रोतों ने इनकार किया कि गोलीबारी में कोई मारा गया या वहां पर सेना तैनात थी। लेकिन चैनल टेलीवीजनों के पास वीडियो उपलब्ध हैं जिनमें नाइजीरियाई सेना की वर्दी पहने लोग आराम से बाधाओं को फ्लांग कर गुस्सा, लेकिन अहिंसक भीड़ पर गोलियां चला रहे हैं। यह नरसंहार मुख्यतः दक्षिणी नाइजीरिया में जारी विरोध प्रदर्शनों के दो सप्ताह बाद हुआ जिसके निशाने पर शुरुआत में पुलिस का स्पेशल एंटी राबरी स्क्वैड-सार्स था।

नाइजीरिया के लगभग सभी पुलिस बल भ्रष्ट व निर्मम हैं, पर सार्स खासतौर से डकैती डालने, उत्पीड़न करने तथा कभी कभी संदिग्ध लोगों व नौजवानों की हत्या करने के मामले में कुख्यात है। यदि आप नौजवान हैं, अलग रंग के बाल रखते या टैटू बनाए हैं, एक अच्छी चमकदार कार में सवार हैं तो सार्स के निशाने पर दुखद रूप से आ सकते हैं। दो सप्ताह पहले हुए प्रदर्शन सोशल मीडिया पर जारी उन तस्वीरों के बाद आए थे जिनमें एक नौजवान को सार्स द्वारा पीट कर मार डालते दिखाया गया था। 35 साल पहले सैनिक तानाशाह रहे मुहम्मदू बुहारी अब 77 साल के हैं और हाल ही में वे फिर से नाइजीरिया के राष्ट्रपति चुने गए हैं। उन्होंने खतरा पहचाना और तेजी से कार्रवाई की। दो दिन के भीतर उन्होंने सार्स को भंग कर दिया तथा उसके स्थान पर सभ्य व सौम्य बल बनाने का वादा किया, लेकिन प्रदर्शनकारी ऐसी बातें पहले भी सुन चुके हैं और अब उनका निशाना ज्यादा व्यापक है। नाइजीरिया जैसे बारूद के ढेर पर बैठा है तथा लंबे लाकडाउन के कारण बदहाली चरम पर है। प्रदर्शन पूरी दक्षिण नाइजीरिया में फैल गए थे और वे सभी अहिंसक नहीं थे। 19 अक्टूबर को एक भीड़ ने याबा में पुलिस थाने में आग लगा दी थी जो लागोस का एक और अमीर उपनगर है। बेनिन शहर के 120 किलोमीटर पूरब में हथियारों से लैस एक भीड़ ने दो जेलों पर हमला कर हजारों कैदियों को आजाद कर दिया था। सरकार का दावा है कि प्रदर्शनकारियों में अपराधियों ने घुसपैठ कर ली थी, हालांकि यह भी सच है कि कुछ स्थानों पर उनमें शिक्षित लोग भी शामिल थे। इन घटनाओं से सत्तारूढ़ राजनेता वर्ग में घबराहट फैल गई है। लेक्की में सुशिक्षित व फैशनेबल, लेकिन कानून मानने वाले नौजवानों के नरसंहार से जनता में गुस्सा और भड़क गया है। सत्तारूढ़ वर्ग नौजवानों के विद्रोह से भयभीत है क्योंकि वे न केवल देश को बदल सकते हैं, बल्कि उसे दो टुकड़ों में बांट भी सकते हैं।



अफ्रीका में सर्वाधिक 200 मिलियन की जनसंख्या वाला देश नाइजीरिया वास्तव में दो देश हैं। दक्षिणी व अधिकांशतः ईसाई जनसंख्या वाले नाइजीरिया में अधिकांश तेल, बंदरगाह और उद्योग हैं तथा यहां 95 प्रतिशत जनसंख्या शिक्षित है। लेकिन उत्तर के मुस्लिम बहुल हिस्से में 19 राज्यों में से केवल एक में साक्षरता 50 प्रतिशत से अधिक है। उत्तरी क्षेत्र की आधी युवा महिलाओं को कोई औपचारिक शिक्षा नहीं मिली है। स्वाभाविक रूप से तुलनात्मक समृद्धि ने समान रूप से असमानता को जन्म दिया है। दक्षिण के केवल 27 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा के नीचे हैं, जबकि उत्तर में इनकी संख्या 72 प्रतिशत है। इसके बावजूद विद्रोह करने वाले नौजवानों में दक्षिण के युवा हैं क्योंकि उत्तर के राजनीतिक प्रभुत्व ने एक विशिष्ट राजनेता वर्ग को सत्ता में बनाए रखा है।

औपनिवेशिक काल से सेना के अधिकारियों में उत्तर के मुस्लिमों का वर्चस्व है। इसी कारण पिछले 60 वर्ष में 38 साल तक मुस्लिम सैनिक तानाशाहों व निर्वाचित राष्ट्रपतियों ने नाइजीरिया पर शासन किया, यहां तक कि दक्षिण के ईसाई राष्ट्रपति उम्मीदवारों को भी उत्तर के हितों के सामने झुकना पड़ा। उत्तर के परंपरागत शासकों व धार्मिक नेताओं का बड़ा वोटबैंक है जिसे वे सबसे ज्यादा बोली बोलने वाले को बेच देते हैं तथा उनके हित में काम करते हैं, जबकि आम मतदाता अज्ञानी व आज्ञाकारी हैं। वोटबैंक के खरीदार दक्षिण के अमीरों का भी हित वर्तमान व्यवस्था बनाए रखने में है ताकि उनका भ्रष्टाचार जारी रहे। पिछले पचास साल में नाइजीरिया के तेल राजस्व की एक तिहाई रकम विदेशी बैंक खातों में पहुंच चुकी है।

लागोस की सड़कों पर उतरे पुरुष व महिलायें भले ही यह न समझ सकें कि उनके विद्रोह से पूरी भ्रष्ट व्यवस्था खतरे में पड़ सकती है, पर इससे लाभ उठाने वाले यह अच्छी तरह जानते हैं। इसी कारण उनकी प्रतिक्रिया बहुत तीखी है। अब से 25 साल बाद जनसंख्या में नाइजीरिया अमेरिका से आगे निकल जाएगा और दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश बन जाएगा। अच्छा होगा कि उस समय यह स्थिर व सुशिक्षित लोकतंत्र बने जहां समृद्धि का विस्तार दक्षिण से आगे भी हो।

## फरमाया



**सभी** जिलाधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि त्योहारों में कोविड प्रोटोकाल का उल्लंघन न होने पाए।

**- योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश



**किसानों** की आय दोगुनी करने एवं उत्पादन लागत घटाने व परेशानियां कम करने के लिए बदलते समय के साथ हमें अपने प्रयासों को बढ़ाना होगा।

**- नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**मैंने** ट्रंप नाम के व्यक्ति को अपना वोट दिया है। मैं आपको बता सकता हूं कि यह बहुत सुरक्षित वोट है।

**- डोनाल्ड ट्रंप**
अमेरिकी राष्ट्रपति

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## कब सुधरेगा पाकिस्तान

**विश्व** के देशों में आतंकवाद की जड़ फैलाने वाले पाकिस्तान को एस टी एफ की पेरिस में हुई ऑनलाइन बैठक में मुह की खाना पड़ी। और चारों खाने चित कर दिया। पाकिस्तान ग्रे लिस्ट से निकलने के लिए एड़ी से चोटी तक का जोर आजमाइश करने का काम नाकाम साबित हुआ। आतंकियों को पनाह देनाओर शांति प्रिय देशों की शांति भाईचारे में खलल पटकना पाकिस्तान की पुरानी फ़ितरत ओर परम्परा है। एस टी एफ ने फिर पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट में रखने का एलान किया। बिल्कुल नसीहत जरूरी है पाकिस्तान को इतना होने के बाद भी भारत के खिलाफ जहर उगलने वाले इस देश की विषभरी फन को कुचलने का टाइम आ गया। अभी भी इसकी नाकाम हरकतें और कोशिशे जारी है। समाचार पत्र से ज्ञात समाचार के आधार पर भारत के खिलाफ हमलों की फिराक में पाकिस्तान है। आतंकियों को पनाह देने वाले पाकिस्तान को ढाई साल में 25 अरब डॉलर का नुकसान हुआ। एस टी एफ का झटका इस कोरोना काल मे निश्चित ही पाकिस्तान की आर्थिक मुसीबतों को बढ़ाएगा। परन्तु इतनी ठोकरें खाने के बाद भी पाकिस्तान में कुछ भी सुधार या संसोधन सकारात्मक तौर पर नजर ही नही आता।

**- योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

## झूठे वादे न करें

**राजनीति** में सेवा नहीं सत्ता महत्वपूर्ण हो गई है इसी वजह से आज चुनावी मौसम में वादों की झड़ी लगी हुई है। राजनीतिक दल सत्ता के लिए मतदाताओं को लुभाने हेतु सब्जबाग दिखा रहे हैं। कोई नौकरियां देने की बात कर रहा है तो कोई कोरोना की फ्री वैक्सीन देने का पासा फेंक रहा है। जनता भी अब तो राजनीतिक दलों का चरित्र जान चुकी है और वह कथनी करनी के अंतर को समझने के बावजूद मतदान के लिए मजबूर है। अब देखना यही है कि कौन कितना जनता को बेवकूफ बना पाता है? राजनीति में वादे और उन पर बहुत कम अमल की परंपरा रही है। चुनाव के समय प्रतिस्पर्धा के चलते कभी राजनीतिक दल ऐसे वादे कर बैठते हैं जिस पर तात्कालिक पर अमल संभव ही नहीं होता मगर सत्ता प्राप्ति के लिए राजनीति में सब कुछ जायज हो जाता है। इस समय मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों में उपचुनावों के साथ ही बिहार में चुनावी घमासान है। महागठबंधन ने सत्ता में आने पर 10 लाख नौकरियां देने का दांव चला है। वाकई बिहार अपेक्षाकृत पिछड़ा राज्य है जहां लोगों को स्थानीय स्तर पर रोजगार की जरूरत है। सत्ता में वहां कोई भी आए इस पर प्राथमिकता के साथ अमल किया जाना चाहिए।

**- अमृतलाल मारू**, धार, मप्र

## बढ़ रही सीखने की प्रवृत्ति

**पीएम** मोदी अपने दूसरे कार्यकाल की 17वीं मन की बात में देशवासियों को त्योहारों की शुभकामनाएं दी। साथ ही लॉक डाउन और महामारी से बचाव के लिए दो गज दूरी और मास्क को लगाए रखने की अपील की।प्रधानमंत्री ने आगामी में 31 अक्टूबर को सरदार पटेल की जयंती का जिक्र करते हुए उनके सेंस ऑफ ह्यूमर को सीखने की बात कही और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्य तिथि पर प्रणाम किया। प्रधानमंत्री ने युवाओं में जोश भरते हुए कहा कि हमें निरंतर कुछ न कुछ सीखते रहना चाहिए।भारत में कई युवा, डिजिटल तकनीक की मदद से नए स्टार्टअप शुरू कर रहे, उन्होंने पुलवामा के पेंसिल विलेज का भी उदहारण देते हुए, लोगों में आत्मविश्वास जगाया। महर्षि वाल्मीकि के वक्तव्य का जिक्र करते हुए श्री मोदी ने कहा कि जब तक दृढ़ संकल्प और आत्मविश्वास है, तो कुछ भी करना संभव है।अंततः प्रधानमंत्री ने बताया कि एकदेश सर्वश्रेष्ठ देश वेबसाइट पर प्रतीदिन एक वाक्य देश के हर भाषा ने लिखा होता है, जिसे पढ़कर हम अपने देश के अलग अलग भाषाओं का लुत्फ उठा सकेंगे।

**- अमन जायसवाल**, दिल्ली

# मानाबंद तालाब में महाआरती की गूंज, पुनः हजारो महिलाओ ने किया एक साथ गंगाआरती एवं दीपदान

पायनियर संवाददाता < नवागढ़
www.dailypioneer.com

दुर्गाष्टमी के दिन शमी गणेश शारदा महामाया पर्यटन समिति एवं नगरवासियों द्वारा पिछले तीन वर्षों की तरह चौथी बार पुनः महाअष्टमी पर्व के अवसर पर नगर के प्राचीन मंदिर में माँ महामाया की आरती के साथ साथ मानाबन्द तालाब प्रांगण में ऐतिहासिक महाआरती,गंगा आरती एवं दीपदान का आयोजन किया गया। जिसमें नगरवासियों के साथ संसदीय सचिव एवं नवागढ़ विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे एवं नवागढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष तिलक घोष भी आरती में शामिल हुए।

नगर में शारदीय नवरात्र में चौथी बार हो रहे इस ऐतिहासिक महाआरती में हजारों की संख्या में नगर के सुकुल पारा,बावा पारा, बीच पारा, देवांगन पारा, मिश्रा पारा, दर्री पारा, बावली पारा,शंकर नगर सहित सभी मुहल्लो की महिलाएं सम्मिलित होकर एक साथ एक स्वर में आरती गुंजायमान होती रही,जिसके साक्षी सभी नगरवासी बने। शारदा मानस मंडली शंकर नगर नवागढ़ ने जसगीत एवं भजन व माता के गीतों से जगराता में रंग जमाया, पश्च्यात 6.30 बजते ही मंदिर और तालाब प्रांगण में एक साथ आरती प्रारम्भ हुई, आरती को




आचार्य अयोध्या प्रसाद ने स्वर दिया। महाआरती होने के बाद सभी महिलाओं अपने घर से लाए हुए दीपो का मां महामाया और गंगा मैया के चरणों मे दीप दान किया। जलते हुए दिए मानाबन तालाब में ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो आसमानी तारे जमीन पे उतर गए हों। संसदीय सचिव बंजारे ने कहा कि यह नगर का एक बड़ा धार्मिक आयोजन है जिसमें मुझे बुलाने के लिए मैं समिति का आभारी हूँ। उन्होंने कहा कि धार्मिक व राजनीतिक कार्यक्रम एकदूसरे से अलग है, इस धार्मिक आयोजन में सभी दलों को एकसाथ जोड़ने की पहल की मैं सराहना करता हूँ। मन्दिर परिसर के विकास के लिए यथासंभव प्रयास करूंगा एवं आगे भी जब भी समिति मुझे याद करेगी मैं उपस्थित रहूंगा। पर्यटन समिति अध्यक्ष विकास दीवान ने उपस्थित लोगो को जानकारी देते हुए कहा कि आज हमारे माँ महामाया माता के आशीर्वाद से नवागढ़ में स्थित माना बंद तालाब प्रांगण जो प्राचीन काल मे गोड़ राजा द्वारा स्थापित है, प्राचीन और नगर की आस्था का बड़ा केंद्र है। जहाँ पिछले वर्षो की भांति इस वर्ष भी अष्टमी पर्व पर नगर की हजारो माताएं बहने दीप लेकर उपस्थित हुए हैं। इस अयोजन इसी तरह निरन्तर आगे भी जारी रखकर भव्यता और भी बड़ानी है। महाआरती को सफल व ऐतिहासिक बनाने के लिए मैं प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से कार्य करने वालो को धन्यवाद देता हुं, क्योकि महाआरती की सफलता में एक और मुख्य बात की हम माँ शारदा महामाया पर्यटन समिति के सदस्यों ने पिछले 4 सालो से हर वर्ग हर दल को सम्मिलित करने का विचार लेकर काम किये और इसी कारण यह महाआरती को इतना भव्य मूर्त रूप मिला।



## महिलाओ ने बताया महाआरती को ऐतिहासिक पल

नगर की महिलाए मेधा दीवान, मधु रॉय, अमिता बघेल, शारदा दीवान, अविनाश कौर, कांति सोनकर, सुशीला ध्रुव, सरिता कुम्भकार, बिनो सोनकर आदि का महाआरती के बारे में कहना है कि यह आयोजन वास्तव में ऐतिहासिक है, हमारी बहने एक साथ माता रानी और गंगा मईया की आरती करना सम्भव नही था। इस असम्भव कार्य को पिछले वर्ष नगर प्रधान विकास दीवान ने सम्भव किया,जो समय के भव्यता लेता जा रहा है। उन्होंने महिलाओं को आगे बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने महिला शक्ति को एक करने किये लगातार सहयोग किया है। आरती पश्चात संसदीय सचिव ने समिति कार्यालय का उद्घाटन कर समिति अध्यक्ष विकास दीवान से मन्दिर परिसर के विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। साथ साथ इनके अतिरिक्त मन्दिर से जुड़ी आगामी योजनाओं को लेकर चर्चा कर पूर्ण सहयोग की बात कही। महाआरती में आचार्य नर्मदा प्रसाद शर्मा, बंशीधर दीवान,नरेंद्र शर्मा, नप उपाध्यक्ष आशाराम ध्रुव, हेमंत सोनकर, टीकम पूरी गोस्वामी, रीमा रुम्पल टुटेजा, रतन दिवाकर, मंजू रात्रे, लता राकेश जायसवाल, छल्ली सोनकर, राधा गोलू सिन्हा, रमेश निषाद, लक्ष्मण साहू, रूपप्रकाश यादव, वीरेन्द्र जायसवाल, सुरेन्द्र शर्मा, रामनाथ योगी, जितेंद नाथ योगी, राजेंद्र मिश्रा, बिहारी श्रीवास्तव, भुखन पूरी गोस्वामी, राजेश दीवान,राजेन्द्र खुराना, पूर्व नप अध्यक्ष गिरेन्द्र महिलांग, चंद्रपाल साहू, सुरेश साहू,मिन्टू बिसेन, देवादास चतुर्वेदी, दयावंत धर बांन्धे,डॉ जगजीवन खरे, संतोष पूरी गोस्वामी, संतोष देवांगन, सरिता दीवान,शांता दीवान, सुनीता दीवान, कन्हैया भोई,गुनी रजक, मनीष श्रीवास, राजेश निषाद सहित बड़े संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत दोनों पालियों में हो रही है बाजार क्षेत्रों की सफाई



पायनियर संवाददाता < भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्रांतर्गत शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए बाजार क्षेत्रों की सुबह और रात दोनो पालियों में सफाई कराई जा रही है। निगम के स्वास्थ्य विभाग का अमला सुबह सड़क, नालियों की सफाई के साथ झिल्ली, पन्नी के कचरे का उठाव कर रहे है, ताकि शहर की स्वच्छता बनी रहे। निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि डोर टू डोर कचरा कलेक्शन व सफाई कार्य निर्धारित समय में करने के साथ ही बाजार व सार्वजनिक क्षेत्रों से कचरे का उठाव शीघ्रता के साथ किया जाए ताकि निगम क्षेत्र में कचरे का ढेर जमा न हो पाए तथा नागरिकों को भी स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित करें। स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई के उददेश्य से भिलाई निगम क्षेत्र में सफाई कार्य समय पर किया जा रहा है। निगम क्षेत्र के पॉवर हाउस स्थित फल व सब्जी मंडी, नंदीनी रोड, सुपेला सब्जी मंडी, लक्ष्मी मार्केट, सुपेला बाजार, केम्प एरिया, नेहरू नगर, सुपेला बाजार, हार्डवेयर लाइन, दक्षिण गंगोत्री, उत्तर गंगोत्री, गोल मार्केट, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट, अनाज रोड, लिंक रोड, सेक्टर एरिया के अलावा अन्य बाजार क्षेत्र में रात्रिकालीन सफाई किया जा रहा है, ताकि बाजार में आने वाले लोगों को गंदगी के कारण समस्या न हो। स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा ने बताया कि निगम का सफाई अमला प्रतिदिन अलग अलग वार्डों में रूटचार्ट अनुसार सड़क व नालियों की सफाई करते हैं, कहीं भी कचरा जाम नहीं होने दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पहले निगम क्षेत्र में बहुत से ऐसे पॉइंट बन गए थे जहां कचरा का ढेर होता था, निगम की नियमित सफाई अभियान और लोगों की जागरूकता से स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत इन कचरो के ढेर को समाप्त कर स्वच्छ स्थल में तब्दील कर दिया गया है!

# बीएसआर अपोलो हॉस्पिटल जुनवानी रोड के अचल सम्पत्ति की कुर्की का वारन्ट जारी, निगम की टीम पहुंची अस्पताल

पायनियर संवाददाता < भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

बीएसआर अपोलो हॉस्पिटल एमके खंडूजा, बीएसआर अपोलो हॉस्पिटल जूनवानी (वर्तमान में हाईटेक बीएसआर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल) को वर्ष 2019-20 तक की बकाया राशि रुपये 1194484.00 के लिए दिनांक 2 जुलाई 2020 एवं 13 अगस्त 2020 को छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 173 एवं 174 के अंतर्गत समय सीमा में बकाया राशि जमा करने नोटिस दिया गया था परंतु बीएसआर अस्पताल द्वारा राशि जमा नहीं की गई है जिस पर आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने कुर्की का वारन्ट जारी कर दिया है। वारंट की सूचना तमिल कराने जोन आयुक्त जोन क्रमांक 1



सुनील अग्रहरी की टीम अस्पताल पहुंची और प्रबंधन को वारंट से अवगत कराया! तय समय पर बकाया राशि नहीं देने पर कुर्की कार्रवाई की चेतावनी दी! टीम में संजय तिवारी एवं राजेश गुप्ता सहित स्पैरो की टीम मौजूद रही! उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम, 1956 की धारा 173 के अंतर्गत दिए गए नोटिस के अनुसार वर्ष 2019-20 की संपत्ति कर की राशि 891199, शिक्षाकर कर की राशि 89120, समेकितकर की राशि 600, अधिभार की राशि 176565, शास्ति अधिरोपित 1000 तथा ठोस अपशिष्ट उपयोगकर्ता शुल्क 36000 कुल योग 1194484 की राशि को जमा करने के लिए बीएसआर अपोलो हॉस्पिटल एमके खंडूजा अपोलो हॉस्पिटल जूनवानी भिलाई को नोटिस दिया गया था! नोटिस के उपरांत भी तय समय सीमा में राशि जमा नहीं करने के कारण कुर्की वारंट जारी किया गया!

# आत्म निर्भर निधि के लक्ष्य को समय सीमा से पूर्व ही भिलाई निगम ने किया पार, 10 हजार लोन प्रदाय करने की योजना का 9417 लोगों ने उठाया लाभ

पायनियर संवाददाता < भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

पीएम स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना अंतर्गत निगम भिलाई क्षेत्र में शहरी पथ विक्रेताओं को 10 हजार का लोन प्रदाय करने की योजना का बेहतर क्रियान्वयन भिलाई निगम क्षेत्र में महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव तथा निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के कुशल मार्गदर्शन में हुआ है! इस योजना का लाभ अब तक 9417 लोगों ने उठाया है! लक्ष्य के अनुरूप 31 दिसंबर तक 9416 स्ट्रीट वेंडर को इस योजना से जोड़ा जाना था! परंतु भिलाई निगम ने अक्टूबर माह में ही लक्ष्य को समय सीमा से पूर्व पार करते हुए 9417 स्ट्रीट वेंडर्स को इसका लाभ दिलाया





है! भिलाई निगम की जनसंख्या का 1.5 प्रतिशत के आधार पर लक्ष्य दिया गया था! योजना के लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए निगमायुक्त ने नोडल अधिकारी तरुण पाल लहरें को इसकी जिम्मेदारी सौंपी थी एवं मिशन मैनेजर नलिनी तनेजा ने इस कार्य में पूर्ण सहयोग प्रदान किया! नतीजन लक्ष्य का आंकड़ा भिलाई निगम ने पार कर लिया!

शहरी पथ विक्रेता सड़क किनारे पसरा, रेहड़ी या ठेला लगाकर अपना व्यवसाय करते हुए आमजन को रोजमर्रा का सामान उपलब्ध कराते हैं और इसी से अपना और अपने परिवार का भरण पोषण भी करते हैं! कोविड-19 संक्रमण काल में लॉक डाउन की अवधि में इन शहरी पथ विक्रेताओं का व्यवसाय काफी प्रभावित हुआ है! जिन्हें पुनः आत्म निर्भर बनाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री शहरी पथ विक्रेता आत्मनिर्भर निधि की शुरुआत की गई है! इसमें ऐसे पथ विक्रेता जिन्हें अपने व्यवसाय को पुनः व्यवस्थित करने के लिए अधिकतम 10 हजार तक ऋण की आवश्यकता है उन्हें राष्ट्रीयकृत बैंकों या माइक्रो फाइनेंस कंपनी के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जाएगा!

अधिक से अधिक पथ विक्रेताओं को योजना का लाभ दिलाने का कार्य निगम भिलाई द्वारा किया गया है! सहायक परियोजना अधिकारी फणींद्र बोस ने बताया कि निगम के विभिन्न स्थानों में फॉर्म जमा लेने जमा करने एवं ऑनलाइन एंट्री करने के बाद राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के द्वारा इसे बैंकों को प्रेषित करने का कार्य किया जा रहा है! यह ऋण केवल 1 साल के लिए है! नियमित पुनरभुगतान करने वाले हितग्राहियों को ब्याज अनुदान के रूप में 7त्न की छूट दी जाएगी! इस योजना में कोई पूंजीगत अनुदान नहीं है! 2451 लोगों को मिल चुका है लोन पीएम स्व निधि योजना के तहत 9417 में से 4428 प्रकरण स्वीकृत हो चुके हैं तथा 2451 लोगों को लोन दिया जा चुका है! 2538 लोगों का प्रकरण विभागीय प्रक्रियाधीन है!

# सड़क निर्माण में घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग हो रहा

पायनियर संवाददाता < नवागढ
www.dailypioneer.com

समाचार नवागढ़ जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत पेंड्री में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बरबसपुर से लेकर राछाभाटा तक सड़क का निर्माण हो रहा है परंतु दुखद यह कि इस सड़क निर्माण में घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग हो रहा है और यह सड़क सड़क निर्माण के मानकों को पूरा नहीं कर रहे हैं । मिली जानकारी के अनुसार नवागढ़ जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत पेंड्री में ग्राम सड़क योजना अंतर्गत सड़क का निर्माण हो रहा है और इस सड़क निर्माण का ठेका बाराद्वार के ठेकेदार संजय केडिया को मिला हुआ है। ग्राम पंचायत पेंड्री की सरपंच सीमा सूर्यवंशी ने सड़क की गुणवत्ता पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुए कहा है कि सड़क निर्माण में घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है । प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत जिन मानकों के अनुसार सड़क निर्माण होना चाहिए ठेकेदार के द्वारा मानको को पूरा नहीं किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बनने वाले सड़कों की मोटाई 3 इंच और चौड़ाई 75 सेमी होनी चाहिए परंतु ग्रामीणों के द्वारा बताया जा रहा है कि यह सड़क इन मानको को पूरा नहीं कर रही है और ना ही यह सड़क गुणवत्ता युक्त सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है।

## भारी वाहन की आवाजाही



ग्राम पंचायत पेंड्री की इस सड़क में दिनभर भारी वाहनो की आवा - जाही लगी रहती है इसलिए बहुत जरूरी है कि सड़क को गुणवत्ता युक्त बनाया जाये अर्थात मजबूत बनाया जाए जिससे यहां से गुजरने वाले भारी वाहनों को यह सड़क बर्दाश्त कर सके। चूंकि यहां हसदो नदी है । हसदो नदी के रेत घाट से रेत से भरे ट्रैक्टर ट्राली रात दिन सड़कों की लंबाई नापते हैं ।अगर यह सड़क मजबूत नहीं बनाई गई या गुणवत्ता के मानकों का यदि पालन नहीं किया गया तो भारी वाहनों से इस सड़क को उखड़ने से कोई नहीं बचा पाएगा।

## प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

सन 2000 में प्रारंभ हुई । इस योजना का उद्देश्य 500 से 1000 आबादी वाले ऐसे गांव को सड़क की सुविधा देना था जो मुख्य सड़को से ना जुड़ी हो और इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण आबादी को बारहो महीने सड़क की सुविधा देना था जिससे बरसात के दिनों में भी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनने वाली सड़कों से गांव के लोगों को शहर में आने-जाने की सुविधा मिल सके जिससे वे शहरों में जाकर रोजगार काम धंधा कर सके और उन्हें बरसात के दिनों में सड़क से कटने के कारण होने वाले नुकसान से बच सके ।

# मनरेगा के तहत निर्मित गौठानों का निरीक्षण



**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना सुराजी गांव के तहत नरूवा, गरूवा, घुरूवा, एवं बाड़ी योजना में बेमेतरा जिले के जनपद पंचायत साजा अंतर्गत संचालित गौठान ग्राम पंचायत रौद्रा (मोतेसरा), माटरा (खपरीलोधी), देउरगांव तथा नौकेशा का निरीक्षण मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बेमेतरा रीता यादव द्वारा किया गया। जिसमें उनके द्वारा गौठानों में वर्मी कम्पोस्ट निर्माण कार्य तथा आवारा पशुओं के लिए गौठानों के पर्याप्त मात्रा में पैरा दान के माध्यम से पैरा एकत्रित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया एवं गौठानों के सुचारू रूप से संचालन हेतु गौठान प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, महिला स्व सहायता समूह, सरपंच, सचिव एवं संबंधित तकनीकी सहायक से चर्चा किया गया। गोधन न्याय योजना के निर्देशों का पालन करने के लिए निरीक्षण के दौरान ग्रामों में बताया गया। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी, ज.पंचा. साजा, संबंधित ग्राम पंचायत के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, तकनीकी सहायक, सरपंच, सचिव एवं गौठान प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भी उपस्थित रहें।

# परम्परागत रूप से निकली माँ काली की झांकी, महिषासुर वध के बाद जला रावण

पायनियर संवाददाता < नवागढ़
www.dailypioneer.com

विजय दशमी पर प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़े धूमधाम से दशहरा का पर्व मनाया गया। कोरोना के भय को लोगो के उत्साह ने मात दे दी। नवागढ़ नगर में परम्परा की तरह माँ काली की भव्य झांकी डॉ चौधरी के निवास से निकली, जहाँ नगर के प्रधान विकास धर दीवान ने काली मां का प्रथम पूजन किया।जिसके पश्चात माँ काली का जीता जागता स्वरूप एक हाथ में खप्पड़ और दूसरे हाथ मे तलवार लिए महिषासुर से लड़ाई करते हुए, हनुमान,जामवंत सहित अन्य देव स्वरूपो व पुजारियों के साथ निकले। माँ महामाया मन्दिर में काली मां का पूजन किया गया,जिसके बाद भीषण युद्ध के लिए पूरा दल मनाबन तालाब की ओर रवाना हुआ। युद्ध स्थल पर संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे, नगर पंचायत अध्यक्ष तिलक घोष एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शक्तिधर



दीवान सहित पार्षदगण ने माता को प्रणाम किया। ज्ञात हो कि दशहरे के रोज मानाबंद तालाब के किनारे काली माता और महिसासुर का भीषण युद्ध होता है,जो पूरे प्रदेश में प्रसिद्ध है। जिसे देखने हजारों की संख्या में दर्शक तालाब के चारों ओर इकट्ठे होते है।

यद्ध के अंत मे माँ काली ने महिषासुर का वध किया, फिर पूरी टोली काली मां के जयकारों के साथ तालाब चक्कर लगाते हुए वापस हुई। वापसी के दौरान श्रद्धालुओं ने माँ काली का पैर स्पर्श कर आशीर्वाद लिया तो कई महिलाएँ माँ काली के रास्ते पर लेट गयी ताकि वे उनसे होकर गुजरे।

## आनंद रावण संवाद का हुआ मंचन

मानाबंद में लंका दहन पश्चात राम लक्ष्मण एवं रावण सहित समस्त पात्र नगर के प्रमुख मार्ग से बस स्टैंड स्थित सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति के मंच पर पहुँचे, जहाँ परंपरानुसार अंगद रावण संवाद का मंचन किया गया। धीरे धीरे जैसे ही शाम हुई वैसे ही गौठान पर खड़े रावण के पुतले का विधायक गुरुदयाल बंजारे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने विधिवत पूजन कर दहन किया। चारो तरफ आतिशबाजियों का शोर रहा। विधायक बंजारे ने कहा कि दशहरा का पर्व असत्य पर सत्य की जीत, अंधकार पर प्रकाश की जीत और अधर्म पर धर्म की जीत का पर्व है यह पर्व हमें अपने अहंकार तथा बुराई को समाप्त कर अच्छाई तथा सत्य की राह पर चलने का सीख देता है जब तक हमारे समाज, आस-पास तथा स्वयं में जो बुराई है वह समाप्त नहीं होगी तब तक हम और हमारा समाज आगे नहीं बढ़ पाएगा। इसलिए समाज में अहंकार, बुराई तथा असत्य के प्रतीक रावण का नाश जरूरी है, तभी हम आगे बढ़ पाएंगे। वही इधर राम मंदिर में बंशीधर दीवान,राजेन्द्र मिश्रा,भुखन पूरी गोस्वामी, बिहारी श्रीवास्तव,संतोष पूरी,संतोष देवांगन,तातू यादव,बहोरन सिंह ठाकुर,बुलटू यादव,पंचू यादव,गुनी रजक,तिहारी देवांगन,बाबूराम जायसवाल,रामकुमार श्रीवास, पूर्व नप अध्यक्ष गिरेन्द्र महिलांग,अशोक निषाद,कन्हैया भोई, राजेन्द्र टुटेजा,धनीराम निर्मलकर,गोलू सिन्हा, मुकेश तंबोली,परसादी यादव,शिव सोनकर, छन्नू सोनकर, ईश्वर कुम्भकार, नरेंद्र बंजारे, रमेश निषाद,लतेल यादव,सतेलु यादव,बबलू यादव,रामकुमार यादव,कंगला यादव,होरी रजक,बलराम सोनकर, मुन्ना यादव,ढेलु ध्रुव, फिरतु ध्रुव, मंगलू ध्रुव, राजेश निषाद व अन्य ने पूजन किया।

# निश्शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ लेने के लिए, पंजीयन कराने संगठित एवं असंगठित कर्मकारो में भारी उत्साह, पहले दिन 76 लोगों ने कराया पंजीयन

पायनियर संवाददाता < भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत निश्शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ लेने के लिए पंजीयन शिविर आज से प्रारंभ हो गया है! शिविर को लेकर पहले दिन ही संगठित, असंगठित एवं भवन व अन्य संनिर्माण कर्मकारो में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है! मुफ्त स्वास्थ्य परीक्षण के लिए अनिवार्य रूप से पंजीयन कराया जाना आवश्यक है जिसके लिए शिविर में कर्मकार उपस्थित हो रहे है! ऐसे पंजीयन कार्ड धारियों को ही स्वास्थ्य योजना का लाभ दिया जाएगा! इसके लिए नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्रांतर्गत मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत असंगठित एवं संगठित कर्मकारों का पंजीयन शिविर का आयोजन दिनांक 26 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक किया गया है। मेडिकल मोबाइल यूनिट से





संचालित होने वाले स्वास्थ्य योजना का लाभ लेने के लिए असंगठित एवं संगठित कर्मकारो को पंजीयन कराना नितांत आवश्यक है। शिविर में पंजीयन का समय प्रातः 9 बजे से 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। शिविर में संगठित एवं असंगठित का पंजीयन कार्ड बनाया जाएगा, जिन्हें मेडिकल मोबाइल यूनिट द्वारा संचालित स्वास्थ्य योजना का लाभ मिलेगा! महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव तथा निगमायुक्त श्री तुराज रघुवंशी ने शिविर में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि अधिक से अधिक लोगों को मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना से जोड़ने के लिए संगठित एवं असंगठित कर्मकार का पंजीयन करावे! निगम प्रशासन क्षेत्र के नागरिकों से अपील करता है कि शिविर में निर्धारित समय में पहुंचकर योजना का अधिक से अधिक लाभ उठावे, ताकि निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ मिल सके। निशुल्क स्वास्थ्य योजना का लाभ लेने के लिए पंजीयन है अनिवार्य निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ लेने के लिए संगठित एवं असंगठित कर्मकारो का पंजीयन कार्ड होना जरूरी है! शिविर के माध्यम से मजदूर/श्रमिक पंजीयन कार्ड बनाने के लिए परिवार के सभी सदस्यों का आधार कार्ड, स्वयं का बैंक खाता/पासबुक, स्वयं का एक फोटो एवं स्व घोषणा प्रमाण पत्र जो स्थानीय पार्षद से प्रमाणित हो की आवश्यकता होगी! शिविर में इन दस्तावेजों को अनिवार्य रूप से लाना होगा!

आज 152 कर्मकारो ने प्राप्त किया पंजीयन फार्म मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत निश्शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ लेने के लिए आज 152 कर्मकारो ने पंजीयन कराने के लिए फार्म प्राप्त किया है! जोन क्रमांक 1 क्षेत्र में संचालित हुए पंजीयन शिविर में जूनवानी, स्मृति नगर, कोसानगर, राधिका नगर, लक्ष्मी नगर, सुपेला बाजार, कांट्रैक्टर कॉलोनी, फरीदनगर, रानी अवंतीबाई चौक कोहका एवं पुरानी बस्ती कोहका के कर्मकारो ने पंजीयन कराने के लिए फॉर्म प्राप्त किया तथा 76 कर्मकारो का शिविर में ऑनलाइन पंजीयन किया गया!

## क्विक न्यूज

### लमडांड के पंचायत सचिव जयराम डेल्की निलंबित

रायगढ़। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जनपद पंचायत लैलूंगा ग्राम पंचायत लमडांड के पंचायत सचिव जयराम डेल्की को बिना पूर्व सूचना के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने तथा कारण बताओ नोटिस जा समाधान कारक जवाब प्रस्तुत नहीं करने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में पंचायत सचिव जयराम डेल्की जनपद पंचायत लैलूंगा में अटैच किया गया है तथा निलंबन अवधि में उसे नियमानुसार जीवन-निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

### अजय इंगाई की जनसुनवाई को लेकर जिला प्रशासन पर उठ रही उंगली

रायगढ़। वैश्विक महामारी काल में रायगढ़ के पूंजीपथरा क्षेत्र में अजय इंगाई की जनसुनवाई 25 नवंबर को रखी गई है। इस जनसुनवाई में सिर्फ 100 लोगों को जिला प्रशासन ने जनसुनवाई में भाग लेने की अनुमति दी है। क्या यह जनसुनवाई वैधानिक मानी जा सकती है। जबकि इस उद्योग की जनसुनवाई को लेकर आसपास के ग्रामीणों में खासा रोष देखा गया है। इनका कहना था कि हमें जिला प्रशासन विरोध करने का मौका ही नहीं दे रहे हैं सिर्फ उद्योग के पक्ष में बोलने वालों को मौका देकर, लीपापोती करने की आरोप लगा रहे हैं और कंपनी के पक्ष में जनसुनवाई कराने का भी आरोप लगाया है। उल्लेखनीय है कि किसी भी उद्योग की स्थापना के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए प्रभावित क्षेत्र के लोगो की राय जनसुनवाई के माध्यम से ली जाती है। पहले ही पूंजीपथरा क्षेत्र में काफी उद्योग संचालित हो रहे हैं। जिससे वनों से घिरे इस क्षेत्र में पहले से ही प्रदूषण से लोग परेशान हैं। उद्योग स्थापित होने के बाद नियमों का पालन नहीं किया जाता है। पर्यावरण विभाग के अधिकारी भी प्रदूषण को लेकर किसी प्रकार की कार्रवाई उद्योगों के खिलाफ करने से बचते हैं। यही वजह है कि ग्रामीणों में उद्योगों के प्रति काफी नाराजगी है।

# बुजुर्गों की देखरेख हम सब की सामाजिक जिम्मेदारी : एसपी

■ वृद्धाश्रम में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए एसपी, बुजुर्गों को बताये उनके कानूनी अधिकार, थाना, चौकी प्रभारीगण द्वारा वृद्धजनों की बैठकें लेकर सुनी जा रही है उनकी समस्याएं

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिले में चलाए जा रहे समर्पण अभियान की रूपरेखा पर रविवार को विस्तृत चर्चा के बाद सोमवार को थाना चक्रधरनगर अन्तर्गत पहाड़ मंदिर के पास स्थित वृद्धाश्रम में सीनियर सिटीजन सेल रायगढ़ द्वारा बुजुर्गों की समस्याओं से रूबरू होने एवं हेल्थ चेकअप के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह विशेष रुप से वृद्धाश्रम में रह रहे वृद्धजनों की समस्याएं सुनने उनसे चर्चा करने उपस्थित थे। इसके पूर्व भी वे इसी वृद्धाश्रम में वे वृद्धजनों से मुखातिब हुए थे।

कार्यक्रम दौरान बताए कि पुलिस विभाग हमेशा जनभागीदारी के कार्यों में संलग्न रहती है। हमारा विभाग यह चाहता है कि समाज में कहीं कोई उपेक्षित ना रहे, सभी को सामाजिक सम्मान एवं कानूनी मदद मिले। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री द्वारा पुलिस विभाग के माध्यम से समर्पण अभियान की शुरूआत 5 जिलों से की जा रही है। इसके तहत जिला पुलिस रायगढ़ को उन 5 जिलों के साथ जिले में बुजुर्गों के कल्याण, सम्मान के लिए विशेष कुछ करने का मौका मिला है। वे समर्पण अभियान के तहत जिले में आगे की कार्य योजना पर उपस्थित लोगों से संक्षिप्त चर्चा कर बताए कि जिला पुलिस सीनियर सिटीजन तथा ऐसे असहाय वृद्धजन जो अपने आप को उपेक्षित या असहाय समझते है उनका पंजीयन सीनियर सिटीजन सेल में करायेंगे। जिन्हें कानूनी सहायता की आवश्यकता है, उन्हें कानूनी सहायता प्रदाय की जाएगी। वे आगे बताये कि हमारे आसपास कई बुजुर्ग, सीनियर सिटीजन ऐसे हैं जिनके अपने ही उन्हें उपेक्षित करते हैं, लेकिन ज्यादातर मामलों में बुजुर्ग ही अपनों की शिकायतें करने थाने नहीं आते हैं। ऐसे उपेक्षित एवं असहाय वृद्धजनों तक अब पुलिस पहुंचेगी। बुजुर्गों के लिये *मेंटेनेंस एंड वेलफेयर आफ पैरंट्स एंड सीनियर सिटीजन एक्ट 2007 गया है जो वर्ष 2008 से प्रभावशील है। जिसके अनुसार अपने माता-पिता,



बुजुर्गों की देखभाल नहीं करने वालों को जेल तक भेजने का प्रावधान हैं। वृद्धजन ऐसे मामलों में भरणपोषण के लिये मासिक खर्च की मांग कर सकते हैं। ऐसे मामले अगर हमारे पास आते हैं तो उनकी हर प्रकार से मदद की जाएगी। इस अभियान के तहत सदस्यता अभियान चला कर जिला पुलिस अति असहाय, जरूरतमंदों का पंजीयन कराकर उनकी समस्याएं निपटायेंगे और उनका निराकरण हुआ है या नहीं उस पर फालोअप करेंगी और वृद्धजनों के लिये कार्य कर रहे समाज कल्यासण विभाग, हल्ह्र के साथ मिलकर वृद्धजनों को हर प्रकार की मदद मुहैया करायेगी। कार्यक्रम दौरान एसपी रायगढ़ द्वारा अपने हाथों से प्रथम सदस्यता पंजीयन प्रपत्र एक वृद्ध का भरे। इसके साथ ही इस अभियान की शुरुआत इस जिले में हो चुकी है अब थाना प्रभारीगण द्वारा अपने अपने क्षेत्र में इस प्रक्रिया को विस्तारपूर्वक आगे बढ़ाएंगे। इस अभियान दौरान जिन तक पुलिस पहुंच नहीं पा रही है वे अपना रजिस्ट्रेशन पुलिस कार्यालय संबंधित थाने, चौकी में सीनियर सिटीजन प्रपत्र भरकर जमा कर सकते हैं अथवा सीनियर सिटीजन के ईमेल, हेल्पलाइन नंबर में कांटेक्ट कर कर सकते हैं। उन्होंने वृद्धजनों की उपेक्षा को सामाजिक बुराई बताते हुए बुजुर्गों की देखभाल करना हम सब की सामाजिक जिम्मेदारी है बताएं। वृद्धाश्रम में वृद्धजनों से चर्चा दौरान पुन- बोले कि यदि कोई अपने घर जाना चाहता है, उनके अपने उन्हें रखना नहीं चाहते तो ऐसे प्रकरणों पर गंभीरता से कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए ही आज हम सब उपस्थित हुए हैं। उन्होंने वहां उपस्थित सभी वृद्धजनों से एक-एक कर चर्चा किए।

### साबुन, मास्क व बिस्किट का वितरण

कार्यक्रम में वृद्धजनों ने डॉ प्रभात पटेल, नेत्र चिकित्सक से परामर्श लिए तथा आयुर्वेद डॉक्टर धर्मेंद्र शर्मा द्वारा कोरोना काल में सैनिटाइजर की जगह आयुर्वेद निर्मित साबुन की विशेषता बताई गई। इस साबुन, मास्क व बिस्किट का वितरण वृद्धजनों में किया गया। कार्यक्रम में सीनियर सिटीजन सेल के जिला नोडल अधिकारी पुष्पेन्द्र बघेल उप पुलिस अधीक्षक यातायात रायगढ़, समाज कल्याण विभाग के जांयड़े, एनजीओ उम्मीद फाउंडेशन, लायंस क्लब महिला समिति की अध्यक्ष एवं प्रमुख सदस्यगण, सीनियर सिटीजन सेल के प्रधान आरक्षक संदीप मजकूर, आरक्षक प्रभात प्रधान तथा थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक अभिनवकांत सिंह अपने स्टाफ के साथ उपस्थित थे। इसी क्रम में थाना, चौकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र के वृद्धजनों के साथ बैठके लेकर उनकी समस्याओं को सुना जा रहा है। जिसमें विशेष कर वृद्ध पेंशन एवं उनसे दुर्व्यवहार, उपेक्षा की जानकारी ली गई है।

# ह्युमिनीटी बढ़ाने जीम में बहा रहे पसीना

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



कोरोना से बचाव के लिए लोग कई तरह के उपाए कर रहे हैं। कोई आयुर्वेद निर्मित काढ़ा का इस्तेमाल कर रहा है, तो कोई सुबह व शाम मार्निंग वॉक पर जोर दे रहा है। ताकि शरीर भीतर से स्ट्रांग रहते हुए कोरोना से बचाव हो सके हैं। वहीं दूसरी ओर अब शहर के जीम में लोग पहुंचने लगे हैं। हर कोई जीम में पसीना बहाने के लिए अपना एक से दो घंटा निकल कर जीम पहुंच रहे हैं। पूर्व में जीम का समय शाम के वक्त काफी कम होने से वर्कआउट करने वाले नजर नहीं आते थे, पर अब समय को बढ़ा दिया गया है। ऐसे में स्टेडियम के जीम से लेकर सभी नीजि जीम में लोग पसीना बहाने पहुंच रहे हैं।

बताया जा रहा है कि लॉकडाउन के दौरान करीब चार माह से अधिक समय तक सभी जीम बंद रहे। ऐसे में लोगों को जीम खुलने का इंतेजार था, पर कोरोना वायरस को देखते हुए जीम नहीं खोला जा रहा था। इसके बाद आनलॉक होते ही धीरे-धीरे जीम खोलने की अनुमति दी गई, पर समय काफी कम था। ऐसे में कुछेक लोग जीम वर्कआउट के लिए पहुंच तो रहे थे, पर प्रारंभ में हर कोई खास भीड़ नहीं देखी जा रही थी, पर जैसे जैसे जीम खुलने का समय बढ़ने लगा। जीम में लोग पहुंचने लगे। एक नीजी जीम के संचालक चंदन देवांगन ने बताया कि जीम का समय अब शाम के वक्त चार से रात आठ बजे तक हो गया है। ऐसे में लोग पहुंच रहे हैं और वर्कआउट कर अपनी ह्युमिनीटी पावर को बढ़ाने के लिए जमकर पसीना बहा रहे हैं। उन्होंने बताया कि हर वर्ग के लोग अब धीरे धीरे जीम आने लगे हैं। इस दौरान जीम आने वाले सभी लोगों को हाथ सेनेटाईजर करने व आपस में थोड़ी दूरी बनाए रखने सहित सभी नियमों का पालन करने भी कहा जा रहा है। जीम संचालक दुर्गेश साहू ने बताया कि वर्तमान में जीम का समय सुबह छह से दस बजे तक है और शाम को चार बजे से रात आठ बजे तक है।

## अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन की दिव्यांग विकास की छग प्रदेश संयोजक बनाई गई पिंकी अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल ने संगठन के अंतर्गत समाज के दिव्यांग बंधुओं के हितार्थ दिव्यांग विकास के छत्तीसगढ़ प्रदेश संयोजक के पद पर सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती पिंकी अग्रवाल बिलासपुर को नियुक्त किया है, तो वही दिव्यांग विकास के राजस्थान प्रदेश संयोजक के पद पर प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता हेमंत गोयल जयपुर की नियुक्ति की गई है, अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल कोलकाता द्वारा 26 अक्टूबर को उपरोक्त दोनों ही प्रदेशों के संयोजक पद पर की गई नियुक्ति के बाद कहा है कि अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन आज पूरी दुनिया में समाज हित के साथ-साथ जनसेवा, रचनात्मक कार्य, बच्चों की प्रतिभाओं को सामने लाने का कार्य, धार्मिक क्षेत्र में संगठन का योगदान साथ ही समाज के दिव्यांगों के उत्थान एवं विकास के लिए भी कार्य कर रहा है तथा इसी सोच से दिव्यांग विकास के रूप में सम्मेलन द्वारा सभी प्रदेशों में इसकी इकाई गठित कर आने वाले समय में दिव्यांगों के हितार्थ विभिन्न कार्यक्रम चलाए जाएंगे तथा दिव्यांगों का उत्थान हो, विकास एवं उनके कल्याण के लिए अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन लोगों के सहयोग से उनकी सेवा कर सके, यही हमारा मुख्य उद्देश्य है, वहीं अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के छत्तीसगढ़ प्रदेश संयोजक दिव्यांग विकास बनाए जाने पर पिंकी अग्रवाल बिलासपुर एवं राजस्थान प्रदेश संयोजक बनाए जाने पर हेमंत गोयल जयपुर राजस्थान ने कहा है कि सम्मेलन द्वारा उन्हें जो प्रदेश संयोजक का दायित्व दिया गया है।

# पेट्रोल पंप में लूट की घटना को अंजाम देने पहुंचे चार आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

पुलिस थाना सक्ती के अंतर्गत लूट के आरोपीयो को गिरफ्तार किया गया है, आरोपीयो के नाम अजय गबेल उर्फ अज्जू पिता नान्हू गबेल उम्र 25 वर्ष साकिन दर्राभांठा थाना मालखरौदा,संदीप प्रधान पिता दीपक प्रधान उम्र 22 वर्ष साकिन परसदाखुर्द,अमृत साहू पिता लेखराम साहू उम्र 34 वर्ष साकिन आडिल थाना मालखरौदा, गेंद सिंह गबेल पिता ज्योति सिंह गबेल उम्र 42 वर्ष साकिन चिखलरौदा थाना जैजैपुर है,जिनके पास से एक नग देशी पिस्टल, तीन नग जिंदा कारतूस दो नग चाकू ,टीव्हीएस अपाचे मोटर सायकल बिना नम्बर का स्कार्पियों क्रमांक सीजी 17 केके 6052 है,उक्ताशय की जानकारी 27 अक्टूबर को पुलिस थाना शक्ति द्वारा जारी की गई एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है, पुलिस द्वारा बताई जानकारी के अनुसार दिनांक 26.10.2020 को बाराद्वार रोड स्थित विष्णु पेट्रोल पम्प सक्ती में दो व्यक्ति जिनमें से एक पिस्टल रखा तथा दूसरा चाकू रखा था।

अपने-अपने पिस्टल एवं चाकू लहराते लूटपाट कि घटना को अंजाम दे रहे थे कि उसी वक्त पुलिस को मुखबीर के जरिये सूचना मिलने पर तत्काल घटना स्थल पर पुलिस पहुंच गई तथा घेराबंदी करते हुए दोनों व्यक्तियों को धर दबोचा गया तथा पूछताछ करने पर अपना नाम अजय गबेल एवं संदीप प्रधान होना बताये, दोनों व्यक्ति की तलाशी लेने पर अजय गबेल के कब्जे से एक देशी पिस्टल, 01 जिंदा कारतूस एवं संदीप प्रधान से 02 नग लोहे का चाकू तथा एक लाल रंग की अपाचे मोटर सायकल बरामद कर जप्त किया गया। आरोपियों के विरूद्ध धारा 392, 34 भादवि, 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत् अपराध क्रमांक 380/20 कायम कर विवेचना किया गया, प्रकरण की विवेचना दौरान आरोपी अजय गबेल से बारिकी से पूछताछ करने पर ग्राम- चिखलरौंदा निवासी गेंद सिंह गबेल के द्वारा पिस्टल लेने की बात बोलने पर अमृतलाल से संपर्क करने पर 70000/रू. में पिस्टल मिल जायेगा।

## अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की शक्ति शाखा ने गरीब परिवारों को वितरित की दीपावली पर्व की सामग्रियां


पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

इस दिवाली कोरोना काल में सुना ना रह जाए घर का कोई कोना, इसका बीड़ा उठाया शक्ति की अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की महिलाओं ने,26 अक्टूबर को अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने शक्ति अंचल के आस -पास के गांव में जाकर जरूरतमंदों को जरूरतमंद की चीजों के साथ-साथ- कपड़ा, दीप , बाती, तेल, खाने का सामान, एवं अन्य चीजों का वितरण किया,एक पल की इस महामारी में खुशियां लाने की डर को भगाने की पहल की महिलाओं ने, इस दौरान अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई की प्रांतीय अध्यक्ष उषा अग्रवाल, प्रांतीय सचिव आशा गोयल, अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की सक्ती शाखा अध्यक्ष रिंकू आनंद अग्रवाल, शाखा सचिव सुमन अग्रवाल के साथ-साथ अन्य लोग भी उपस्थित रहे, जिनमें संगीता अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई की पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष गीता अग्रवाल, उषा आनंद अग्रवाल, मीना राजकुमार अग्रवाल मौजूद रहे,साथ ही युवा समाज सेवी यश गोयल और हर्षा अग्रवाल भी उपस्थिति थे, इस दौरान गांव में एकत्रित लोगों को महामारी से बचने का उपाय भी बताया गया,उक्तआशय की जानकारी देते हुए अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई की सचिव श्रीमती आशा गोयल शक्ति ने बताया कि हम सभी को वर्तमान कोरोना काल को देखते हुए आपस में 2 गज की दूरी रखे, समय-समय पर हाथ धोना, सर्दी बुखार खांसी होने पर डॉक्टर की सलाह अवश्य लेना।

## जिले के किसानों को आत्मनिर्भर बनाने उद्यानिकी विभाग ने शुरू की कवायद

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिले के उद्यानिकी विभाग के द्वारा रायगढ़ के किसानों को आत्मनिर्भर बनने और उनकी आय में बढ़ोतरी के लिए आगामी कार्ययोजना को मूर्तरूप देने कमर कस ली है जिला रायगढ़ के विकासखंड रायगढ़,बरमकेला, तमनार, खरसिया, घरघोड़ा एवं धरमजयगढ़ में लगभग 50 हेक्टेयर में ग्राम के स्व सहायता समूहों द्वारा सामुदायिक बाड़ियों में सस्ती व अन्य उद्यानकी फसलो की खेती की जाएगी। जिसके माध्यम से आगामी 03 वर्षों में 64983 मानव दिवस तथा राशि 1,23,46770 रुपए के रोजगार का सृजन किया जाएगा। साथ ही प्रति वर्ष खरीफ ,रबी एवं जायद में लगभग 10,000 -12,000 क्विंटल के साग सब्जी का उत्पादन कर विपणन भी किया जायेगा । जिससे स्थानीय स्वयं सहायता समूहों के महिलाओ की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। राज्य



शासन एवम जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में अबतक कुल 5663 निजी बाड़ियों का निर्माण किया गया है जिनमे उद्यानकी विभाग द्वारा फलदार पौधे एवम सब्जी बीज का वितरण किया गया है इसके अतिरिक्त जिला प्रशासन द्वारा डीएमएफ मद से भी 4100 सब्जी मिनी किट का वितरण विकासखण्डों में किया गया है। जिससे हितग्राही साग सब्जी का उत्पादन कर स्वयं एवं परिवार हेतु उपयोग कर अतिरिक्त शेष सब्जियों को बेचकर आमदनी प्राप्त कर रहे है।

# रेत परिवहन करते दो हाईवा पकड़ाया

पायनियर संवाददाता ◄ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

नायब तहसीलदार ने रात्रि में रेत परिवहन करते पाए जाने पर रेत से भरी दो हाईवा वाहनों को पकड़कर शिनरीनारायण थाने में खड़ी कराए और लगभग 12 घंटे पश्चात उन पर बगैर कार्यवाही किए दोनों वाहनों को छोड़ दिया । प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवरीनारायण महानदी - रेतघाट में दिन- रात रेत का उत्खनन और परिवहन बदस्तूर जारी है। नगर में चर्चाएं व्याप्त है कि रेत ठेकेदार द्वारा बिना रायल्टी 3 हजार रूपये प्रति हाईवा और रायल्टी सहित 5 हजार रूपये प्रति हाईवा रेत बेच रहा है । बीते गुरूवार - शुक्रवार की दरम्यानी रात्रि लगभग 2 बजे शिवरीनारायण के नायब तहसीलदार सिध्दार्थ अनंत ने शिवरीनाराायण- महानदी रेतघाट से रेत परिवहन करते दो हाईवा वाहनें पकड़ी । उन्होंने रात्रि में ही शिवरीनारायण थाना परिसर में रेत से भरी इन दोनों हाईवा को खड़ी



करायी और शुक्रवार को दोपहर लगभग 3 बजे नायब तहसीलदार ने बिना कार्यवाही किए रेत से भरी इन दोनों हाईवा वाहनों को छोड़ दी। नायब तहसीलदार द्वारा इस तरह बगैर कार्यवाही इन वाहनों को छोड़े जाने को लेकर लोगों के मन में यह सवाल उठने लगे हैं कि यदि रात्रि में नदी से रेत परिवहन करना नियमानुसार है और रेत परिवहन करने वाले इन हाईवा वाहन चालकों के पास रेत की रायल्टी थी तो फिर रेत से भरी इन हाईवा वाहनों को थाने में लगभग 12 घंटे तक क्यों खड़ी करायी गयी ?और यदि रेत परिवहन नियमानुसार नहीं था और रात्रि में रेत रायल्टी देने का प्रावधान नहीं है तो बिना कार्यवाही किए इन दोनों हाईवा वाहनों को क्यों छोड़ दी गई ? इन सवालों का जवाब भविष्य के गर्भ में है, लेकिन नायब तहसीलदार के इन कार्यशैली को नागरिक संदेह की नजर से देख रहे हैं। वही रेत उत्खनन परिवहन की ऐसी व्यवस्था से शासन की पोल खुल रही है और प्रदेश में लोगों को सस्ते कीमत पर रेत उपलब्ध कराने की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की इस महत्वाकांक्षी योजना का माखौल उड़ाया जा रहा है।

ये रात में बेतरतीब ढंग से रेत परिवहन कर रहे थे, जो अनुचित लगा। इसे खनिज टीम के साथ संयुक्त रूप से जांच कर आगे नियमानुसार कार्यवाही करेंगे , उनके पास रायल्टी थी। इसलिए उन पर कोई फाईन नहीं की गई ।
**-सिध्दार्थ अनंत,** नायब तहसीलदार
उप तहसील-शिवरीनारायण

# कलेक्ट्रेट की भू राजस्व नजूल शाखा की कार्यशैली से आम नागरिक परेशान

■ पैसा जमा करने के बावजूद भू-स्वामित्व के प्रमाण पत्र की बाट जोह रहे लोग महसूस कर रहे ठगा सा

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

कहने को तो छत्तीसगढ़ प्रदेश में छत्तीसगढ़ की सरकार आम आदमी को सुविधाएं देने तथा भू राजस्व संहिता में संशोधन की बात कहते हुए हर एक उस आदमी को उसके मकानों का अधिकार देने की बात कहती है, किंतु जांजगीर चांपा जिले में छत्तीसगढ़ शासन की यह सभी बातें बहुत कुछ हद तक बेमानी साबित होती है, जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के नजूल एवं भू राजस्व शाखा में तो कहीं और ही मामला नजर आता है, इस शाखा में कई कई सालों तक लोगों की नजूल से संबंधित प्रकरणों की फाइलें चकरी की तरह घूम रही हैं, किंतु जिला कलेक्ट्रेट में बैठे इन अधिकारियों को आम जनता से कोई लेना देना नहीं है, तथा आवेदक अपनी फाइलों को लेकर कलेक्ट्रेट के चक्कर लगाते लगाते परेशान हो चुका है किंतु जिले में बैठे इन शाखाओ के अधिकारी उन फाइलों को झांकना तक नहीं चाहते तथा आवेदकों द्वारा अधिकारियों को निवेदन करने के बावजूद अधिकारीयो को इन फाइलों को देखने की फुर्सत नहीं है,एवं अधिकारी बहानेबाजी कर टाल देते हैं, तथा जांजगीर-चांपा जिले के कलेक्ट्रेट में इस नजूल भू राजस्व शाखा में दलाली का काम जोरों से चल रहा है, जो अपने प्रकरणों के लिए भेंट पूजा तथा रकम अधिकारियों को देता है, उनकी फाइलें तत्काल सरक जाती है, किंतु जो आवेदक कुछ नहीं देता उनकी फाइलों को लटका कर घुमाया जाता है, ताकि वह आवेदक परेशान हो जाए एवं विगत दिनों कोरोना काल के पहले छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लोगों को मकानों का भू स्वामित्व देने एक निर्धारित राशि अदाकर उन्हें आने वाले वर्षों तक प्रमाण पत्र देने की बात कही गई थी, जिसके एवज में जिला कलेक्टर जांजगीर चांपा के आदेशानुसार ऐसे पात्रता धारी वैध भू स्वामियों से से उनके सारे दस्तावेज मंगवा एक राशि निर्धारित कर बैंक चालान के माध्यम से जमा भी करवा लिया गया, किंतु दुर्भाग्य है कि उक्त बातों को लगभग 8 माह बीत जाने के बावजूद ऐसे लोगों को आज पर्यंत तक भू स्वामित्व का प्रमाण पत्र तक प्रदान नहीं किया गया है, तथा जब ऐसे लोग स्थानीय नजूल शाखा सक्ती में उक्त प्रमाण पत्र की जानकारी लेने पहुंचते हैं तब वहां बैठे अधिकारी कर्मचारियों का यही कहना रहता है कि उपरोक्त फाइलें जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय कि संबंधित शाखा में लंबित है, वहां से आएगी जब आपको प्रमाण पत्र मिल जाएगा

## पेज 1 के शेष...

### केन्द्र का कानून पूंजीपतियों के लिए, हमारा ...

भोले-भाले है। लोग ठगाए मत, इसलिए हम मंडी अधिनियम में संशोधन कर किसानों और आम उपभोक्ता के हितों की रक्षा की व्यवस्था कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय वित्त मंत्री द्वारा कोरोना संक्रमण काल के दौरान 20 लाख करोड़ रूपए के राहत पैकेज का उल्लेख करते हुए कहा कि इस विशेष पैकेज से किसी को एक पैसा भी नहीं मिला। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और शांता कुमार कमेटी सिफारिशों का उल्लेख किया और केन्द्र सरकार द्वारा किसानों के हितों की अनदेखी के मामले को सदन में बड़े ही तार्किक ढंग से उठाए। मुख्यमंत्री के संबोधन के दौरान पूरे सदन में खामोशी छायी रही। सदन के सदस्य, किसानों के हित में मुख्यमंत्री के तर्कों को बड़े ही गौर से सुनते नजर आए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब छत्तीसगढ़ की बात हो, किसानों की बात हो, तो दल नहीं, दिल देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि से छत्तीसगढ़ के किसानों को लाभ देने के मामले में केन्द्र सरकार द्वारा अड़ंगा लगाया जा रहा है। केन्द्र सरकार किसानों को भ्रमित कर रही है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि केन्द्र सरकार ने कृषि के क्षेत्र में जो तीन नए कानून बनाए है, उसकी जरूरत क्या थी? क्या किसी किसान संगठन ने या किसी राजनीतिक दल ने कानून में बदलाव की मांग की थी? कोरोना संकट काल में जब देश के लोग समस्याओं से जूझ रहे थे, ऐसी स्थिति में केन्द्र सरकार ने किसानों के हितों की परवाह न करते हुए कृषि के क्षेत्र में तीन नए अध्यादेश जारी कर दिए। उन्होंने कहा कि इसके चलते केन्द्र सरकार के एक सहयोगी दल की मंत्री ने इस्तीफा दे दिया। इन्ही तीनों कानूनों के चलते एनडीए के सहयोगी दल नाराज है। एनडीए के कई केन्द्रीय मंत्री भी इस कानून से सहमत नहीं है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि केन्द्र सरकार का कहना है कि कृषि के तीनों नए कानून, किसानों के लिए लाभकारी है। उन्होंने कहा कि यह भ्रम पूरे देश में फैलाया जा रहा है। इससे किसानों का भला होने वाला नहीं है। यह कानून पूंजीपतियों को लाभ देने वाला कानून है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में 2006 से यह कानून लागू है। आज हालत यह है कि समर्थन मूल्य तो दूर की बात, बिहार में 1300 रूपए क्विंटल से अधिक मूल्य पर किसानों का धान खरीदने वाला कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि जब इस कानून से बिहार के किसानों का कोई भला नहीं हुआ तो देश के किसानों का भला होने वाला नहीं है। केन्द्र सरकार के नए कानून के तहत निजी मंडी खोलने की बात पर एतराज जताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके जरिए सरकारी मंडियों को समाप्त करने का षड़यंत्र रचा जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस कानून की वजह से धीरे-धीरे मंडियां खत्म हो जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह चिटफंड कम्पनी जैसी व्यवस्था है। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य में चिटफंड कम्पनियों के कारनामों को भी एक-एक कर उजागर किया और कहा कि जिस तरीके से चिटफंड कम्पनियां लोगों को लालच देकर लूटती है। उसी तरह केन्द्र सरकार द्वारा पारित नए कानूनों के जरिए किसान और आम उपभोक्ता लूटे जाएंगे। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि समर्थन मूल्य भारत सरकार घोषित करती है, तो किसानों को समर्थन मूल्य दिलाने के जिम्मेदारी भी केन्द्र सरकार की है। राज्य सरकारें एजेंसी के रूप में काम करती है। उन्होंने कहा कि जब हम छत्तीसगढ़ के किसानों का धान 2500 रूपए क्विंटल में खरीद रहे थे।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

राजस्व प्रकरण क्रमांक 05/अ-2/2020-21
ग्राम रामगढ़, तहसील व जिला मुंगेली

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुरलीधर साहू पिता रामलाल साहू साकिन रामगढ़ तहसील व जिला मुंगेली द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम रामगढ़ पटवारी हल्का नंबर 30 राजस्व निरीक्षक मंडल व तहसील मुंगेली स्थित भूमि खसरा नंबर 185 रकबा 0.648 हेक्टेयर क्षेत्रफल 10900 वर्गफुट को आवास प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण किये जाने बाबत् आवेदन पत्र मय नक्शा, खसरा, बी-1 एवं अन्य दस्तावेजों की प्रतिलिपि प्रस्तुत किया गया है।

अतएव आवेदक के स्वामित्व की ग्राम रामगढ़ पटवारी हल्का नंबर 30 राजस्व निरीक्षक मंडल व तहसील मुंगेली स्थित भूमि खसरा नंबर 185 रकबा 0.648 हेक्टेयर क्षेत्रफल 10900 वर्गफुट को आवास प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किया जाना प्रस्तावित है। इस संबंध में यदि किसी को कोई दावा / आपत्ति पेश करना हो तो वे अपना दावा/आपत्ति पत्र ईश्तहार प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 6.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

राजस्व प्रकरण क्रमांक 21/अ-2/2020-21
ग्राम-भठलीकला, तहसील व जिला मुंगेली

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सेवाराम कश्यप पिता सुरेश कश्यप साकिन भठलीकला तहसील व जिला मुंगेली द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम भठलीकला पटवारी हल्का नंबर 33 राजस्व निरीक्षक मंडल धरमपुरा तहसील मुंगेली स्थित भूमि खसरा नंबर 518/4 रकबा 0.210 हेक्टेयर क्षेत्रफल 22672 वर्गफुट को उद्योग प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण किये जाने बाबत् आवेदन पत्र मय नक्शा, खसरा, बी-1, एवं अन्य दस्तावेजों की प्रतिलिपि प्रस्तुत किया गया है।

अतएव आवेदक के स्वामित्व की ग्राम भठलीकला पटवारी हल्का नंबर 33 राजस्व निरीक्षक मंडल धरमपुरा तहसील मुंगेली स्थित भूमि खसरा नंबर 518/4 रकबा 0.210 हेक्टेयर क्षेत्रफल 22672 वर्गफुट को उद्योग प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किया जाना प्रस्तावित है। इस संबंध में यदि किसी को कोई दावा / आपत्ति पेश करना हो तो वे अपना दावा/आपत्ति पत्र ईश्तहार प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 19.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली (छ.ग.)

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, रायपुर संभाग क्रं.-1, रायपुर**

**मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना**

विज्ञप्ति क्रमांक 6340/एन.आई.टी.-33/टी.सी./20-21/ रायपुर, दिनांक 23.10.2020

| कार्य का विवरण | अनुमानित राशि (लाखों में) |
|---|---|
| Moorum, Dust and Metal Supply under Maintenance Sub Dn. at Various Road Raipur | 4.99 |
| Moorum, Sand and Metal Supply at Section No.-3, under Maintenance Sub Dn. Raipur | 4.00 |

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 03.11.2020

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur/ में Live Tender के अन्तर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

जी-84577/3

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग संभाग क्र.-1**
**रायपुर**

## महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने किया भूमि पूजन

# विजयादशमी के अवसर पर महापौर ने क्षेत्र वासियों को दी बड़ी सौगात

### खुर्सीपार क्षेत्र में राम चौक का 20 लाख की लागत से होगा सौंदर्यीकरण

### महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने किया भूमि पूजन

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने आज विजयादशमी के अवसर पर खुर्सीपार के क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी है! राम चौक (अंडा चौक) के सौंदर्यीकरण कार्य का भूमि पूजन कर कार्य की शुरुआत की! लंबे समय से चौक के सौंदर्यीकरण की बाट जोह रहे लोगों को अब यहां पर गुजरने से अलग ही नजारा देखने को मिलेगा, यह चौक श्रीराम मय नजर आएगा! महापौर ने भूमि पूजन के अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अधर्म पर धर्म की जीत, अन्याय पर न्याय की विजय का यह विजयादशमी पर्व भगवान श्री राम की गौरव गाथा और उनके आदर्शों पर चलने की सीख देता है! उन्होंने भिलाई सहित प्रदेश वासियों को दशहरा पर्व की बधाई दी!



इस पर्व को यादगार बनाने के लिए अब श्री राम चौक का कायाकल्प होगा! भगवान श्री राम की धनुषधारी म्यूरल बनाई जाएगी! श्री यादव ने विधायक निधि से 20 लाख रुपए इस कार्य के लिए दिए हैं! भिलाई निगम क्षेत्र में विकास की तेज रफ्तार के साथ ही अब यह कार्य भी सम्मिलित हो गया है! क्षेत्रवासियों की काफी वर्षो पुरानी मांग महापौर ने आज कार्य की शुरुआत करके पूरी कर दी! श्री यादव ने अधिकारियों से कहा कि अब कार्य जल्द ही प्रारंभ कर दें! जोन के अधिकारियों ने बताया कि कार्य आदेश जारी कर दिया गया है, शीघ्र अति शीघ्र कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा!

श्री राम चौक के दोनों ओर होगा सौंदर्यीकरण श्री राम चौक के दोनों तरफ के खाली स्थानों पर सौंदर्यीकरण कार्य किया जाएगा! सड़क हाई मास्क की जगमग लाइटों से रोशन होगा! दोनों ओर हरियाली होगी, लैंडस्केप कार्य के साथ ही आकर्षक पौधे लगाए जाएंगे! दीवारों पर भित्ति चित्र की कलाकृति उकेरी जाएगी, पाथवे निर्माण किया जाएगा! चौक के समीप ही चारों तरफ हरियाली की चादर से ढकी हुई फ्लडलाइट युक्त ग्राउंड भी तैयार किया गया है! जिसने चौक की तस्वीर बदल दी है! अब श्री राम चौक का सौंदर्यीकरण होने से यह चौक एक अलग ही स्वरुप में नजर आएगा! भूमि पूजन के दौरान जोन आयुक्त, जोन क्रमांक 4



अमिताभ शर्मा, कार्यपालन अभियंता संजय बागड़े, सहायक अभियंता अखिलेश चंद्राकर, उप अभियंता नितेश मेश्राम एवं चंद्रकांत साहू! डी कॉम राजू, एल्डरमैन बबीता भैसारे, डी नागमणि, मुरलीधर, अरुण राय, श्रीनिवास गोस्वामी, रामा राव, जन्मेजय चौधरी, विवेक पाल, मुन्नी सिंह, पवन कोसले, मार्तंड सिंह मनहर एवं काली प्रसाद आदि मौजूद रहे!

# कलेक्टोरेट मे सतर्कता जागरुक सप्ताह के अन्तर्गत शपथ ली गई

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शासन के निर्देशानुसार 27 अक्टूबर से 02 नवम्बर 2020 तक सतर्कता जागरुकता सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसका विषय सतर्क भारत समृद्ध भारत है। सतर्कता जागरुकता सप्ताह के प्रथम दिवस आज मंगलवार को कलेक्टोरेट परिसर मे अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा शपथ ली गई। संयुक्त कलेक्टर दुर्गेश कुमार वर्मा ने शपथ दिलायी। जिसमें अधिकारियों/कर्मचारियों को भ्रष्टाचार मिटाने के लिए मिलकर काम करने का संदेश दिया। शपथ मे कहा गया कि करप्शन हमारे देश की आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक प्रगति की बढ़ी बाधाओं मे से एक रहा है।

हमारा मानना है कि सरकार, नागरिक और निजी क्षेत्र जैसे सभी हितग्राहको को भ्रष्टाचार मिटाने के लिए मिलकर काम करने की जरुरत है।

मुझे एहसास है कि हर





नागरिक को सतर्क रहना चाहिए और हर समय ईमानदारी और अखण्डता की उच्चतम स्टैंडर्स के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई का समर्थन करना चाहिए।

# जिले के 08 गांव कंटेनमेंट जोन घोषित

**कोरोना वायरस कोविड-19**

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

अपर कलेक्टर संजय कुमार दीवान ने एक आदेश जारी कर बेमेतरा जिले के तहसील बेमेतरा के ग्राम-अतरिया, ताला, पेंड्रीतराई एवं सुखाताल मे कोरोना पॉजिटिव के केस पाए जाने के कारण कोरोना वायरस के संक्रमण के फैलाव को दृष्टिगत रखते हुए उक्त गांवों को कन्टेनमेंट जोन घोषित किया गया है। तहसील बेमेतरा के प्रभारी अधिकारी प्रभारी तहसीलदार अजय चेद्रवंशी एवं पर्यवेक्षण अधिकारी अनुविभागीय दण्डाधिकारी बेमेतरा दुर्गेश कुमार वर्मा होंगे। इसी तरह तहसील बेरला के ग्राम-पाहंदा मे कोरोना पॉजिटिव के केस पाए जाने के कारण उक्त गांव को कन्टेनमेंट जोन घोषित किया गया है। ग्राम-पाहंदा




के प्रभारी अधिकारी नायब तहसीलदार पौरस वेन्ताल एवं पर्यवेक्षण अधिकारी अनुविभागीय दण्डाधिकारी बेरला संदीप ठाकुर होंगे। इसी तरह तहसील नवागढ़ के ग्राम-भिलौनी एवं रिसामली मे कोरोना पॉजिटिव का केस पाये जाने के कारण कन्टेनमेंट जोन घोषित किया गया है। भिलौनी एवं रिसामली के प्रभारी अधिकारी तहसीलदार सुश्री रेणुका रात्रे एवं पर्यवेक्षण अधिकारी अनुविभागीय दण्डाधिकारी नवागढ़ जगन्नाथ वर्मा होंगे। इसी प्रकार तहसील थान खम्हरिया के ग्राम-हेडसपुर मे कोरोना पाजिटिव के केस पाये जाने के कारण कन्टेनमेंट जोन घोषित किया गया है। ग्राम-हेडसपुर के प्रभारी अधिकारी नायब तहसीलदार तारसिंह खरे एवं पर्यवेक्षण अधिकारी अनुविभागीय दण्डाधिकारी साजा आशुतोष चतुवेर्दी होंगे।

# मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के लिए संगठित एवं असंगठित कर्मकारों का होगा पंजीयन, 26 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक होगा शिविर का आयोजन, शिविर में बनेगा पंजीयन कार्ड

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव के प्रयासों से निगम क्षेत्र में जल्द ही मेडिकल मोबाइल यूनिट से स्वास्थ्य योजना का लाभ लोगों को दिया जाएगा! इसके लिए नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्रांतर्गत मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत असंगठित एवं संगठित कर्मकारों का पंजीयन शिविर का आयोजन दिनांक 26 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक किया जा रहा है। मेडिकल मोबाइल यूनिट से संचालित होने वाले स्वास्थ्य योजना का लाभ लेने के लिए असंगठित एवं संगठित कर्मकारो को पंजीयन कराना आवश्यक है। शिविर में पंजीयन का समय प्रातः 9 बजे से 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। शिविर में संगठित एवं असंगठित का पंजीयन कार्ड बनाया जाएगा, जिन्हें मेडिकल मोबाइल

### इन स्थलों पर लगेंगे शिविर

दिनांक 26 अक्टूबर 2020 को वार्ड 01 जुनवानी, वार्ड 02 स्मृतिनगर वार्ड 03 कोसानगर के लिए राधाकृष्ण मंदिर कोसानगर में। वार्ड 04 राधिकानगर क्षेत्र के संजय नगर पूर्व एवं पश्चिम, कृष्णा नगर, वार्ड 05 लक्ष्मीनगर अंतर्गत राजीव नगर, गौतम नगर, दुर्गापारा, भीमनगर, रविदास नगर, देवांगन पारा, हडडी गोदाम के लोगों के लिए परमेश्वरी स्कूल के सामने स्थित सांस्कृतिक मंच में। वार्ड 06 सुपेला क्षेत्र के इंदिरा नगर, शंकर पारा, चिंगरी पारा, वार्ड 12 कांट्रेक्टर कॉलोनी के लोगों के लिए नेहरू नगर सांस्कृतिक भवन में। वार्ड 09 कोहका पुरानी बस्ती, वार्ड 07फरीद नगर, वार्ड 08 रानी अवंतीबाई कोहका के लोगों के लिए टाटा लाईन में सियान सदन में शिविर आयोजित किया गया है। दिनांक 27 अक्टूबर 2020 को वार्ड 11 अम्बेडकर नगर एवं वार्ड 13 राजीव नगर के लिए अंबेडकर नगर सांस्कृतिक भवन में। वार्ड 16 कुरूद के लिए स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र कुरूद में। वार्ड 17 वृन्दानगर, वार्ड 18 प्रेमनगर के लिए मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय वृन्दानगर में। वार्ड 27 घासीदास नगर के लिए हनुमान मंदिर प्रांगण में। वार्ड 19 शास्त्री नगर एवं वार्ड 14 रामनगर के लिए आईएचएसडीपी कॉलोनी के आंगनबाड़ी केन्द्र में शिविर का आयोजन किया गया है। दिनांक 28 अक्टूबर 2020 को वार्ड 20 प्रगतिनगर, वार्ड 21 सुंन्दर नगर, वार्ड 22 श्याम नगर, वार्ड 23 रविदास नगर के लिए सुंदरनगर गुरूद्वारा के पास में। वार्ड 25 संतोषी पारा के लिए यादव पारा में स्थित सामुदायिक भवन में शिविर का आयोजन किया गया है।

यूनिट द्वारा संचालित स्वास्थ्य योजना का लाभ मिलेगा। आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने इस संबंध में जोन आयुक्तों को निर्देश दिए हैं कि निगम के कर्मचारी पंजीयन कार्य में सहायक श्रमायुक्त के कर्मचारियों से समन्वय बनाकर पंजीयन कार्य में सहयोग करेंगे। निगम प्रशासन अपील करता है कि शिविर में निर्धारित समय में पहुंचकर योजना का अधिक से अधिक लाभ लेवें।

मजदूर/श्रमिक पंजीयन कार्ड बनाने के लिए यह दस्तावेज है जरूरी शिविर के माध्यम से मजदूर/श्रमिक पंजीयन कार्ड बनाने के लिए परिवार के सभी सदस्यों का आधार कार्ड, स्वयं का बैंक खाता/पासबुक, स्वयं का एक फोटो एवं स्व घोषणा प्रमाण पत्र जो स्थानीय पार्षद से प्रमाणित हो की आवश्यकता होगी!

शिविर में इन दस्तावेजों को अनिवार्य रूप से लाना होगा! श्रम विभाग के कर्मचारी फार्म की स्कूटनी करेंगे तथा शिविर में उपस्थित चॉइस सेंटर के कर्मचारी ऑनलाइन एंट्री करेंगे! निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ लेने के लिए संगठित एवं असंगठित कर्मकारो का पंजीयन कार्ड होना जरूरी है! आयुक्त रघुवंशी ने आज बैठक लेकर योजना के क्रियान्वयन को लेकर जोन आयुक्त एवं अधिकारियों को निर्देश दिए!

# फसल अवशेष को खेत में नहीं जलाएं किसान

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

फसल अवशेष को जलाने से उत्पन्न होने वाले वायु प्रदूषण के खतरे के दृष्टिगत नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (कोर्ट) द्वारा पूर्व मे ही आदेश जारी किए है। जिसके अनुसार फसल अवशेष को खेत में जलाने पर दंड का प्रावधान किया गया है। कलेक्टर श्री शिव अनंत तायल ने किसानों से अपील की है कि वे अपने खेत में फसल के अवशेष न जलाएं। फसल अवशेष जलाने से मृदा का तापमान बढ़ जाता है, जिससे मृदा की संरचना बिगड़ जाती है। जीवाष्म पदार्थ की मात्रा कम हो जाने से मृदा की उत्पादकता कम होने का खतरा होता है। फसल अवशेष जलाने से उस पर आश्रित मित्र कीट मर जाते है। जिससे मित्र कीट और शत्रु कीट का अनुपात बिगड़ जाता है, फलस्वरूप पौधों को कीट प्रकोप से बचाने के लिए मजबूरन महंगे तथा जहरीले कीटनाशकों का इस्तेमाल करना पड़ता है जिसका दुष्प्रभाव मानव स्वास्थ्य पर देखा जा रहा है। फसल अवशेष को एकत्र कर पशुचारे के रूप में उपयोग हेतु विक्रय भी किया जा सकता है। जिलाधीश ने किसानों से गौठान मे पैरा दान करने का आव्हान किया है। इसके अलावा फसल अवशेष का उपयोग नाडेप, वर्मीखाद जैसी कार्बनिक खाद बनाने में भी किया जा सकता है। कलेक्टर श्री तायल ने जिले के किसानों को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा जारी आदेश का गंभीरता से पालन सुनिश्चित करने की अपील लोगों से की है। फसल अवशेषो के प्रबधंन के लिये उपयोगी कृषि यंत्रो के बारे में विस्तृत जानकारी कृषि विज्ञान केन्द्र ढोलिया बेमेतरा एवं कृषि विभाग बेमेतरा से सम्पर्क किया जा सकता है।

# कालिका मंदिर के पूजा में शामिल हुए सांसद बघेल

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

महाष्टमी पर्व के अवसर पर सांसद विजय बघेल शहर के बाजार पारा स्थित सिद्ध शक्ति माँ कालिका मंदिर में विशेष पूजा अर्चना में शामिल हुए। माँ भद्रकाली मन्दिर में माता के दर्शन के बाद, सांसद माँ कालिका मन्दिर पहुचे। जहाँ मन्दिर समिति अध्यक्ष विजय सिन्हा व उनके समर्थकों जोरदार आतिशबाजी कर सांसद का स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि पूर्व नपाध्यक्ष विजय सिन्हा अपनी बुआ स्व. सुकवारो लता सिन्हा की स्मृति में माँ कालिका मन्दिर का उन्नयन व सौंदर्यीकरण कराया है। पाटन में अनशन की वजह से लोकार्पण समारोह में शामिल नही हो पाए थे। इसकी भरपाई करते हुए सांसद महाष्टमी के दिन माँ कालिका मन्दिर में माता का दर्शन करने पहुंचे। जहां उन्होंने



अपने समर्थको के साथ माता की विशेष पूजा अर्चना की। इस दौरान सांसद ने मंदिर के उन्नयन व सौंदर्यीकरण के लिए पूर्व नपाध्यक्ष विजय सिन्हा के प्रयासों की सराहना की।

मन्दिर समिति की ओर से सांसद का सम्मान करने के साथ माँ कालिका का चित्र भेंट किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक अवधेश चन्देल, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा राजेन्द्र शर्मा, नपा सीएमओ होरी सिंह ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि अनिल माहेश्वरी, पुष्पा साहू, सुरेश पटेल, संजीव तिवारी, नीतू कोठारी, दीपेश साहू, अमरिका निर्मलकर, दिनेश सिन्हा, दीपक मोटवानी, आशीष दानी, महेश साहू, विकास धरडे, विकास तम्बोली, राजेश दीवान, मोंटी साहू, घनश्याम सिन्हा, रघुनंदन तिवारी, सतीश कसार आदि उपस्थित थे।

# पढाई तुंहर दुवार-अंतर्गत बोल्टू के बोल के माध्यम से अध्यापन



पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कोरोना काल की वर्तमान कठिन परिस्थिति एवं विद्यालयों में बंद पढ़ाई के बीच बच्चों को शिक्षा से जोड़े रखने हेतु पढ़ई तुंहर दुआर अंतर्गत मोहल्ला क्लास में बोल्टू के बोल आदि माध्यमो से क्लास संचालित किया जा रहा है और बच्चो को शिक्षा दिया जा रहा है। कोविड-19 के निर्देशानुसार आडियो के माध्यम से बच्चो को पढ़ाया जा रहा है। बोल्टू के बोल में बेमेतरा जिले के कुल 46 शिक्षको का योगदान 141 कुल हाट बाजार, 353 लोगो को कुल सामग्री भेजे गये एवं 2672 कुल सामग्री लोगो को भेजे गये है। इस प्रकार बोल्टू के बोल के माध्यम से अध्यापन कार्य में बेमेतरा जिला पूरे छत्तीसगढ़ में दूसरे स्थान पर है। जो एक गौरव की बात है। कुछ दिनो में यह प्रयास प्रथम आने का रहेगा। इस प्रकार शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार विभिन्न माध्यमो का उपयोग कर बच्चो को अध्यापन कार्य कराया जा रहा है।

**नगदी फसल के रूप में गन्ना, सोयाबीन का भी उत्पादन कर रहे है**

# धान कटाई के लिए हार्वेस्टर का हो रहा है मेन्टेनेन्स

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

भारत एक कृषि प्रधान देश है। यहां की 70 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है। कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए अब नई-नई तकनीक का उपयोग होने लगा है। अच्छे बीज, खाद और खेती के उन्नत तरीके अपनाकर और सिंचाई सुविधाओं में सुधार ला कर उत्पादन बढ़ाया जा सकता है। कृषि के क्षेत्र में बेमेतरा जिला मूलरूप से अपने उन्हारी उत्पादन के लिए विख्यात है। यहां के किसान धान के अलावा नगदी फसल के रूप में गन्ना, सोयाबीन का भी उत्पादन कर रहे है। जिले मे दशहरा पर्व के बाद हरुना धान की कटाई चालू हो गई है। जबकी माई धान अभी पका नही है इस कारण इसकी कटाई मे अभी समय है। जिले में रबी फसल के रुप मे चने की बढ़िया पैदावर होती है।



दाढ़ी-छिरहा के अलावा नवागढ़ अंचल में चने के साथ-साथ गेहूं का भी उत्पादन किया जा रहा है। किसान अपनी फसल उत्पादन के लिए अब मशीनों का भी सहारा लेने लगा है। बरसों पहले कृषि कार्य के लिए हल का उपयोग होता था, अब उसकी जगह ट्रेक्टर का उपयोग होने लगा है। धान कटाई के लिए हार्वेस्टर का उपयोग किसान कर रहे है। इससे समय की बचत तो हो रही है, किन्तु हार्वेस्टर से काटा गया धान का पैरा मवेशी नहीं खाते है। प्राचीन समय में बेलन से धान की मिंजाई की जाती थी। इसका पैरा जानवर बड़े चाव से खाते थे। हार्वेस्टर के उपयोग करने के बाद किसान फसल का अवशिष्ट खेतों में ही जला देते है, इससे पर्यावरण संरक्षण को नुकसान पहुंचता है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एन.जी.टी.) ने भी फसलों के अवशिष्ट जलाने पर प्रतिबंध लगा रखा है किन्तु इसका पालन किसान नहीं कर रहे है।

आधुनिक समय में खेती-किसानी के उपकरणों एवं उसके उपयोग में वृद्धि हुई है। आज से एक दशक पहले बेमेतरा जिले में गिने-चुने ही हार्वेस्टर नजर आता था, अब जिले में इसकी संख्या 150 से 200 तक पहुंच गई है। हार्वेस्टर ऑपरेट करना छत्तीसगढ़ के युवा इसमें रूचि नहीं ले रहे है, इस कारण पंजाब एवं हरियाणा राज्य के हार्वेस्टर ऑपरेटर यहां रोजी-रोटी की तलाश में पहुंचे है। इससे उनको सीजनली रोजगार भी मिल जाता है। बेमेतरा के कोबिया भांठा में अभी हार्वेस्टर की मरम्मत कार्य किया जा रहा है। हार्वेस्टर का रंग-रोगन किया जा रहा है। पंजाब से आये एक हार्वेस्टर ऑपरेटर से जब हमारी मुलाकात हुई तो वे अपने हार्वेस्टर को मेन्टेनेन्स कार्य में जुटे हुए थे और अपने मोबाईल से पंजाबी गाना की धुन में मस्त थे। नाम नहीं छापने की शर्त पर उन्होंने बताया कि वे सीजनली काम की तलाश में एक-डेढ़ माह के लिए छत्तीसगढ़ प्रवास पर आये है। इसके बाद वे गृह नगर चले जाएंगे।

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2020 सतर्क भारत समृद्ध भारत बनाने का लिया शपथ



**बेमेतरा।** नगर पालिका परिषद बेमेतरा के कार्यालय प्रागंण में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2020 के अंतर्गत सतर्क भारत समृद्ध भारत बनाने का शपथ लिया गया जिसके अंतर्गत हमारे देश में करप्शन, भ्रष्टाचार को मिटाने का शपथ लिया गया दिनांक 27 अक्टुबर 2020 को कोरोना (कोविड-19) महामारी के संक्रमण के संबंध में भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशो का पालन करते हुए होरी सिंह ठाकुर मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा शपथ दिलाया गया जिसमें श्रीमती जया साहू, घनश्याम ताम्रकार, आशीष राम ठाकुर पार्षद के.एन ताम्रकार, मयंक राठौड़ उप अभियंता, श्रीनिवास द्विवेदी स्वच्छता निरीक्षक, रवि श्रीवास्तव राजस्व निरीक्षक, सजल तिवारी, राजकुमार सिंह बिसेन, अश्वनी यादव, निखिल थानेश्वर, अर्जुन यादव, राहुल शर्मा, लता ठाकुर एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# एकीकृत बाल विकास परियोजना नवागढ़ एवं नांदघाट मे दावा आपत्ति आमंत्रित

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

एकीकृत बाल विकास परियोजना नवागढ़ अन्तर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के कुल 63 पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये थे। जिसका मूल्यांकन समिति द्वारा सभी आवेदनों की प्राविधिक मूल्यांकन प्रपत्र शासन के नियम निर्देशानुसार तैयार किया गया है। इसी तरह परियोजना नांदघाट के अन्तर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के कुल 15 पद हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये थे। संबंघित मूल्यांकन पर दावा आपत्ति 26 अक्टूबर से 06 नवम्बर तक 10 कार्य के मध्य कार्यालयीन समय में सुबह 10:30 से 5:00 बजे तक एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय नवागढ़ एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय नांदघाट में जमा किया जा सकता है। मूल्यांकन समिति के निर्णयानुसार संबंधित आवेदनों के संबंध में निम्नालिखित प्रमाण पत्र दावा आपत्ति में स्वीकार किये जाएगें।

गरीबी रेखा प्रमाण पत्र (मुख्य कार्यपालन अधिकारी के हस्ताक्षर युक्त), स्थानीय निवास के संबंध में साक्ष्य, सरपंच तथा सचिव के संयुक्त हस्ताक्षरित ग्राम में निवासी के संबंध में प्रमाण पत्र। संबंधित ग्राम की मतदाता सूची में नाम उल्लेख। 8वीं परिवर्तित अंकसूची (परिवर्तित-ग्रेड से अंक आधारित) इसके अतिरिक्त कोई भी प्रमाण पत्र दावा आपत्ति में स्वीकार नही की जाएगी।

# जिला कार्यकारिणी की घोषणा एक हफ्ते में, भाजयुमो जिलाध्यक्ष के लिए लम्बी कतार

## विपक्ष में मजबूत भूमिका अदा करने वालों पर पार्टी खेलेगी दांव

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com











लम्बे समय से अटकी हुई भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यकारिणी की घोषणा एक हफ्ते के भीतर कर दी जायेगी। कई तरह की चल रही अटकलों पर विराम लगाते हुए जिलाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने खुद इस बात की पुष्टि की है। पायनियर से चर्चा के दौरान उन्होंने बताया की कोरोना संक्रमण की वजह से थोड़ा विलम्ब जरूर हुआ है लेकिन अब अगले पांच सात दिनों में कार्यकारिणी की घोषणा कर दी जायेगी। दरअसल विपक्ष में होने की वजह से इस बार ऐसे लोगों को पद में लाया जाएगा जो अपनी महती भूमिका विपक्ष में निभा सकें। इसलिए भी अब तक राय मशवरा पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के बीच चल रहा है। अब अगले एक हफ्तों में भाजपा जिला कार्यकारिणी की घोषणा हो जाने के बाद पार्टी के सबसे मजबूत विंग भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष के लिए जोड़तोड़ शुरू हो जाएगा। हालांकि प्रदेश अध्यक्ष तय होने के बाद जिलाध्यक्ष के नामों पर सुगबुगाहट शुरू हो गई है और वरिष्ठ नेताओं के पास दावेदारों का आना जाना शुरू हो चुका है।

पंद्रह वर्ष तक सत्ता सरकार का सुख भोगने के बाद भाजपा इस बार भाजयुमो जिलाध्यक्ष को लेकर किसी भी तरह का ख़तरा मोल नहीं लेगी। विपक्ष की भूमिका में युवाओं के ग?लैमर व मजबूत विरोधी तेवर रखने वाले की ही ताजपोशी इस पद पर की जायेगी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अब तक भाजयुमो जिलाध्यक्ष के लिए तक़रीबन एक दर्जन नाम उभरकर सामने आये हैं हालांकि इनमे से कुछ लोग पहले ही पार्टी के प्रमुख पदों पर बने हुए हैं लेकिन फिर भी इनकी कार्यशैली को देखते हुए पार्टी इन नामों पर विचार कर रही है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अब तक आलोक श्रोतीए किशुन यदुए मोनू बहादुर सिंहए सुमित सिंह भाटियाए कमलेश सूर्यवंशीए प्रशांत गुप्ताए गगन आईचए नवनीत जैनए प्रिंस कक्कड़ सहित कई नाम सामने आये हैं लेकिन इन नामों पर प्रमुखता से दावेदारी बताई जा रही है।

मौजूदा समय में भाजयुमो में जिला महामंत्री पद पर बने हुए किशुन यदु भी जिलाध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल हैं। हालांकि हाल ही में उन्हें नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष की भी जिम्मेदारी दी गई है। लेकिन उनकी सांगठनिक क्षमता को देखते हुए उनके नाम पर विचार किया जा सकता है। भारतीय जनता युवा मोर्चा में ही जिला महामंत्री के पद पर आसीन आलोक श्रोती पर भी जिले के नेताओं की नजर है। ज्ञात हो की आलोक श्रोती की दावेदारी पिछले बार भी बहुत मजबूत थी लेकिन ग्रामीण क्षेत्र से उस दफे कैलाश शर्मा को जिलाध्यक्ष बना दिया गया था। लेकिन लगातार पार्टी में सक्रियता को देखते हुए इस बार आलोक को मौक़ा दिया जा सकता है। भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सम्हाल रहे मोनू बहादुर सिंह भी जिलाध्यक्ष पद के मजबूत उम्मीदवार बताये जा रहे हैं। युवाओं की बड़ी टीम और लम्बे समय से पार्टी में सक्रियता व्का जिले में लोकप्रियता का भी उन्हें फायदा मिल सकता है।

जिलाध्यक्ष की दौड़ में मौजूदा उत्तर मंडल अध्यक्ष सुमित सिंह भाटिया और दक्षिण मंडल अध्यक्ष प्रशांत गुप्ता भी शामिल हैं। दोनों ने ही पिछले कार्यकाल में अपने अपने मंडलों का बहुत बेहतर संचालन किया और विपक्ष के बाद भी दोनों की सक्रियता का लाभ उन्हें मिल सकता है।

मौजूदा समय में भाजयुमो जिले की टीम में मंत्री पद पर बने हुए कमलेश सूर्यवंशी और गगन आईच का नाम भी जिलाध्यक्ष की दौड़ में बताया जा रहा है। हालांकि गगन मौजूदा समय में पार्षद हैं और कमलेश सूर्यवंशी को दो दफा पार्षद बनने का मौक़ा पार्टी द्वारा दिया जा चुका है लेकिन उसके बाद भी पार्टी में लम्बे समय से सक्रीय होने की वजह से और दोनों की सांगठनिक क्षमता को देखते हुए उन्हें मौक़ा दिया जा सकता है।

शहरी क्षेत्रों के अलावा ग्रामीण की बात करें तो जिलाध्यक्ष की दौड़ में प्रमुखता से दो नाम उभरकर सामने आये हैं जिसमे मौजूदा छुईखदान भाजयुमो अध्यक्ष नवनीत जैन व् डोंगरगढ़ के भाजयुमो अध्यक्ष प्रिंस कक्कड़ का नाम है। अपने अपने मंडलों में अपनी सक्रियता के चलते नवनीत और प्रिंस दोनों ने ही कार्यकर्ताओं की अच्छी टीम बनाई है और अब तक किसी विवादों में नहीं फंसे हैं जिसका फायदा इन्हें मिल सकता है और जिलाध्यक्ष पद पर इनकी ताजपोशी की जा सकती है।

---

## जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव के नेतृत्व में डेढ़ दर्जन लोग भाजपा में शामिल

पायनियर संवाददाता ◄ राजनंदगांव
www.dailypioneer.com

**महेश सहारे एवं तीरथ यादव ने साथियों संग थामा भाजपा का दामन**

अंबागढ़ चौकी मंडल से ग्राम चिल्हाटी सेक्टर से जिला पंचायत सदस्य अरुण कुमार यादव के नेतृत्व में महेश सहारे एवं तीरथ यादव के साथ 15 साथियों ने जिला भाजपा अध्यक्ष मधुसूदन यादव के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करते समय सभी सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि आज भारत को एक सूत्र में पिरोने का कार्य भारतीय जनता पार्टी की सरकारें कर रही है, और वे राष्ट्रवाद से प्रेरित होकर भाजपा में शामिल होने जा रहे हैं। भाजपा में शामिल होने वालों में प्रमुख रूप से मान सिंह यादव, प्रमोद दामले, उमराव लाड़े, नेमीचंद सहारे, विवेक कुमार लाडे, मिलिंद कुमार लाडे, योगेश कुमार अंबादेएभवन कुमार मुलेठी, सुनील कुमार लाडे, विकास कुमार लाडे, हीरेंद्र कुमार कुमरे, मनोज कुमार सहारेए एवं बांधा बाजार से संदीप मेश्राम प्रमुख रूप से शामिल थे।

जिला भाजपा अध्यक्ष मधुसूदन यादव ने भाजपा प्रवेश पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अब लोगों को समझ में आ चुका है कि भारत को परम वैभव के शिखर पर भाजपा ही ले जा सकती है।

इसलिए 2 वर्ष के कांग्रेस के कार्यकाल में लोगों को कथनी और करनी में अंतर अब समझ आ चुका है इसलिए गांव गांव से लोग भाजपा में प्रवेश लेने के लिए स्वम् सामने आ रहे हैं, भाजपा उनका स्वागत करती है।

---

## घुमका में विसर्जन ज़ुलूस में चाकूबाजी नाबालिग छात्र को आयी गम्भीर चोटें

- जुलूस में मारपीट की घटना, दर्जनभर युवाओं ने मचाया हंगामा, 5 आरोपी गिरफ्तार
- टी आई समेत जवानों के साथ भी झूमाझटकी, घायल छात्र एम्स रिफर

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कोविड प्रोटोकॉल के खिलाफडीजे के कानफ ोड़ू आवाज़ के साथ दुर्गा मूर्ति विसर्जन में अनियंत्रित भीड़ और शराब के नशे में धुत्त युवाओं ने विसर्जन के दौरान रास्ते मे जमकर हंगामा मचाया।

नवरात्रि में पूरे घुमका में स्थापित लगभग दर्जन भर समितियों की ओर से विसर्जन कार्यक्रम में तालाब तक पहुंचने के दौरान कई बार भारी मारपीट हुई। मौके पर मौजूद पुलिस बल बेबस दिखाई दिया। विसर्जन जुलूस ज्यों ही बस्ती के बीच पहुंचा शराब के नशे में धुत्त स्थानीय चंडी चौक के बिगड़ैल दर्जन भर लड़को ने विसर्जन जुलूस में चल रहे नाबालिग बच्चों के साथ मारपीट शुरू कर दी। पुलिस की मौजूदगी में ही दसवीं के एक छात्र को लड़कों ने चाकू मार दिया। चाकू के वार से नाबालिग के जांघ एवं पेट में गहरी चोट पहुँची है। छात्र की अंतड़ियां फट गई है और काफी खून बहा।

बाकी नाबालिग दोस्तों ने उक्त घायल छात्र को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। घायल छात्र की गम्भीर स्थिति को देखते हुए मेडिकल कालेज राजनांदगांव भेजा गया जहां लगातार रक्तस्त्राव व गम्भीर हालत को देखते हुए उपचार के लिए उसे एम्स रायपुर भेजा गया है।

घटना शाम 4 बजे की बताई जाती है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पूरे घटनाक्रम के दरम्यान घुमका पुलिस तमाशबीन बनी रही। वहीं विसर्जन जुलूस में युवाओं के बीच मारपीट की और भी घटनाएं हुई है। मौके पर उपस्थित कई प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नशे में चूर एक युवक को हुड़दंग से रोकने पर टीआई से भी झूमाझटकी की नौबत आई थी। हालात यहां तक पहुंचने के बाद भी पुलिस ने अभी तक उस झूमाझटकी करने वाले उक्त उत्पाती युवक के खिलाफ कोई कार्यवाही तक नहीं की है। बहरहाल चाकूबाजी में घायल छात्र की स्थिति परिजनों के अनुसार काफी गम्भीर बताया जा रहा है। घुमका पुलिस ने फिलहाल चाक़ूबाज़ी के मामले में आरोपियों खिलाफ भादवि की धारा 294, 506, 324, 34 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। घटना में शामिल नामजद सभी आरोपी भीड़ की आड़ लेकर फरार हो गए थे। इस तरह की अप्रत्याशित घटना के बाद पुलिस ने तत्काल आरोपियों की खोज खबर लेते हुए फरार आरोपियों की पतासाजी कर घटना में लिप्त आरोपी भुनेश्वर 22h पिता उत्तम लोधीए गोपी यादव 23h पिता बिसौहा यादवए रवि कुमार 19h पिता चुमन लाल साहू सभी साकिन घुमका व दो नाबालिग आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला गैरजमानती होने से सभी आरोपियों को राजनांदगांव जेल भेजा गया है। घुमका के इतिहास में इस तरह की पहली घटना बताई जा रही है। घटना का कारण शराब के नशे में धुत उत्पाती लड़को की हरकत को माना जा रहा है। जबकि घुमका में अवैध शराब का धंधा जोरों से चलने की शिकायत आम बात है।

### अवैध शराब बन रही वजह

घटना के दिन सुबह से ही कई पेटी अवैध शराब तस्करों ने महंगे दामों पर बेचा है और पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। काफी लम्बे समय से यहां अवैध शराब का कारोबार चलने की शिकायत मिल रही है। हुड़दंग की घटनाओं का मूल कारण नशे में धुत लड़कों की हरकतों को बताया जा रहा है। खबरों के अनुसार घुमका के अधिकांश ग्रामीणों के विरोध के बाद भी डीजे बजाने के पीछे समिति के पदाधिकारियों और पंचायत के जिम्मेदार प्रतिनिधियों का लगातार पुलिस पर दबाव बनाने को माना जा रहा है। जबकि डीजे बजाने की अनुमति किसी भी समिति ने नहीं ली थी। इसके चलते तमाम समितियों के पदाधिकारियों समेत जिम्मेदार लोगों के खिलाफकोविड प्रोटोकॉल तोड़ने और महामारी एक्ट के तहत कार्यवाही जरूरी बताया जा रहा है। वही दूसरी घटना में नशे में चूर समीपस्थ देवादा गांव के दो युवकों की तेज रफ्तार बाइक की ठोकर से तकरीबन 5 बजे बम्लेश्वरी पेट्रोल पंप के पास एक अन्य बाइक सवार युवक सलमान खान निवासी मालूद थाना पाटन की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मौजूद लोगों के अनुसार घटना इतनी भयंकर थी कि मृतक बाइक समेत लगभग 50 मीटर दूर तक घिसट गया। लाश का पंचनामा भरकर कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### तोड़ दिए सारे प्रोटोकॉल

वहीं इस साल भीड़ जुटने से संक्रमण को रोकने कई जगहों में दशहरा उत्सव स्थगित भी कर दिया गया। दूसरी ओर कुछ स्थान पर रावण दहन के कार्यक्रम में कोविड नियमों के खिलाफसैकड़ों की भीड़ पहुंची और नियम विरुद्ध 10 फ़ीट से अधिक रावण का पुतला दहन किया गया। प्रशासन केवल औपचारिकताओं तक सिमट कर रह गया जबकि कोरोना का कहर अभी थमा नहीं है। अकेले घुमका में ही तकरीबन 30 पॉज़िटिव मरीज़ों के मिलने के बाद भी यहां कोविड19 के प्रोटोकॉल और निर्धारित गाइडलाइंस का लगातार खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है। सरपंच समेत पंचायत प्रतिनिधियोंए पुलिस के अलावा प्रशासन तक मूकदर्शक बने हुए हैं। सितम्बर के शुरूआती सप्ताह से चालू हुए कोरोना का संक्रमण में लगातार इजाफा होते आंकड़ा तीन दर्जन मामलों तक पहुंच गया था। बमुश्किल अब जाकर संक्रमण की रफ्तार धीमी हो रही है। तब पंचायत और प्रशासन की लापरवाही फिर ग्रामीणों को भारी पड़ सकती है। सोशल डिस्टेंनसिंग के नियमों को दरकिनार कर पंचायत के देखरेख और पुलिस की मौजूदगी में तमाम धार्मिक और सामाजिक आयोजनो में लोगों की जुट रही भीड़ से एक बार फिर कोरोना संक्रमण की आशंका बढ़ रही है।

---

## कम्युनिटी चेकअप दौरान सीएसी में कम्युनिटी स्प्रेड नगर के व्यापारी परिवार में 16 सदस्य हुए संक्रमित

### सीएचसी के अर्बन में 16 हुए पाजिटिव

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com




नगर में कम्युनिटी सर्वे के आधार पर जारी कम्युनिटी चेकअप दरम्यान कोविड का कम्युनिटी ब्लास्ट हो गया। नगर के एक व्यवसायी परिवार से 16 सदस्यों के संक्रमित होने की पुश्टि हुई है। कोविड के इस भयावह रूख से नगर में हडकंप मच गया है। उल्लेखनीय है कि गत सप्ताह वार्ड 10 में भी एक परिवार से दर्जनभर संक्रमित हुए थे। अब वार्ड 11 में व्यवसायी परिवार के संक्रमित होने से हड़कंप मचा हुआ है। सीएचसी में बीएमओ ने दैनिक पायनियर को अधिकारिक तौर पर बताया कि एक ही परिवार से नगर में पहली दफा कोविड का ऐसा रूख सामने आया है। वार्ड 11 मे देर रात्रि 3 पाजिटिव आने के बाद दूसरे दिन उसी परिवार के ही 13 सदय यानि कुल 16 सदस्य पाजिटिव हुए हैं। डॉ चन्द्रे ने बताया कि सभी को होम आईसोलेषन की सुविधा देना असंभव है, लिहाजा आवष्यकतानुतार कोविड केयर सेंटर में दाखिल कराये जाऐंगे। खबर लिखे जाने तक संक्रमितो को केयर सेंटर ले जाने की तैयारी की जा रही है।

### वार्ड 7 व 9 में संक्रमण

बीपीएम डॉ राकेश कुर्रे ने दैनिक पायनियर को बताया कि वार्ड 7 में भी एक ही परिवार के 2 सदस्य संक्रमित हुए हैं। उल्लेखनीय है कि दशहरा के दिन भी वार्ड 9 में एक ही परिवार के 4 सदस्य पाजिटिव हुए थे। मंगलवार को वार्ड 7 में फिर से 2 सं मितो की पहचान हुई है। सभी को कोविड सेंटर दाखिल कराए जा रहे हैं।

---

## प्रसाद योजना प्रोजेक्ट पर पड़ने लगी गिद्ध नजरें

### प्रोजेक्ट स्वीकृत कराने श्रेय लेने लगे भाजपा व कांग्रेस

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

केंद्र सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल प्रसाद योजना क्रियान्वयन के लिए 43 करोड़ 33 लाख रुपए की स्वीकृति मिलने के बाद धर्मनगरी के भ्रष्ट अधर्मियो की गिद्ध नजरे पड़ने लगी है। योजना का श्रेय लेने के लिए भाजपा व कांग्रेस दोनों ही अपना अपना दावा ठोक रहे हैं जबकि सच्चाई कुछ और ही है। पूर्व नपा अध्यक्ष तरुण हत्थेल ने बताया कि पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ने योजना का प्राक्कलन बनाकर सबसे पहले भेजा था जिसके बाद नपाअध्यक्ष व उपाध्यक्ष, मंदिर ट्रस्टीगणो के प्रयास से दोबारा प्रसाद योजना का प्राक्कलन बनाकर भेजा गया व धर्म नगरी की सभी पहाड़ियों को जोड़ने के लिए रोपवे की सुविधा का प्राक्कलन बनाया गया था जो पारित नहीं हुआ।

हत्थेल ने बताया कि पूर्व सांसद अभिषेक सिंह व तत्कालीन कलेक्टर ओपी बंसल के प्रयासों के चलते धर्म नगरी में प्रसाद योजना ड्रीम प्रोजेक्ट लागू किया गया। कुछ तथाकथित नेता और मंत्री ने इस योजना को दंतेवाड़ा दंतेश्वरी मंदिर में शिफ्ट करने के असफल प्रयास किए थे परंतु प्रोजेक्ट में रेल लाइन होने की वजह से धर्मनगरी को प्रसाद योजना का लाभ मिला और उनके मंसूबों पर पानी फिर गया। केंद्र सरकार की योजना 5 साल पहले ही लागू हो चुकी है। छत्तीसगढ़ से केवल डोंगरगढ़ को चयनित किया गया है। केंद्र से राशि स्वीकृत होने के बाद निर्माण कार्यो को लेकर भ्रष्ट नेता व ठेकेदार अपनी गिद्ध नजरे गड़ाए बैठे हैं।

नपा सीएमओ हेमशंकर देशलहरा ने बताया कि धर्म नगरी में कुछ अधर्मी भी रहते हैं। भाजपा के 15 वर्षो के कार्यकाल में धर्मनगरी में विकास के नाम पर लगभग 40 करोड़ रुपए आया था जोकि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। उन्होंने बताया कि महावीर तालाब सौंदर्यीकरण के नाम से व नवनिर्मित नगरपालिका भवन में भ्रष्टाचार किया गया और आज तक ब्लैक लिस्टेड ठेकेदार से राशि नहीं वसूली जा सकी। विकास कार्यो के नाम पर भ्रष्टाचारियों के द्वारा बंदरबांट किया गया। अगर ईमानदारी से कार्य किए जाते हैं तो डोंगरगढ़ आज चमन होता। वहीं दूसरी ओर जानकार बताते हैं कि केंद्र सरकार के द्वारा राशि जारी होते ही भ्रष्ट नेताओ व ठेकेदारों में ड्रीम प्रोजेक्ट का काम लेने प्रतिस्पर्धा होगी। सभी भ्रष्टाचारी अपने जुगाड़ में लग गये हैं। कहीं ऐसा न हो कि कमीशनखोरी के चक्कर में ड्रीम प्रोजेक्ट पर घटिया स्तर का कार्य करवाया जाए।

---

**साक्षी अब नगर की प्रवीण्य सूची में प्रथम स्थान पर काबिज हो गई**

## नगर की शान साबित हुई साक्षी व रितु पुनर्मुल्यांकन से संशोधित हुई प्रवीण्य सूची

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगाँव नगर
www.dailypioneer.com




नगर में मानव समाज कल्याण एवं शिक्षण समिति द्वारा संचालित अग्रणी शिक्षण संस्थान भारतीय पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल ने सन 2020 के हाईस्कूल स्कूल परीक्षा में पुनः अपना परचम लहराया है। स्कूल की होनहार छात्रा साक्षी साहू व रितु देवांगन ने पुनर्मुल्यांकन के नतीजे उपरांत नगर में क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान पर काबिज हो गई हैं।

दोनो ही छात्राओं को संस्कृत विषय पर विशेष दक्षता के अंक हासिल हुए हैं। भारतीय पब्लिक स्कूल से अधिकारिक जानकारी मुताबिक संस्था अंतर्गत हाईस्कूल परीक्षा में कक्षा 10 वीं की छात्रा साक्षी साहू पिता संतोष कुमार साहू ने मुख्य परीक्षा में 93 फीसदी अंक हासिल की थी। साक्षी को संस्कृत विषय में सिर्फ 54 अंक प्राप्त हुआ था, उक्त प्राप्तांक से असंतुरूट छात्रा को पुर्नमुल्यांकन से संस्कृत में 70अंक प्राप्त हुआ। उक्त अंक से अब छात्रा के कुल प्राप्तांक 95.66 फीसदी हो गए।

साक्षी अब नगर की प्रवीण्य सूची में प्रथम स्थान पर काबिज हो गई हैं। इसी तारतम्य में स्कूल की छात्रा रितु देवांगन पिता लीलाधर देवांगन को भी मुख्य परीक्षा के संस्कृत विषय मे सिर्फ 57 अंक प्राप्त हुआ था। रितु ने पुर्नमुल्यांकन उपरांत संस्कृत में 70अंक प्राप्त किया। अंततः रितु देवांगन के कुल प्राप्तांक 94 फीसदी हो गए।

---

## सतर्कता जागरुकता सप्ताह के प्रथम दिवस पर विद्युत कर्मियों ने ली शपथ

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग के क्षेत्रीय मुख्यालय में सतर्कता जागरुकता सप्ताह के प्रथम दिवस पर सभी विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए शपथ ली, कि जीवन के सभी क्षेत्रों में ईमानदारी तथा कानून के नियमों का पालन करते हुए हमेशा रिश्वत के खिलाफरहेंगे तथा सभी कार्य जनहित में ईमानदारी तथा पारदर्शी रीति से करेंगे। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन के आदेशानुसार दिनांक 27 अक्टूबर 2020 से 02 नवंबर 2020 तक ''सतर्कता जागरुकता सप्ताह'' के रुप में मनाया जा रहा है।

**कार्यालय नगर पंचायत डोंगरगांव, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

Email - npdongargaon@gmail.com Fax- 07745-271639

**मैनुअल पद्धति निविदा सूचना**

क्रमांक/1478/न.पं./लो.नि.वि./2019-20 डोंगरगांव दिनांक-27.10.2020

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से एस.एल.आर.एम. सेन्टर में 14 नग सीमेंट पिट निर्माण कार्य हेतु आकलित राशि **रु. 1.39** लोक निर्माण विभाग के भवन/सड़क एसओआर 01.01.2015 से प्रभावशील से संशोधित दर पर मुहरबंद निविदा पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| | | |
|---|---|---|
| 01) आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय | 06.11.2020 | अपरान्ह 4.00 बजे तक |
| 02) निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की तिथि एवं समय | 10.11.2020 | अपरान्ह 5.00 बजे तक |
| 03) निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि एवं समय | 12.11.2020 | अपरान्ह 3.00 बजे तक |
| 04) निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 12.11.2020 | अपरान्ह 4.00 बजे तक |

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है तथा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in/UADTenderUploader/HomeReports.aspx# से अवलोकन किया जा सकता है। आनलाईन निविदा स्वीकार नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत, डोंगरगांव**

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव**

**:: ईश्तहार ::**

रा.प्र.क्र. 202009092200021-09
अ/6 वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुकेश साहरे आ. राजेन्द्र साहरे जाति महार एवं अन्य 01 निवासी वार्ड नंबर 07 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि अनावेदिकागण रीना आ. धरमदास जाति महार एवं अन्य 02 निवासी गणेश वार्ड नं. 08 डोंगरगढ़ के स्वामित्व व हक की भूमि नजूल शहर डोंगरगढ़ स्थित भूमि शीट क्रमांक 07 भूखण्ड क्रमांक 2270/7 क्षेत्रफल 750 वर्गफीट भू भाटक 2.00 रुपये भूमि को पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से दिनांक 16.10.2020 को आवेदकगण द्वारा क्रय किया गया है। उक्त भूमि का अनावेदिकागण का नाम विलोपित कर आवेदकगण के नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 16.11.2020 के पूर्व स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेश कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार**
**डोंगरगढ़**

**न्यायालय तहसीलदार छुरिया के न्यायालय में मामला क्रमांक**

202009090200012/202009090200012

**मामले की श्रेणी-राजस्व**

**विषय :- अ-6** **सन :- 2019-2020**
**छुरियाकला प.ह.नं. 00020 (441/6(0.0080 हे.)**

पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार - भरत पटेल
अनावेदक पक्षकार- घांसीराम

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भरत पटेल पिता योगीराम पटेल जाति मरार निवासी ग्राम हालेकोसा तहसील छुरिया द्वारा न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि ग्राम छुरिया प.ह.नं. 6 तहसील छुरिया स्थित कृषि भूमि खसरा नं. (रकबा) 441/6 (0.0080 हे.) विक्रेता घासीराम पिता मनराखन जाति कुम्हार निवासी ग्राम छुरिया तहसील छुरिया के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज है. उक्त भूमि को आवेदक द्वारा विक्रेता से दिनांक 01.02.2019 को पंजीकृत बैनामा के माध्यम से उप पंजीयक कार्यालय छुरिया से क्रय किया गया है जिसके आधार पर उक्त भूमि को आवेदक द्वारा अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किए जाने का निवेदन किया गया है. आवेदन पत्र के साथ पंजीकृत बैनामा की छायाप्रति पेश किया गया है.

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई तिथि 29.10.2020 को उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति स्वयं/वकील/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14.10.2020 को जारी किया जाता है।

मुहर

**राधेश्याम बंजारे (तहसीलदार)**
**छुरिया (छ.ग.)**

## क्विक न्यूज

### शिक्षक पंजीयन-निष्ठा ऑनलाइन प्रशिक्षण अब दो नवम्बर से

**बिलासपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 26 अक्टूबर से प्रारंभ होने वाला 'निष्ठा' ऑनलाइन प्रशिक्षण अब दो नवम्बर से प्रारंभ होगा। प्रशिक्षण में कक्षा पहली से 8वीं तक के शिक्षक और शाला प्रमुख शामिल होंगे। निष्ठा ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए शिक्षक एक नवम्बर तक अपना पंजीयन करा सकते हैं।राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के संचालक राहुल डी. वेंकट ने प्रशिक्षण के संबंध में सभी जिला शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य और सभी जिला परियोजना समन्वयकों को प्रशिक्षण आयोजन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए हैं। निष्ठा ऑनलाइन प्रशिक्षण के प्रथम तीन माड्यूल का दो नवम्बर से दीक्षा पोर्टल पर प्रारंभ किया जाएगा। शिक्षक अपना पंजीयन दीक्षा पोर्टल पर एक नवम्बर तक करा सकते है। कक्षा पहली से 8वीं तक के छत्तीसगढ़ राज्य के एक लाख 34 हजार 599 शिक्षकों और शाला प्रमुखों का क्षमता संवर्धन और नेतृत्व गुणों का विकास किया जाना है।

# गोवा में बैठकर खेला रहे थे सट्टा ,पुलिस ने दबिश देकर अलग शहरों से पांच सटोरियों को दबोचा

- **नगदी रकम सहित, मोबाइल एल ई डी सहित 50 50 लाख की सट्टा पट्टी बरामद**

पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com







अन्य राज्य में बैठकर सट्टा खेलाने वाले खाईवालों को बिलासपुर पुलिस ने गोआ एवं दुर्ग में दबिश देकर नगद रकम - लाखों की सट्टा पट्टी के साथ गिरफ्तार किया।

मिली जानकारी के अनुसार बिलासपुर पुलिस द्वारा लगातार आईपीएल क्रिकेट मैच में हार जीत का दाव लगाने और सट्टा खिलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जारी है । बिलासपुर पुलिस द्वारा पिछले एक माह में कुल 33 प्रकरणों में 52 सटोरियों के विरुद्ध कार्रवाई कर लगभग 4.5 लाख रकम और करोड़ो की सट्टा पट्टी बरामद की गई है । ।

मुखबीर से पुलिस को सूचना मिली कि शहर के कुछ लोग राज्य के बाहर जाकर क्रिकेट सट्टा का संचालन कर रहे हैं जानकारी पर बिलासपुर पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल के द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश कश्यप नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली निमेंश बरैया नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाइन आर एन यादव को शहर के बाहर अपने कारनामे को अंजाम देने वाले शातिर सटोरियों पर नकेल कसने एक टीम गठित करने का निर्देश दिया । उपनिरीक्षक मनोज नाइक के नेतृत्व में एक सयुंक्त टीम गठित कर फिल्मी अंदाज में सट्टा खेलाने वालो को पकड़ने गोआ में दबिश दी जहां तीन लोगों पुलिस के गिरफ्त में आये , पुलिस को इस दौरान सूचना मिली कि इन्हें के अन्य साथी गोवा से भागकर दुर्ग के देवांगन लाज में छुपकर अपने कारनामे को अंजाम दे रहे हैं । बिलासपुर पुलिस ने यहां भी दबिश दे दो सटोरियों को धरदबोचा , गोआ और दुर्ग से पकड़ाये इन सटोरियों के पास से लाखों की सट्टा पट्टी नगदी रकम में मोबाइल बरामद की गई । जिनके विरुद्ध थानां सिविल लाइन के अपराध क्रमांक 736/20 और थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्रमांक 232/20 में जुआ एक्ट की कार्रवाई की गई। दोनों कार्रवाई में गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में 17 नवम्बर को पेश किया जाएगा।

### आरोपियों के नाम

1.राजेश गांधी पिता स्व.किशन लाल गांधी उम्र 45 वर्ष निवासी दयालबंद थाना सिटी कोतवाली बिलासपुर
2.अमन गांधी पिता राजकुमार गांधी उम्र 24 वर्ष निवासी दयालबंद थाना सिटीकोतवाली बिलासपुर
3.महेंद्र पटेल पिता बिहारीलाल उम्र 26 वर्ष निवासी बड़े फिरैनी थाना कोतवाली कटनी

### दुर्ग से लाये गए

04 राजा उर्फ राजेश बजाज पिता किशन बजाज उम्र 29 वर्ष साकिन आर के नगर सरकंडा बिलासपुर
05. महेश कमलानी पिता स्वर्गीय खेमचंद कमलानी उम्र 40 वर्ष साकिन आरके नगर सरकंडा बिलासपुर
**जप्त सामाग्री-** 7 मोबाइल, 50-50 लाख की 02 अलग अलग सट्टा पट्टी, 54 हजार नगदी रकम एलईडी।

# अवैध शराब पर आशीष उप्पल व उनकी टीम की कार्रवाई



पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com

सहायक आयुक्त आबकारी मंजूश्री कसेर के निर्देशन पर कल आबकारी वृत्त रायगढ़ शहर में पंजरी प्लांट निवासी किशोर साहू पिता बोधराम उम्र 44 वर्ष द्वारा अवैध रूप से ओड़िसा प्रान्त की मदिरा विक्रय की शिकायत मिलने पर रायगढ़ शहर प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक आशीष उप्पल के नेतृत्व में छापामार कारवाई की गई।

जहां 10 नग हंटर बीयर 6.50बल्क लीटर और 7 नग किंग फिशर बीयर 4.55बल्क लीटर और 10 नग मैकडावल नंबर 1 कुल 1.80 बल्क लीटर मदिरा कुल 12.85 बल्क लीटर ओड़िसा प्रान्त की विदेशी मदिरा के संज्ञान आधिपत्य में आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) क 34(2) 59(क) का अजमानतीय अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जिला न्यायालय में पेश कर रिमांड लेकर जेल दाखिला किया गया।

आबकारी वृत्त रायगढ़ दक्षिण के ग्राम मचिदा के सनातन भोई और ग्राम टिनमिनी के बोधराम को सार्वजनिक स्थान पर मदिरापान करने पर आबकारी अधिनियम की धारा 36(च) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। उपरोक्त कारवाई में रायगढ़ शहर प्रभारीआबकारी उपनिरीक्षक आशीष उप्पल, आबकारी आरक्षक शिवकुमार वैष्णव, जितेश नायक, श्रीकांत, प्रभुवन, वाहन चालक अशोक की टीम शामिल रही।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में अशर्फी देवी महिला अस्पताल संचालन समिति की बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com

कलेक्टर भीम सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को अशर्फी देवी महिला अस्पताल संचालन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक मे कलेक्टर भीम सिंह ने अस्पताल की मूल भावना के अनुरूप पुराने भवन के स्थान पर नए भवन बनने पर महिलाओं के इलाज एवं प्रसव की सुविधा प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्थानीय उद्योगपति संजय अग्रवाल द्वारा पुराने जर्जर भवन के स्थान पर नया भवन बनाने की इच्छा व्यक्त करने पर उन्हें नया भवन निर्माण करने की भी अनुमति प्रदान की। इस भवन में महिलाओं के लिये इलाज की व्यवस्था होगी तथा लेबर रूम सहित प्रसव केन्द्र संचालित किया जाएगा। भवन पूर्ण होने पर महिला रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने अस्पताल परिसर में नए भवन बनाये जाने के दौरान मरीजों और परिजनों के स्वल्पाहार के लिए केन्टीन की व्यवस्था किए जाने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने अस्पताल के लिये एक नई एम्बुलेंस स्थानीय उद्योग के माध्यम से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए और अस्पताल परिसर में रेडकास दवाई दुकान प्रारंभ करने की स्वीकृति प्रदान की। कलेक्टर भीम सिंह ने रेडक्रास समिति को दवाईयों के बकाया भुगतान करने की स्वीकृति प्रदान की। उन्होंने अस्पताल के प्रभारी डॉ. पटेल को पिछले 6 माह में अस्पताल में प्राप्त होने वाली राशि तथा अस्पताल संचालन एवं प्रभारी चिकित्सक तथा स्टाफ को प्रदाय किए जाने वाले वेतन पर व्यय की गई राशि का पूर्ण विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिससे अस्पताल संचालन और प्राप्त राशि का आंकलन कर वेतन बढ़ाये जाने का निर्णय आगामी बैठक में लिया जाएगा। कलेक्टर भीम सिंह ने अस्पताल परिसर के बाहर अतिक्रमण हटाने के लिये एसडीएम रायगढ़ को निर्देशित किया। जिससे बाहर से आने वाले वाहनों तथा मरीजों के आवागमन में सुविधा हो।

बैठक में अस्पताल के प्रभारी डॉ. रूपेन्द्र पटेल ने जानकारी दी कि अस्पताल में प्रतिमाह 1.25 लाख से 1.5 लाख रुपये तक कुल आय प्राप्त होती है जिसमें से 60 से 70 हजार रुपए तक अस्पताल संचालन में व्यय हो जाते हैं।

# दशहरा पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com



नगर में बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक पर्व दशहरा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया,, वही दशहरे पर भी कोरोना की स्पस्ट छाया नजर आई,, प्रशासन द्वारा जारी निर्देशो के कारण बी आर साव स्थित दशहरा मैदान में लोगो की भीड़ बीते वर्ष की तुलना में कम नजर आई। ज्ञात हो कि नवरात्र एवं दशहरा त्यौहार को ले कर जिला प्रशासन ने निर्देश जारी किया था जिसमे बढ़ते कोरोना का हवाला देते हुए ज्यादा भीड़ न हो इसके लिये संख्या निर्धारित कर दी गई थी,, वही मिली जानकारी के अनुसार कोरोना विस्फोट होने की स्थिति में समिति की जिम्मेदारी होगी। इन जगहों पर हुआ रावण दहन - नगर के बी आर साव ग्राउंड, बड़ा बाजार, एवं रेस्ट हाउस मैदान में रावण दहन किया गया,, मुगेंली मे वर्षो से रावण दहन की कार्यक्रम होता रहाहै इस बार मे ऐसा लगने लगा था था की दसहरा उत्सव का कार्यक्रम नही होगा करके पर दशहरा उत्सव समिति ने परंपरा का निर्वाह करते हूए सीमित रुप मे किये दशहरा उत्सव समिति मे प्रमुख रुप से राणा प्रताप सिहं ठाकुर रामकुमार जायसवाल सुनील पाठक संजय जायसवाल कनहैया वैष्णव संतुलाल सोनकर मोहन मल्लाह शैलेष पाठक हेमेंद्र गोस्वामी अनिल सोनी अरविंद वैष्णव दीनानाथ केशरवानी गिरीष शुक्ल मोहन भोजवानी अमितेश आर्य राघवेंद्र सिंह सज्जाद खान भुपेन्द्र सिंह धनराज सिंह आशीष मिश्रा संजय वर्मा आदि लोग थे दशहरा उत्सव समिति के सदस्य ने प्रशासन नगर पालिका पुलिस प्रशासन आम जनता का आभार किया । वही रेस्ट हाउस मैदान में राम दसहरा उत्सव समिति दाऊपारा द्वारा रावण दहन किया गया, जिसमे आत्मा सिंह क्षत्रिय,राकेश पात्रे,लक्ष्मी छदिया,संजय यादव, असद,राजा माणिक,वैभव ताम्रकार,संतोष सिंह क्षत्रिय, आरुष सिंह , परवेज,सूरज, टीपू,प्रितेश आर्य, सोनू चक्रधारी,अमन तिवारी, सुरेंद्र यादव,मिंटू खान,राधू गंधर्व, उपस्थित रहे।

# सच्चे जनसेवक का जाना एक अपूरणीय क्षति : धरमलाल

पायनियर संवाददाता ◀ पथरिया
www.dailypioneer.com

नेता प्रतिपक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक धरमलाल कौशिक भाजपा नेता शेषनारायण यादव के पिता स्वर्गीय भागबली यादव के दशगात्र कार्यक्रम में शामिल हुये , इस अवसर पर कौशिक ने कहा स्वर्गीय भागबली यादव जनसंघ से भाजपा के सच्चे कार्यकर्ता रहे, वे कुशल सेवक एवं ज्योतिष शास्त्र के ज्ञाता रहें, उन्होंने अपने ज्ञान से क्षेत्रवासियों को प्रकाशित किया निश्चित ही असामयिक हम सबके बीच से उनका इस तरह चले जाना एक अपूरणीय क्षति है जिसे पूर्ण नहीं की जा सकती श्री कौशिक ने दिवंगत यादव को परमपिता परमेश्वर अपने चरणों में स्थान दे ऐसी कामना करते हुए परिवार जनों को ढांढस बंधाया। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री निश्चल गुप्ता,गोपाल डडसेना,गणेश सोनी, रघुनंदन कर्मारक, घनश्याम वर्मा,जगदीश वर्मा, सुखदेव वर्मा, इंन्द्रजीत यादव, नीतिश सिंह यादव, रजत यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### लोकवाणी में बालक-बालिकाओं की पढ़ाई, खेलकूद, भविष्य आदि विषय पर होगी बात

**मुंगेली।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लोकवाणी में इस बार बालक-बालिकाओं की पढ़ाई, खेलकूद, भविष्य आदि विषय पर प्रदेशवासियों से बात करेंगे। इस संबंध में 16 वर्ष से कम आयु के बालक-बालिकाएं आकाशवाणी रायपुर के दूरभाष नंबर 0771-2430501, 2430502, 2430503 पर 28, 29 एवं 30 अक्टूबर को अपरान्ह 3 से 4 बजे के बीच फोन करके अपने सवाल रिकॉर्ड करा सकते हैं।

# होम आइसोलेशन की निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श से अब तक लगभग 400 लोग लाभान्वित : अशोक

- **राजधानी रायपुर के लोगों के लिए चल रही है होम आइसोलेशन में चिकित्सीय परामर्श की निशुल्क सुविधा**

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com

मानव सेवा ही परम सेवा हैं, परोपकार से बड़ा कोई पुण्य नहीं. आज जब पूरी दुनिया एक भयानक महामारी से जूझ रही हैं, तब ऐसे में मनु पुत्र भी अपने मानव मूल्यों के साथ इस पर विजय पाने हेतु संघर्षशील हैं.मानवता के ध्वजवाहक के रूप मे छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन अपने सशक्त कदम बढ़ाते हुए चल रहा हैं,

उक्ताशय के उद्गार व्यक्त करते हुए,संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष रामदास अग्रवाल एवं महामंत्री अशोक अग्रवाल ने बताया कि, ष्ट्श1द्वस्र -19 नामक महामारी की इस घनघोर अंधेरी रात मे अग्रवाल संगठन एक प्रकाशपुंज की भाँति अडिग खड़ा है, लोगों की सेवा में लगातार तत्पर है , मार्च के महीने से ही जरूरतमंदों को श्री अग्रसेन अन्नपूर्णा पैकेट के माध्यम से रायपुर शहर के चारों तरफ़ राशन सामग्री का वितरण हो चाहे ज़रूरत मंद लोगों को बने हुए भोजन के पैकेट का वितरण हो ,तत्पश्चात् इस महामारी से उबरने में नि◌ शुल्क चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराने का ज़िम्मा हो, संगठन के सदस्यों ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा हर कार्य में अग्रणी रहकर अपना दायित्व निभाया है। कोर्डिनेटर डा. जितेंद्र सराफ, डा. विवेक लाट, डा. चंदन अग्रवाल ने बताया कि, महामारी से उत्पन्न संक्रमण से रोकथाम बाबत् छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से राजधानी में स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव के मुख्य आतिथ्य में ऑनलाइन ब्रोसर का विमोचन करते हुए इस होम आइसोलेशन की निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श सेवा को प्रारंभ किया गया, जहाँ इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि बृजमोहन अग्रवाल सहित अग्रवाल समाज के राष्टीय कार्यकारी अध्यक्ष सियाराम अग्रवाल, रायगढ़ से प्रांतीय अध्यक्ष रामदास अग्रवाल, दुर्ग से प्रमुख सलाहकार जयदेव सिंघल एवं समस्त पदाधिकारी गण मौजूद थे,जहॉ संस्था के महामंत्री अशोक अग्रवाल ने विस्तार पूर्वक सभी विषयों की जानकारी दी व सभा मे मौजूद कोर्डिनेटर के रूप मे डा. जितेंद्र सराफ, डा. विवेक लाट, डा. चंदन अग्रवाल ने महामारी से बखूबी निपटने बावत योजनाओं का मुल्यांकन किया.उनके इस कालजयी संघर्ष मे अग्रवाल संगठन का हर अंग अपनी पूरी क्षमता से कार्यरत है।

# घर में घुसकर महिला के साथ छेड़खानी और मारपीट करने वाले आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



महिला अपराधों को लेकर पुलिस की संवेदनशीलता के बावजूद अपराधियों के हौसले कम होने का नाम नहीं ले रहे। एक तरफ पूरा देश जिस वक्त शक्ति आराधना में लीन था उसी शक्ति रूपा महिला के साथ छेड़खानी की घटनाएं भी इस दौरान होती रही। 32 वर्षीय महिला अपने घर के सामने कपड़े सुखा रही थी तभी वहां राजेंद्र नगर निवासी प्रभाकर ठाकरे उर्फ जिगरी पहुंच गया और महिला के साथ अश्लील हरकत करने लगा। पहले तो उसने गंदे गंदे कमेंट किये और मना करने पर छेड़खानी पर उतारू हो गया। जब महिला ने उसे ऐसा करने से रोका तो गुस्से में प्रभाकर ठाकरे ने महिला के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान बदनियति से उसने महिला के कपड़े भी फाड़ डाले ।अपनी मां के साथ हो रही बदसलूकी को देखकर महिला की 11 वर्षीय बेटी बीच बचाव के लिए आई तो आरोपी ने उसे भी पीट दिया। जिसकी रिपोर्ट सिविल लाइन थाने में दर्ज कराई गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तुरंत आरोपी के ठिकाने पर दबिश दी। पुलिस को देखकर 45 वर्षीय प्रभाकर छिपने की कोशिश करने लगा लेकिन पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर ही लिया। इस मामले में पुलिस ने संवेदनशीलता दिखाते हुए जिस तरह से त्वरित कार्यवाही की है ऐसी ही कार्रवाई से ऐसे बदमाशों के हौसले पस्त होंगे।

# जिला खनिज संस्थान न्यास के शासी परिषद की बैठक में 12 करोड़ 84 लाख से अधिक राशि की विकास और निर्माण कार्यो का अनुमोदन

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com



प्रदेष के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री टी.एस. सिंहदेव की अध्यक्षता में आज जिला कलेक्टोरेट स्थित स्वान कक्ष में जिला खनिज न्यास संस्थान के षासी परिशद की बैठक संपन्न हुई। बैठक विडियों कांफ्रेसिंग के माध्यम से संपन्न हुई। जिले के प्रभारी मंत्री श्री सिंह देव की अध्यक्षता में आयोजित षासी परिशद की बैठक में जिला खनिज संस्थान न्यास के तहत 12 करोड़ 84 लाख 30 हजार रूपये की राषि के उच्च प्राथमिकता और अन्य प्राथमिकता के विभिन्न विकास और निर्माण कार्यो का अनुमोदन किया गया। जिले के प्रभारी मंत्री श्री सिंहदेव के निवास कार्यालय में आयोजित विडियों कांफ्रेसिंग में कलेक्टर पी.एस.एल्मा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती नुपूर राषि पन्ना तथा जिला कलेक्टोरेट स्थित स्वान कक्ष से षासी परिशद के पदेन सदस्य जिला पंचायत के अध्यक्ष श्रीमती लेखनी सोनू चंद्राकर और लोरमी विधानसभा क्षेत्र के विधायक धर्मजीत सिंह, षासी परिशद के सदस्य श्रीमती अंबालिका साहू के अलावा जिले के पुलिस अधीक्षक अरविंद कुजूर, वन मण्डलाधिकारी आर.एस. दुग्गा, अपर कलेक्टर राजेश नसीने सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जिले के प्रभारी मंत्री सिंहदेव ने शासी परिषद के सभी सदस्यों को दषहरा और दीपवाली पर्व की बधाई देते हुए कहा कि जिले के खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास के लिए 12 करोड़ 84 लाख 30 हजार रूपये की विकास एवं निर्माण कर्यो का अनुमोदन किया गया है। इस राशि से खनिज प्रभावित क्षेत्रों का समन्वित विकास होगा जो जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धि होगी। उन्होंने कहा कि पूर्व में जिले में खनन गतिविधियों से प्रभावित 20 गांवों को ही शामिल किया गया था अब और खनन गतिविधियों से प्रभावित 45 नवीन गांवों को भी षामिल किया गया है। इन गांवों में विकासखण्ड मुंगेली के ग्राम दुलहीनबाय, रेंहुटा, संगवाकापा, बरईदरहा, फंदवानी, विकासखण्ड लोरमी के ग्राम ढोलगी, डिंडौल और विकासखण्ड पथरिया के ग्राम रामबोड़, सलफ, ककेड़ी, लोहदा, उमरिया, खपरी स, सांवा, धूमा, बारगांव, दरूवनकापा, ठेलकी, बासीन, मदकू, गंधीरवाडीह, बरछा, पूंछेली, खपरी (लौदा), अमलडीहा, नगपुरा, सांवतपुर, चुनचुनिया और मोतिमपुर शामिल है।

## किसान स्पेशल ट्रेन महाराष्ट्र, छत्तीसगड़ ,बिहार व पश्चिम बंगाल राज्यों को जोड़ेगी

# छिंदवाड़ा-हावड़ा-छिंदवाड़ा के मध्य एक फेरे के किसान रेल की सुविधा फल और सब्जी के ट्रासंपोर्ट शुल्क में मिलेगी 50 प्रतिशत की छूट

पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



रेलवे द्वारा किसानों की मदद करने तथा देश भर में कृषि उत्पादों की तेज ढुलाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किसान रेल चलाई जा रही है। किसान रेल द्वारा कृषि उत्पाद देश के एक कोने से दूसरे कोने तक आसानी से व न्यूनतम भाड़े के साथ पहुंचाई जा रही है । किसान रेल एक सुरक्षित, विश्वसनीय और तेज परिवहन प्रदान करता है जो किसानों और कारोबारियों के लिए उनके उत्पादों की अच्छी कीमत दिलाने में भी मददगार साबित हो रहा है। इसी संदर्भ में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा दिनांक 28 अक्टूबर को नागपुर मंडल के छिंदवाड़ा स्टेशन से हावड़ा स्टेशन तक 18 कोचों के संयोजन के साथ किसान स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है जो महाराष्ट्र, छत्तीसगड़ ,बिहार व पश्चिम बंगाल राज्यों को जोड़ेगी। वापसी में यह गाड़ी 29 अक्टूबर को हावड़ा स्टेशन से छिंदवाड़ा स्टेशन के लिए रवाना होगी 7 किसानों के हित में चलाई जा रही इस किसान रेल में सब्जी व फल के परिवहन के भाड़े में 50 फीसदी की रियायत दी जा रही है। सहायक वाणिज्य प्रबन्धक एस भारतीयन तथा वाणिज्य निरीक्षकों की टीम मंडी जाकर किसानों व व्यापारियों के साथ बैठक कर उन्हें विस्तृत जानकारी दे रहे हैं साथ ही किसान रेल के माध्यम से सब्जी व फल के परिवहन हेतु उन्हें प्रेरित कर रहे हैं। इस सुविधा से किसान कम लागत पर अपने उपज नए संभावित मार्केट तक भेज सकेंगे, जिससे वे आर्थिक रूप से लाभान्वित होंगे। किसान रेल के माध्यम से सब्जी व फल का परिवहन करने वाले किसान अथवा व्यापारी बिलासपुर पार्सल आफिस या मुख्य वाणिज्य निरीक्षक निशीथ कुमार पाण्डेय से मोबाइल नं 7869964376 पर संपर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। गाड़ी संख्या 00883 किसान रेल छिंदवाड़ा से 28 अक्टूबर 2020 को 05.00 बजे प्रस्थान करेगी तथा सौसर आगमन 06.25 बजे प्रस्थान 06.55 बजे, सावनेर आगमन 07.25 बजे प्रस्थान 07.55 बजे, इतवारी आगमन 09.00 बजे प्रस्थान 13.00 बजे, गोंदिया आगमन 14.55 बजे प्रस्थान 15.15 बजे, राजनांदगांव आगमन 16.35 बजे प्रस्थान 16.45 बजे, दुर्ग आगमन 17.25 बजे प्रस्थान 17.45 बजे, रायपुर आगमन 18.25 बजे प्रस्थान 18.45 बजे पहुंचेगी।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने 172.83 मिलियन टन माल ढुलाई का लक्ष्य किया पूरा

पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को वर्तमान वित्तीय वर्ष में 172.83 मिलियन टन माल ढुलाई का लक्ष्य दिया गया है, जिसे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अपने समर्पित रेलकर्मियों के प्रयासों से काफी सफलता के साथ लगातार लक्ष्य प्राप्ति की ओर अग्रसर है। कोरोना जैसी विषम परिस्थिति के बावजूद भी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने लदान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता कायम रखते हुए बेहतर कार्य किया । आपदा को अवसर में बदलते हुए न केवल रिकार्ड के मैंटेनेंस कार्य हुए बल्कि अधोसंरचना के लिए कार्य भी तीव्र गति से किया गया । इस वित्तीय वर्ष -2020-21 के 01 अप्रेल से 25 अक्टूबर तक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने 92.62 मिलियन टन माल लदान कर चुका है, यह विगत वित्तीय वर्ष 2019-20 के 01 अप्रेल से 25 अक्टूबर तक लदान में 92.48 मिलियन टन लदान से कही ज्यादा है । समय एवं परिस्थिति के मद्देनजर यह आंकड़ा बेहद महत्वपूर्ण एवं आशाजनक है । सबसे महत्वपूर्ण बात यह है की पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में अपने लोडिंग परफॉर्मेंस को संदर्भित तिथि तक पार करने वाला यह समस्त जोनो में प्रथम रेलवे बन गया है । औसत दृष्टि से देखे तो पिछले वर्ष में 01 अप्रेल से 25 अक्टूबर तक लदान का औसत 6564 वैगन प्रति दिन रहा जबकि वर्तमान वित्तीय वर्ष में यह औसत 6596 वैगन प्रति दिन है। महाप्रबन्धक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने तीनों रेल मंडलो के अपने सभी कर्मचारियो एवं अधिकारियों को इसके लिए शुभकामनाएँ दी एवं बेहतर कार्य के लिए प्रोत्साहित किया।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जगदलपुर में रखेंगे झीरम शहीद मेमोरियल भवन की आधारशिला

## मुख्यमंत्री बस्तर संभाग को देंगे 562 करोड़ 77 लाख रूपए से अधिक के विकास कार्यों की सौगात

**158 कार्यों का लोकार्पण और 224 कार्यों का होगा शिलान्यास**

**82 हजार से अधिक हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत सामग्री का होगा वितरण**

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बुधवार 28 अक्टूबर को जगदलपुर के लालबाग में झीरम शहीद मेमोरियल भवन की आधारशिला रखेंगे। मुख्यमंत्री जगदलपुर प्रवास के दौरान बस्तर संभाग को 562 करोड़ 77 लाख रुपए से अधिक के विकास कार्यों की सौगात देंगे। श्री बघेल यहां विश्वप्रसिद्ध बस्तर दशहरा के मुरिया दरबार कार्यक्रम में शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार 28 अक्टूबर को राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड से पूर्वान्ह 11.45 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर 12.50 बजे जगदलपुर पहुंचेंगे और सिरहासार भवन में आयोजित मुरिया दरबार कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 2 बजे झीरम घाटी शहीद मेमोरियल भवन का भूमिपूजन और अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम के बाद श्री बघेल शाम 4.05 बजे रायपुर लौट आएंगे।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जगदलपुर के लालबाग में झीरम शहीद मेमोरियल भवन की आधारशिला रखेंगे। यह स्मारक लगभग दो करोड़ की लागत से बनाया जाएगा।

श्री बघेल बस्तर संभाग को 562 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों की सौगात भी देंगे। इनमें 196 करोड़ 76 लाख रुपए से अधिक के 58 विकास कार्यों का लोकार्पण और 360 करोड़ 89 लाख रुपए से अधिक के 224 विकास कार्यों के भूमिपूजन शामिल है। कार्यक्रम में श्री बघेल 82 हजार 235 हितग्राहियों को 512 लाख रुपए से अधिक के हितग्राहीमूलक सामग्री का वितरण करेंगे। मुख्यमंत्री बस्तर संभाग के जिन कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे उनमें बस्तर जिले में 35 करोड़ 15 लाख रुपए के 18 विकास कार्यों का लोकार्पण और 104 करोड़ 48 लाख से अधिक राशि के 31 कार्यों का भूमिपूजन करेंगे।

इसके साथ ही दंतेवाड़ा के 161 करोड़ 60 लाख रुपए से अधिक के 140 विकास कार्यों का लोकार्पण और 107 करोड़ 32 लाख रुपए से अधिक के 125 कार्यों, कांकेर जिले के 69 करोड़ 33 लाख रुपए से अधिक के 33 कार्य, कोंडागांव जिले के 35 करोड़ 72 लाख रुपए से अधिक के 18 कार्य, सुकमा जिले के 39 करोड़ 26 लाख रुपए से अधिक के 15 कार्य और नारायणपुर जिले के 4 करोड़ 39 लाख रुपए से अधिक के एक विकास कार्य का भूमिपूजन शामिल है।

## लोकतंत्र को कलंकित करने वाले दल बदलुओं को सबक सिखाएं : रिजवी

**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के मीडिया प्रमुख, मध्यप्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व उपमहापौर तथा वरिष्ठ अधिवक्ता इकबाल अहमद रिजवी ने जागरूक मतदाताओं को आगाह करते हुए कहा है कि आगामी 3 नवम्बर को देश भर में बड़ी संख्या में उपचुनाव तथा बिहार में विधानसभा चुनाव सम्पन्न होने जा रहे हैं। इन चुनावों में मतदाताओं को महत्वपूर्ण भूमिका निभाना हैं तथा उन्हें ऐसे दल के प्रतिनिधि को चुनना है जो देश की एकता, अखंडता एवं सौहार्द की अलख जगाकर स्वार्थी दल बदलुओं को सिरे से नकारने की प्रतिज्ञा लेते हुए सेक्यूलर दल के नुमाईन्दों को ही चुने तथा छ्ल, चीटिंग एवं विश्वासघाती दल बदलुओं को खारिज करें क्योंकि दल बदलुओं ने अपने दल एवं क्षेत्र विशेष के मतदाताओं को स्वार्थ सिद्धी के लिए धोखा देकर भा.द.सं. की धारा 417 एवं 420 का अमानवीय अपराधिक कृत्य किया है। खासतौर से मध्यप्रदेश की चुनी हुई सरकार को गिरा कर दल बदलुओं ने अक्षम्य कृत्य किया है।

# भाजपा प्रदेश प्रवक्ता केदार कश्यप का नारायणपुर में हुआ जोरदार स्वागत

## छग प्रदेश प्रवक्ता बनने बाद प्रथम बार हुआ नारायणपुर आगमन



पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रवक्ता बनने के बाद प्रथम नारायणपुर नगर आगमन पर पूर्व मंत्री श्री केदार कश्यप का जोरदार स्वागत हुआ, प्रथम नारायणपुर आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जबरदस्त स्वागत किया गया। सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता एकत्रित हुए संगठन के निर्देशानुसार कार्यकर्ताओं ने मास्क एवं सोशल डिस्टेंसिंग का और ध्यान रखा।बता दें कि श्री केदार कश्यप प्रदेश प्रवक्ता बनने के पश्चात प्रथम बार नगर आगमन को लेकर जिला अध्यक्ष बृजमोहन देवांगन ने सभी कार्यकर्ताओं को प्रशासन की गाइड लाइन के अनुसार सभी निर्देशों का पालन करते हुए आमंत्रण किया था। जिसमे पूर्व मंत्री के नगर आगमन पर कार्यकर्ताओं ने गर्म जोशी के साथ मे छेड़ीबेड़ा से बेनूर और गढ़बेंगाल चौक से भाजपा कार्यालय नारायणपुर तक तक जगह जगह भेंट कर बाइक रैली निकालकर स्वागत किया गया पूर्व मंत्री एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता केदार कश्यप ने सभी कार्यकर्ताओं का स्नेह



पूर्ण धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

# राजधानी में चाकूबाजी में घायल युवक इलाज के दौरान मौत, परिजनों ने थाना पहुंच किया हंगामा



पायनियर संवाददाता < रायपुर/राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

राजधानी रायपुर में नशे के चलते पिछले 3 दिनों में चाकूबाजी की 3 बड़ी घटनाएं सामने आई है जिसमें से अब 2 लोगों की मौत हो चुकी है ब दो घायल व्यक्तियो का अस्पताल में इलाज जारी है।

मामला पंडरी थाना क्षेत्र का है जब एक वसूली गैंग के मुख्या रवि उर्फ गैंडा व मोहन सोनी द्वारा पंडरी के झंडा चौक के पास पहले अमित गाइन नाम के युवक को चाकू मारा गया उसके बाद अनीश मसीह को भी रोक कर उससे 10 ह?ार रुपयों की लूट कर 4 नशेड़ी युवकों ने उस पर चाकू से वार किया। अमित की आज इलाज के दौरान मौत हो गई व अनीश मसीह का मेकाहारा अस्पताल में इलाज जारी है। परिजनों ने देर शाम पंडरी थाना पहुंच पुलिस पर आरोप लगाया कि पहले तो उन्हें देवेंद्र नगर थाना में जानकारी के अभाव में बैठाकर समय बर्बाद किया जिसके बाद पंडरी थाना पुलिस टीम को इस पूरी घटना की जानकारी देने के बावजूद घायल युवक अमित का बयान लेने के लिए 3 दिनों से कोई भी पुलिस अधिकारी नहीं पहुंचा। फिलहाल आरोपियों की धरपकड़ की कोशिश पुलिस टीम कर रही है,वही खमतराई में भी हुए चाकूबाजी की घटना के बाद एक युवक की लाश मिली थी जिसकी गुत्थी पुलिस ने 24 घंटे के भीतर सुलझा ली। आमानाका थाना क्षेत्र अंतर्गत भी हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है जहां घायल युवक का इलाज चल रहा है।

## स्वास्थ्य विभाग ने 196 नवनियुक्त चिकित्सा अधिकारियों के पदस्थापना आदेश जारी किया

**रायपुर।** स्वास्थ्य विभाग ने 196 नव नियुक्त चिकित्सा अधिकारियों के पदस्थापना आदेश आज जारी कर दिए हैं। मंत्रालय से आज जारी आदेश के अनुसार इन अधिकारियों को नियुक्ति तिथि से 15 दिनों के अंदर कार्यभार ग्रहण करना होगा अन्यथा उनका नियुक्ति आदेश स्वतः निरस्त माना जाएगा। इन चिकित्सा अधिकारियों की पदस्थापना प्रदेश के विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों,जिला अस्पतालों आदि में की गई है। इनका वेतनमान मेट्रिक्स लेवल 12 ,वेतन बैंड 15600-39100 ग्रेड वेतन 5400 होगा एवं परीविक्षा अवधि 2 वर्ष की रहेगी।

जारी आदेश में कहा गया है कि उपर्युक्त नियुक्तियां उच्च न्यायालय बिलासपुर में विचाराधीन याचिका क्रमांक 591/2012 में न्यायालय द्वारा पारित किए जाने वाले निर्णय के अध्यधीन होगीं। इन नियुक्तियों में आरक्षण के नियमों का पालन किया गया है। विस्तृत जानकारी के लिए स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट सीजीहेल्थ डाट एनआईसी डाट इन का अवलोकन किया जा सकता है।

# मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना प्रयास आवासीय विद्यालयों के लिए प्रवेश परीक्षा 5 नवंबर को

पायनियर संवाददाता < रायपुर/कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना प्रयास आवासीय विद्यालयों में 5 नवम्बर को प्रवेश परीक्षा होगी। शैक्षणिक सत्र 2020-21 की कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का आयोजन 5 नंवबर को (सुबह 10.30 से दोपहर 1.00 बजे तक) पूर्व में निर्धारित परीक्षा केन्द्र क्रमांक-01 शासकीय कन्या उमावि कोण्डागांव, परीक्षा केन्द्र क्रमांक-02 सरस्वती शिशु मंदिर उमावि कोण्डागांव व परीक्षा केन्द्र क्रमांक-03 शासकीय उमावि तहसीलपारा कोण्डागांव पर आयोजित होगी। इस क्रम में कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए सभी परीक्षार्थी मास्क लगाकर ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करेंगे। ज्ञात हो कि पूर्व में यह परीक्षा 14 सितंबर को निर्धारित की गई थी। लेकिन अपरिहार्य कारणों से उक्त परीक्षा की तिथि में संशोधन किया गया। इसके अलावा शेष शर्तें यथावत् रहेंगी।

# रायपुर और दुर्ग स्टेशन से किसान रेल की सुविधा, फल और सब्जी के भाड़े में मिलेगी 50 प्रतिशत की छूट

पायनियर संवाददाता < रायपुर-पटना
www.dailypioneer.com

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की ओर से 28 अक्टूबर को नागपुर मंडल के छिंदवाड़ा स्टेशन से हावड़ा स्टेशन तक 18 कोचों के संयोजन के साथ किसान स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। जो महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, बिहार व पश्चिम बंगाल राज्यों को जोयेगी। वापसी में यह गाड़ी 29 अक्टूबर को हावड़ा स्टेशन से छिंदवाड़ा स्टेशन के लिए रवाना होगी। किसानों के हित में चलाई जा रही इस किसान रेल में सब्जी व फल के परिवहन के भाड़े में 50 फीसदी की रियायत दी जा रही है। इस संबंध में किसानों व व्यापारियों को विस्तृत जानकारी दी जा रही है। साथ ही किसान रेल के माध्यम से सब्जी व फल के परिवहन के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस सुविधा से



किसान कम लागत पर अपने उपज नए संभावित मार्केट तक भेज सकेंगे। इससे वे आर्थिक रूप से लाभांवित होंगे। किसान रेल के माध्यम से सब्जी व फल का परिवहन करने वाले किसान या व्यापारी रायपुर, दुर्ग पार्सल ऑफिस या मुख्य वाणिज्य निरीक्षक पार्सल से मुख्य पार्सल सुपरवाइजर रायपुर 9752877967 और चीफ पार्सल सुपरवाइजर दुर्ग से 9109112682 से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।



# ग्रामीणों ने मनाया भव्य दशहरा उत्सव

पायनियर संवाददाता < कुम्हारी

निकटवर्ती आदर्श ग्राम पहंदा (अ) में ग्रामीणों ने सार्वजनिक दसहरा उत्सव भव्य रूप से मनाया कोरोना काल के इस दौर में अभाव में भी सुंदर उत्साहपूर्ण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ ग्रामीणों द्वारा सार्वजनिक रूप से बाजार चौक पर दशहरा का आयोजन कर बालकृष्ण मानस मंडली द्वारा रामायण पाठ किया गया। आयुष ,आर्यन और कान्हा द्वारा श्री राम लक्षण और हनुमान का मंचन कर रामलीला की गई ,पश्चात अहंकारी रावण का पुतला दहन किया गया। असत्य पर सत्य,अन्याय पर न्याय,की जीत का पर्व धूमधाम से मनाया गया इस अवशर पर जिला पंचायत सदस्य मोनू साहू सरपंच मोहन साहू उपसरपंच सुरेंद्र साहू,बुधरु पाल ,विश्वकर्मा प्रकाश यदु,भेनु साहू,रितेश यदु,रोसन यदु,करण अर्जुन नितेश हितेश कृष्णकुमार,राजेश्वर साहू, आदि आयोजन कर्ताओ के द्वारा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## संघ ने मनाया स्थापना दिवस एवं विजयदसमी पर्व

**कुम्हारी।** नगर में वार्ड क्रमांक 15 भगत सिंह शाखा स्थल पर संघ का स्थापना दिवस एवं विजयदशमी पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया स्वयंसेवकों का परिचय शाखा की घटनाएं स्वयंसेवक प्रांत के कार्यकर्ता अवधेश दुबे ने कराया क्योंकि विजयदशमी पर्व पर उद्बोधन जिले के सहकार व सुनील पटेल ने दिया कार्यक्रम में नगर के सभी स्वयंसेवक उपस्थित थे, उक्त अवसर पर परंपरा अनुसार पूर्व वर्षो की भांति शस्त्र पूजन भी किया गया।

# राजधानी के देवेंद्र नगर तिराहा से एक्सप्रेस वे तक सिक्स लेन सड़क बनाने का रास्ता साफ

**सीएस मंडल ने कलेक्टर, कमिश्नर के साथ खड़े होकर तोड़वाई दुकानें**

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



स्टेशन रोड के देवेंद्र नगर तिराहे को एक्सप्रेस वे तक सिक्स लेन सड़क बनाने के लिए जिला प्रशासन ने सड़क किनारे दर्जन भर से अधिक दुकानों को बुलडोजर से ढहा दिया।

दुकानों को तोड़ने के दौरान चीफ सिकरेट्री आरपी मंडल, कलेक्टर एस भारतीदासन और नगर निगम कमिश्नर सौरभ कुमार मौजूद थे। दुकानों को तोड़ने के बाद सड़क चौड़ी देख इलाके के विधायक और हाउसिंग बोर्ड चेयरमैन कुलदीप जुनेजा भी हैरान रह गए। उन्होंने कहा कि कल्पना नहीं थी कि इस सड़क की इस तरह चौड़ीकरण कराई जा सकती है। ज्ञातव्य है, एक्सप्रेस वे तो बन गया था। लेकिन, देवेंद्र नगर से किसी को अगर एक्सप्रेस वे तक पहुंचने वाली सड़क सकरी थी। फोर लेन सड़क होने के बाद भी दुकानों के बेजा कब्जा के कारण कई बार जाम की स्थिति बन जाती थी।

# टाटा मोटर्स नवरात्रि पर लाया आकर्षक ऑफर्स, 70 हजार रुपये तक का मिलेगा लाभ

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

भारत के प्रमुख ऑटोमोटिव ब्रैंड, टाटा मोटर्स ने नवरात्रि के इस सीजन में उपभोक्ताओं की खुशियों को दोगुना करने के लिए फाइनेंस के आकर्षक विकल्पों की घोषणा की है। कंपनी ने स्टेप अप स्कीम के तहत चुनिंदा मॉडल की कारों पर 70 हजार रुपये तक के लाभ के साथ काफी कम ईएमआई की घोषणा की है, जो प्रॉडक्ट और वैरिएंट पर निर्भर करेगी।

यह प्रति 1 लाख रुपये पर 750 रुपये की सबसे कम ईएमआई के साथ हर महीने से शुरू होगी। इन कारों पर 100 फीसदी रोड फाइनेंसिंग और दूसरे ऑफर्स के साथ 7 वर्ष तक ईएमआई के भुगतान की सुविधा उपलब्ध है।

टाटा मोटर्स भारत की सबसे सुरक्षित यात्री गाड़ियों को उनके घर ले जाने में उपभोक्ताओं की लगातार मदद कर रहा है, जिससे कहीं भी आने-जाने के लिए व्यक्तिगत गाड़ी के मालिक बनने में सक्षम हो सकें। टाटा मोटर्स की न्यू फॉरएवर रेंज की ऑल्ट्रोड, टियागो, टिगोर, हैरियर और नेक्सन जैसी कारें अब और अधिक सुलभ हो जाएंगी। ग्राहकों के लिए आसान फाइनेंसिंग के विकल्प, अफोर्डेबल ईएमआई और लंबी अवधि तक चलने वाले लोन की सुविधा 31 अक्टूबर 2020 तक उपलब्ध है।




# जिसके भीतर में साधुता नहीं वह जिनशासन में नहीं : साध्वी सम्यकदर्शना

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी एमजी रोड के साधना-आराधना चातुर्मास में शाश्वत नवपद ओली की आराधना के अंतर्गत मंगलवार को पंचम दिवस विशेष प्रवचन करते हुए परम पूज्य साध्वी सम्यकदर्शनाजी महाराज साहब ने कहा कि आज हम नवपद के पंचम साधु पद की आराधना कर रहे हैं। पंचपरमेष्ठी में पहुंचने का द्वार साधु पद ही है। अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय बनने से पूर्व साधु जीवन, संयम जीवन को धारण करना अनिवार्य है। साधु करूणा के सागर होते हैं, वे पांच इंद्रियों के विषयों को जीतकर संयम का पालन करने वाले हैं। हमें ऐसे साधु पद की आराधना का सौभाग्य मिला है जिनका स्थान पंच परमेष्ठी में है। संयम की साधना में अपना जीवन व्यतीत करते हुए साधु अपने कषायों को कृष अर्थात पतला करके अरिहंत के नजदीक पहुंचता है। गृहस्थ जीवन जीते हुए भी जिनशासन के उपासक वह है जिसके भीतर में साधुता होती है अर्थात् साधु बनने की भावना होती है। जिनमें साधु बनने की भावना ही नहीं है तो उनका स्थान जिनशासन में नहीं है।

पूज्य साध्वी भगवंत ने आगे कहा कि धर्मोपासक वह कहलाता है जो प्रतिदिन यह भावना करता है कि मेरा स्थान भी एक पंच परमेष्ठी में आ जाए। मैं इस मानव जीवन में आया हूं तो साधना करके मुझे भी साधु पद को पाना है, क्योंकि साधु बने बिना मोक्ष नहीं है। ऐसी भावना भाएं कि वर्तमान में मैं गृहस्थ जीवन में हूं, मेरे चारित्र मोहनीय कर्म का प्रबल उदय है और मेरा प्रबल पुरूषार्थ नहीं है इसीलिए मैं साधु नहीं बन पा रहा हूं, परंतु भीतर से मुझे साधुता को ग्रहण करना है। मुझे सफलता, संयम जीवन, सिद्धी यह धर्म पुरूषार्थ से ही प्राप्त होगी। मुझे संसार की वस्तुओं के राग का त्याग और पांच इंद्रियों के विषयों पर नियंत्रण कर साधु बनना है। परमात्मा के शासन के प्रति, देव-गुरू और धर्म के प्रति अटूट श्रद्धा का होना, यही तो सम्यक दर्शन है। जिसे संसार के विषय-कसायों को भोगते हुए भी स्वयं पर ग्लानी या दुख न हो तो उसे दुष्ट चित्त वाला कहा गया है। दुष्ट चित्त व्यक्ति को साधना करने से, धर्म करने से रोकता है। जो पश्चाताप के द्वारा कषायों को अल्प बना लेता है, उसे ही संसार के विषयों की आसक्ति से मुक्ति प्राप्त होती है।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2018-20, दूरभाष नंबर 0771, 2972403